


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 207 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.2, 2079 मंगलवार, 11 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सुरक्षाबलों ने लश्कर के 2 आतंकियों को मार गिराया

जम्मू/श्रीनगर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। यहां तंगपावा इलाके में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। पुलिस और सुरक्षाबलों का जॉइंट ऑपरेशन अभी भी जारी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, अभी भी कुछ आतंकियों के छिपे होने की आशंका है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद रविवार शाम तंगपावा की तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान घेरा सख्त होने पर छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। एडीजीपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी लश्कर से जुड़े थे।

## आज सैफई में मुलायम का अंतिम संस्कार

### पीएम मोदी ने गुजरात जनसभा में 7 मिनट याद किया कहा उनका आशीर्वाद अमानत की तरह साथ




लखनऊ/नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने सुबह 8 बजकर 16 मिनट पर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। 82 साल के मुलायम यूरिन इन्फेक्शन के चलते 26 सितंबर से मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल पर मुलायम के निधन की जानकारी दी। मुलायम की पार्थिव देह सैफई ले जाई जा रही है, जहां मंगलवार को दोपहर 3 बजे उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। यूपी में 3 दिन का राजकीय शोक रहेगा।

मुलायम को 2 अक्टूबर को ऑक्सीजन लेवल कम होने के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। उन्हें यूरिन में इन्फेक्शन के साथ ही ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ गई थी। बाद में उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया था।

**मोदी ने कहा, उनके विचार जानने को हमेशा तत्पर रहता था**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। लिखा, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मेरी कई बार मुलायम सिंह यादव जी से बातचीत हुई। हमारा करीबी जुड़ाव चलता रहा और मैं हमेशा ही उनके विचार जानने के लिए तत्पर रहता था। मुलायमजी के निधन से मुझे दुख है। उनके परिवार और लाखों समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाए हैं।

**गुजरात की जनसभा में पीएम मोदी ने सबसे पहले मुलायम को याद किया**

नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के भरुच में जनसभा कर रहे थे। यहां भी उन्होंने सबसे पहले मुलायम सिंह यादव को याद किया। कहा, मुलायमजी का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मेरा मुलायमजी के साथ नाता विशेष प्रकार का रहा। हम दोनों मुख्यमंत्री के तौर पर मिला करते थे, वे भी और मैं भी दोनों के प्रति एक अपनत्व का भाव अनुभव करते थे। 2014 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के लिए चुना तो मैंने विपक्ष में अपने परिचित लोगों को फोन करके आशीर्वाद लिया था। उस दिन मुलायमजी का वह आशीर्वाद, सलाह के दो शब्द आज भी मेरी अमानत हैं।

## जेपी और लोहिया के आदर्शों के लिए मुलायम ने किया जीवन समर्पित : पीएम मोदी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा संस्थापक और संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का प्रमुख सैनिक बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन को अपने लिए पीड़ादायक बताते हुए उनके परिवार और लाखों समर्थकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

उन्होंने विभिन्न अवसरों पर मुलायम सिंह यादव के साथ ली गई अपनी कई तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सिलसिलेवार कई ट्वीट किए। नेता जी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह यादव के साथ अपनी कई तस्वीरों को शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, मुलायम सिंह यादव एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें एक विनम्र और जमीन से जुड़े नेता के रूप में व्यापक रूप से सराहा गया, जो लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील थे। उन्होंने लगन से लोगों की सेवा की और लोकनायक जयप्रकाश और डॉ. लोहिया के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 'शहरी नक्सलियों' को युवाओं का जीवन बर्बाद करने नहीं देंगे : पीएम



अहमदाबाद, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपनी तीन दिवसीय गुजरात यात्रा पर चल रहे पीएम मोदी का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी आज भरूच जिले के आमोद में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।

उन्होंने इसके तहत देश के पहले बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया। संबोधन में सबसे पहले पीएम मोदी ने दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव को याद किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जाना देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। मुलायम जी के साथ मेरा नाता विशेष प्रकार का रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात 'शहरी नक्सलियों' को राज्य के युवाओं का जीवन बर्बाद नहीं करने देगा। पीएम मोदी ने गुजरात में नक्सलियों को न घुसने देने के लिए आदिवासियों की भी तारीफ की। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि किस तरह कई राज्यों में नक्सलियों ने युवाओं को हथियार थमाकर उनका भविष्य बर्बाद किया। पीएम ने कहा कि अर्बन नक्सलियों के पीछे विदेशी ताकतें हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने जब 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें स्थान पर थी और अब यह पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

अब भरूच, बड़ौदा या सूरत के एयरपोर्ट पर निर्भर नहीं रह सकता, अब भरूच का अपना एयरपोर्ट होना चाहिए, इसलिए अंकलेश्वर में नया एयरपोर्ट बनाने का आज शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से इतना व्यापार-कारोबार होने के बाद अब जब एयरपोर्ट मिल रहा है, तो विकास को एक नई गति और एक नई उड़ान मिलने वाली है।




## पीएमएलए कोर्ट से अनिल देशमुख को राहत, निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति मिली



मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को एक अस्पताल में इलाज की अनुमति मिल गई है। देशमुख ने पीएमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी कि उन्हें एक निजी अस्पताल में इलाज की अनुमति दी जाए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल देशमुख को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था। तब से वह मुंबई की ऑर्थर रोड जेल में हैं। उन्हें नवंबर, 2021 में देशमुख को गिरफ्तार कर लिया गया था जिसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने अनिल देशमुख पर उगाही के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था।

**गलत तरीके से धन अर्जित करने का आरोप :**

ईडी के अनुसार देशमुख ने मुंबई के विभिन्न बार और रेस्तरां से करीब 4.7 करोड़ रुपये एकत्र किए। इसके साथ ही आरोप है कि देशमुख ने गलत तरीके से अर्जित धन को नागपुर स्थित श्री साईं शिक्षण संस्थान को मुहैया कराया, जो उनके परिवार के जरिए नियंत्रित एक शैक्षिक ट्रस्ट है। उनपर पिछले साल मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने मार्च में आरोप लगाया था कि देशमुख (जो उस समय राज्य के गृह मंत्री थे) ने पुलिस अधिकारियों को शहर के रेस्तरां और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपये लेने का लक्ष्य दिया था।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस एस के कौल और जस्टिस अभय की पीठ ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए पूछा कि क्या ये कोर्ट का काम है। ऐसी याचिकाएं क्यों दायर करते हैं, जिन पर हम जुर्माना लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। आप अदालत आ गए हैं तो, क्या कानून को अनदेखा किया जाए। किसका मौलिक अधिकार प्रभावित हुआ है, जो आपने अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर की है। आप लोग ऐसी याचिकाएं क्यों दायर करते हैं। सुप्रीम कोर्ट में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग वाली याचिका एनजीओ गोवंश सेवा सदन ने दायर की थी।

## 'ममता सरकार सरेंडर कर चुकी बंगाल में सेंट्रल फोर्स भेजिए'

कोलकाता, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गृह मंत्री अमित शाह और राज्यपाल एलए गणेशन को पत्र लिखकर मोमिनपुर में हिंसा और एकबालपुर थाने में तोड़फोड़ के बाद वहां केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती की मांग की है। दरअसल कोलकाता के मोमिनपुर में दो समुदायों के बीच ईद मिलादुन्नबी के दिन विवाद हो गया था। विवाद के बाद एक समूह के लोगों ने हिंसा के विरोध में रविवार को एकबालपुर पुलिस स्टेशन का घेराव कर तोड़-फोड़ की थी।

**चिट्ठी में सुवेंदु ने क्या लिखा :**

अधिकारी ने लिखा है कि लक्ष्मी पूजा की पूर्व संध्या पर कोलकाता के खिदिरपुर मोमिनपुर इलाके में हिंदू समुदाय पर हमले हुए हैं। हिंसा में गुंडों और असामाजिक तत्वों ने हिंदुओं की कई दुकानों और बाइकों में तोड़फोड़ की। अधिकारी ने लिखा, ये हमले उसी तरह हैं जैसे जून में हावड़ा जिले के उलुबेरिया इलाके में हुए थे। उस समय हिंसा पूरे पश्चिम बंगाल में फैल गई थी, खासकर नादिया और मुर्शिदाबाद जिलों में।

ममता सरकार पर निशाना साधते हुए अधिकारी ने कहा, सरकार ने हिंसा में शामिल लोगों के सामने नम्रतापूर्वक आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ बदमाशों ने एकबालपुर थाने पर कब्जा कर लिया। मुझे आशंका है कि, पश्चिम बंगाल सरकार इस बार भी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि वे एक खास समुदाय से हैं। इस बार भी यह हिंसा पूरे राज्य में फैल सकती है।




SHOWROOMS: TELANGANA: HYDERABAD: RENAULT Attapur Mob: +91 9311340914, RENAULT AS Rao Nagar Mob: +91 9289208861, RENAULT Banjara Hills Mob: +91 7428892716, RENAULT Begumpet Mob: +91 9311733972, RENAULT Himayatnagar Mob: +91 8527234238, RENAULT Hitech City Mob: +91 9311733970, RENAULT Kompally Mob: +91 9667945858, RENAULT Kukatpally Mob: +91 7067322620, RENAULT LB Nagar Mob: +91 9311700671, RENAULT Malakpet Mob: +91 9667949393. ADILABAD: RENAULT Adilabad Mob: +91 9311733981. GADWAL: RENAULT Gadwal Mob: +91 9311700674. KAMAREDDY: RENAULT Kamareddy Mob: +91 9311399673. KARIMNAGAR: RENAULT Karimnagar Mob: +91 9582305983. KHAMMAM: RENAULT Khammam Mob: +91 8527234093. KOTHAGUDEM: RENAULT Kothagudem Mob: +91 7428439271. MAHABUBABAD: RENAULT Mahabubabad Mob: +91 9311341235. MAHBUBNAGAR: RENAULT Mahbubnagar Mob: +91 7799766431. MANCHERIAL: RENAULT Mancherial Mob: +91 9582571953. METPALLY: RENAULT Metpally Mob: +91 9289125188. MIRYALGUDA: RENAULT Miryalguda Mob: +91 7428439406. NALGONDA: RENAULT Nalgonda Mob: +91 7428439437. NIZAMABAD: RENAULT Nizamabad Mob: +91 9311700672. SATHUPALLY: RENAULT Sathupally Mob: +91 8130499615. SHADNAGAR: RENAULT Shadnagar Mob: +91 9311700675. SIDDIPET: RENAULT Siddipet Mob: +91 8527235114. SURYAPET: RENAULT Suryapet Mob: +91 8130311149. VIKARABAD: RENAULT Vikarabad Mob: +91 9311733961. WANAPARTHY: RENAULT Wanaparthy Mob: +91 9311700676. WARANGAL: RENAULT Warangal Mob: +91 9311700673. ZAHIRABAD: RENAULT Zahirabad Mob: +91 9311733977.

### शिमला पहुंची सोनिया गांधी, बेटी प्रियंका के साथ छराबड़ा में बनाएंगी रणनीति



शिमला, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रियंका गांधी के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनिया गांधी भी अपनी बेटी के घर छराबड़ा पहुंच गई हैं। सोनिया गांधी सुबह चंडीगढ़ से सड़क मार्ग होते हुए शिमला पहुंची हैं। प्रियंका गांधी चार अक्टूबर से शिमला में अपने घर पर छुट्टियां मना रही हैं। पहले 10 अक्तूबर को सोलन में प्रियंका गांधी की रैली रखी गई थी लेकिन खराब मौसम के चलते इसको बदलकर अब 14 अक्तूबर को रखा गया है। इसी बीच सोनिया गांधी भी शिमला में बेटी के साथ रहने आई हैं। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है।

# यूपी से अलग राज्य 'उत्तराखंड' नहीं चाहते थे मुलायम

## मुजफ्फरनगर गोली कांड का दर्द नहीं भूले राज्य आंदोलनकारी



देहरादून, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का आज सोमवार को निधन हो गया। यूपी से अलग होकर नए राज्य की स्थापना के पक्ष में मुलायम शुरू से नहीं रहे थे। उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों के दिलों में यह दर्द हमेशा ही रहेगा कि मुख्यमंत्री रहते मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान 02 अक्टूबर 1994 को मुजफ्फरनगर गोली कांड जैसे वीभत्स घटना हुई थी। इस गोलीकांड में उतराखंड की मांग करने वाले कई राज्य आंदोलनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं गईं थी, और इस गोलीकांड में कई आंदोलनकारियों की मौत भी हुई थी। पुलिस की लाठचार्ज के बाद कई आंदोलनकारियों की गंभीर चोटें भी आईं थीं। आंदोलनकारियों का कहना है कि लोहिया आंदोलन में संघर्ष करने वाले मुलायम सिंह ने कभी भी मुजफ्फरनगर की घटना के लिए प्रायश्चित नहीं किया और ना ही कभी उन दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की पहल की।

हैरानी थी बात थी कि कई साल गुजरने के बाद भी मुलायम की ओर से इस गोलीकांड के लिए माफी भी नहीं मांगी गई। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के सपा नेता मुलायम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा ये उनके जीवन का कड़वा अध्याय था। मुलायम सिंह ने रक्षामंत्री होते हुए वेतन वृद्धि कर सेना के दिल में जगह बनाई थी।

वहीं, पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर उन्होंने कौशिक समिति का गठन कर गैरसैंण को स्थापित करने बात कर एक बेहतरीन पहल भी की थी। दूसरी ओर, मुजफ्फरनगर कांड की घटना इसके ठीक उलट कार्य उनके शासनकाल में हुआ। यही कारण था कि आज तक समाजवादी पार्टी देवभूमि में कभी भी अपना वजूद नहीं बना पाई। प्रदीप कुकरेती ने कहा कि व्यक्ति के जाने के बाद कड़वे और मीठे अनुभव को जनमानस याद रखता है।

### आर्मी भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कर रहे थे 28 मुन्नाभाई, गिरफ्तार

चेन्नई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेन्नई के नंदमबक्कम इलाके में भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित की गई परीक्षा में 28 मुन्नाभाईयों को पकड़ा गया है। ये सभी ब्लूटूथ का इस्तेमाल कर परीक्षा में धांधली कर रहे थे। आपको बता दें कि नंदमबक्कम के एक स्कूल में आर्मी की ग्रुप सी श्रेणि की परीक्षा में एक हजार उम्मीदवारों ने भाग लिया। परीक्षा पर्यवेक्षकों को कुछ ऐसे लोगों पर शक हुआ जो असहज लग रहे थे। पर्यवक्षों ने शक के आधार पर इन परीक्षार्थियों की गहन जांच की। जांच के दौरान उन्होंने पाया कि वे परीक्षा में नकल करने के लिए ब्लूटूथ तकनीक का इस्तेमाल कर रहे थे। पर्यवेक्षकों ने 28 लोगों को धोखाधड़ी करते हुए पकड़ा। उन्हें नंदमबक्कम पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ एससी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। ये याचिका मनी लॉन्ड्रिंग मामले को दूसरे जज के पास ट्रांसफर करने से जुड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस याचिका पर सुनवाई करेगा। जैन ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को दी है चुनौती। दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट ने 1 अक्टूबर को दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।



पीठ ने कहा था कि सवाल उस न्यायाधीश की ईमानदारी नहीं है, जिसके पास से मामला स्थानांतरित किया गया था, बल्कि विरोधी पक्ष (प्रवर्तन निदेशालय) के मन में आशंका का है। पीठ ने कहा कि तथ्यों से पता चलता है कि ईडी ने न केवल पूर्वाग्रह की आशंका को बरकरार रखा है, ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि उसकी आशंका कमजोर या तर्कसंगत है।

28 सितंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान जैन ने अदलात में कहा था कि ईडी देश पर राज कर रही है और ऐसे में न्यायपालिका को एक न्यायाधीश की रक्षा के लिए खड़ा होना पड़ता है। ईडी के अनुरोध मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में जैन की जमानत याचिका समेत अन्य कार्यवाही को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरण करने की मांग को सत्र न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया था। प्रमुथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार गुप्ता ने जैन के मामले को विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल की अदालत से विशेष न्यायाधीश विकास ढुल की अदालत में स्थानांतरित कर दिया था।

## दिल्ली फिर शर्मसार, 3 साल की मासूम से किशोर ने किया दुष्कर्म

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के करोल बाग इलाके में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर 13 साल के नाबालिग को पकड़ लिया है। घटना बीते गुरुवार की है। जानकारी के अनुसार, रजनी (परिवर्तित नाम) पति एवं दो बच्चों के साथ करोल बाग इलाके में रहती है। गुरुवार शाम को रजनी आठ साल के बेटे और तीन साल की बच्ची को घर में छोड़कर बाजार गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला किशोर उनके घर में आया। उसने बेटे को दूसरे कमरे में भेज दिया और बच्ची से दुष्कर्म किया। जब रजनी घर लौटी तो उसने बच्ची के कपड़ों में खून देखकर बेटे से पूछा तो उसने पूरी बात बता दी। फिर रजनी ने पति को घटना की सूचना दी। इसके बात पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

**पिता पर अश्लीलता करने का आरोप**

वहीं, दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में नाबालिग लड़की ने अपने पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया है। नाबालिग ने बताया कि उसका पिता उनकी मां के घर से जाते ही उससे छेड़छाड़ करता है। पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बच्ची ने बताया कि उसकी मां काम करती है, जबकि पिता अक्सर घर पर ही रहता है। मां के जाते ही उसका पिता अपने कपड़े उतार लेता है और अश्लील हरकतें करता है और उसके साथ मारपीट करता है। पिता घर में बिना कपड़ों के सोता है, उसकी मां विरोध करती है तो उसकी भी पिटाई करता है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बंगाल सरकार को बदलना पड़ा बांग्ला मातृ योजना का नाम

कोलकाता, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। आखिरकार बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ममता ममता बनर्जी सरकार ने केंद्रीय फंड पाने के लिए बांग्ला मातृ योजना के नाम को बदलने का फैसला लेना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को आश्वासन दिया है कि बांग्ला मातृ प्रकल्प का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना किया जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार को इसके एवज में मिलने वाली केंद्रीय राशि भी मिल गई है। जानकारी के अनुसार, केंद्र ने राज्य सरकार को इस योजना के तहत 160 करोड़ रुपये जारी किया है।

**ममता ने बदला था नाम**



गर्भवती महिलाओं को वित्तीय मदद प्रदान करने के लिए केंद्र की योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना का नाम ममता सरकार ने बदल कर बांग्ला मातृ प्रकल्प कर दिया था। इसके चलते केंद्र सरकार ने इस योजना की फंडिंग रोक दी थी। इसके बाद राज्य की गर्भवती महिलाओं को केंद्र की ओर से मिलने वाली वित्तीय मदद मिलनी बंद हो गई थी। इस बीच, राज्य की महिला और शिशु कल्याण विभाग की ओर से केंद्र को पत्र लिखकर बताया गया है कि बंगाल में यह योजना अब प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नाम से ही चलाई जाएगी। इसके बाद केंद्र ने फिर से इस योजना के लिए वित्तीय आवंटन शुरू कर दिया है। बीते शुक्रवार को 160 करोड़ रुपये की किस्त राज्य को मिली है।

**शुभेंदु कर चुके हैं शिकायत**

इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी राज्य सरकार पर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के नाम बदलने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कई बार शिकायत कर चुके हैं।

### उत्तम नगर में बदमाशों ने कपड़ा कारोबारी को मारी गोली, मौके पर मौत

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उत्तम नगर में बेखौफ बदमाशों ने आधी रात को कपड़ा व्यापारी को गोली मार दी। दिल्ली साड़ी हाउस शोरूम के मालिक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 साल के मोहित अरोड़ा के तौर पर हुई है। वे आधी रात को 12.30 बजे अपने भाई के साथ स्कूटी पर दुकान से लौट रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आए दो बाइक सवार ने उन्हें रोका। फिर एक ने उनपर गोली चला दी। बिंदापुर पुलिस स्टेशन को फायरिंग की सूचना दी गई। इस घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें आरोपी बाइक पर जाते हुए दिख रहे हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद एक आरोपी पैदल भागते हुए दिख रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम

## दो जजों ने सर्कुलेशन से जजों के चयन की प्रक्रिया का किया विरोध



नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कहा है कि कॉलेजियम के दो सदस्यों ने जजों के चयन और नियुक्ति की सर्कुलेशन प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश यू।यू। ललित, जो कॉलेजियम के प्रमुख हैं, ने इस महीने की शुरूआत में अपने चार सदस्यों - जस्टिस डी।वाई। चंद्रचूड़, एस।के। कौल, एस। अब्दुल नजीर और के।एम जोसेफ को पत्र लिख कर इस बात पर सहमति मांगी थी कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रविशंकर झा, पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी वी संजय कुमार और वरिष्ठ अधिवक्ता के वी विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति हो।

**दो जजों ने जताई आपत्ति**

शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर 9 अक्टूबर को अपलोड किए गए एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि सीजेआई द्वारा शुरू किए गए प्रस्ताव में जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस के।एम। जोसेफ की सहमति थी। जस्टिस डी। वाई। चंद्रचूड़ और जस्टिस एस। अब्दुल नजीर ने सकुर्लेशन द्वारा जजों के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई। इसलिए, मामले पर कॉलेजियम बनाने वाले न्यायाधीशों के बीच चर्चा की जानी थी।

**30 सितंबर को होने वाली बैठक को कर दिया गया था निरस्त**

7 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय कानून मंत्री से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें सीजेआई से अपने उत्तराधिकारी को 9 नवंबर से पहले नामित करने का अनुरोध किया गया था। कॉलेजियम के सभी सदस्यों द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ऐसी स्थिति में आगे कोई कदम उठाने की जरूरत नहीं है। 30 सितंबर, 2022 को बुलाई गई बैठक में अधूरे काम को बिना किसी विचार-विमर्श के बंद कर दिया गया और बैठक को निरस्त कर दिया गया। कॉलेजियम ने कहा कि 26 सितंबर को हुई बैठक में पहली बार संभावित उम्मीदवारों के निर्णयों को प्रसारित करने और उनकी योग्यता का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उस बैठक में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता के नाम को भी मंजूरी दी गई थी। कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने मांग की थी कि वे अन्य उम्मीदवारों के बारे में निर्णय लें। इसलिए, बैठक को 30 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

**न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ बैठक में नहीं हुए थे शामिल**

कॉलेजियम की बैठक 30 सितंबर को शाम 4 बजे बुलाई गई। चूंकि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ बैठक में शामिल नहीं हुए, इसलिए सीजेआई ने उन्हें एक प्रस्ताव भेजा। उन्होंने कहा, प्रस्ताव को न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति के।एम। जोसेफ ने 1 अक्टूबर और 7 अक्टूबर को उनके संबंधित पत्रों के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त किया। 1 अक्टूबर को अलग-अलग पत्रों द्वारा जस्टिस डी।वाई। चंद्रचूड़ और जस्टिस एस। अब्दुल नजीर ने 30 सितंबर के पत्र में अपनाए गए तरीके पर अन्य बातों के साथ-साथ आपत्ति जताई। इसमें आगे कहा गया है कि जस्टिस चंद्रचूड़ और नजीर के पत्रों में इनमें से किसी भी उम्मीदवार के खिलाफ किसी भी विचार का खुलासा नहीं किया गया था।

## मां पर लगा था नवजात की हत्या का आरोप कोर्ट ने किया बरी; पुलिस नहीं दे सकी सबूत

मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने अपनी नवजात बच्ची की हत्या की आरोपी 34 वर्षीय महिला को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। कल्याण की एक अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शौकत एस गोरवडे ने चार अक्टूबर के अपने आदेश में कहा कि अभियोजन भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत महिला के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा। यह आदेश सोमवार को उपलब्ध हुआ है। अतिरिक्त लोक अभियोजक एस आर कुलकर्णी ने अदालत से कहा कि महिला ने 15 अप्रैल 2018 को एक बच्ची को जन्म दिया था तथा उसे 17 अप्रैल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उसकी पहले से दो बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल 2018 को कल्याण शहर के उंबर्डे गांव की रहने वाली महिला अपने पति तथा नवजात बच्ची के साथ सिविल अस्पताल गई, जहां चिकित्सकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मौत होने की पुष्टि की। खड़कपाडा पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोप लगाया कि महिला ने तीसरी लड़की होने पर बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर पाया कि मृतक बच्ची के गर्दन पर मिले नाखून के निशान आरोपी महिला के थे। उन्होंने कहा, "ऐसा कोई गवाह नहीं मिला जो यह साबित कर सके कि आरोपी ने बच्ची का मुंह और गला दबाया तथा उसकी हत्या की।" अदालत ने कहा कि सबूतों के अभाव में महिला को बरी किया जाता है।

# पात्रा चॉल स्कैम

## संजय राउत को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने 17 अक्टूबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पात्रा चॉल स्कैम मामले में शिवसेना नेता संजय राउत को राहत नहीं मिली है। अब उन्हें 17 अक्टूबर तक जेल में ही रहना होगा। उनकी न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इसी दिन उनकी जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। इससे पहले कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा था। बता दें कि 1 अगस्त को ईडी ने उन्हें वित्तीय अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार किया था। 31 जुलाई को ईडी अधिकारियों ने शिवसेना नेता के कई ठिकानों पर छापा मारा था और उनके साथ ही परिवार से भी पूछताछ की थी। इससे पहले 28 जून को एजेंसी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए समन किया था। आरोप है कि पात्रा चॉल मामले में 1034 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है। संजय राउत की पत्नीका भी नाम इस घोटाले से जुड़ा हुआ है। ईडी ने उन्हें भी पूछताछ के लिए समन भेजा था। राउत महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निकटतम सहयोगी माने जाते है। सूत्रों ने बताया था कि छापे के दौरान ईडी ने उनके घर से 11।50 लाख रुपये कैश जब्त किए थे। पिछले साल अप्रैल में ईडी ने संजय राउत की पत्नी की 11।15 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर ली थी जिसमें दादर का एक फ्लैट भी था। इसके अलावा स्वप्ना पाटकर के साथ साझेदारी में उनकी कुछ जमीनें भी थीं। ईडी का कहना हैकि संजय राउत की पत्नी वर्षा को आरोपी प्रवीण राउत की पत्नी माधवी ने पैसे भेजे थे। दोनों के बीच 1 करोड़ 6 लाख रुपये का लेनदेन हुआ था।

# महाराष्ट्र में 'भारत जोड़ो यात्रा' का स्वागत कर सकते हैं शरद पवार: कांग्रेस सूत्र

मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के महाराष्ट्र में प्रवेश करने पर इसका स्वागत कर सकते हैं। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी है। यह यात्रा नौ नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी सूत्रों ने बताया, ''शरद पवार और उनकी सांसद पुत्री सुप्रिया सुले ने इच्छा जताई है कि वे इस यात्रा का महाराष्ट्र में स्वागत करना चाहते हैं। ऐसे में संभव है कि वे इस यात्रा का स्वागत करें।'' राहुल गांधी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी। इन दिनों यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरुआत में कश्मीर में होगा। इस यात्रा में कुल 3570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।



**कश्मीर तक होगी यात्रा**

पार्टी ने राहुल समेत उन 119 नेताओं को भारत यात्री नाम दिया है, जो पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। कांग्रेस का मानना है कि यह यात्रा उसके लिए संजीवनी का काम करेगी। यात्रा के आरंभ होने से पहले कांग्रेस ने सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों और संगठनों का आह्वान किया था कि वे इस यात्रा का हिस्सा बनें। इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर कन्याकुमारी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन मौजूद थे।

**केरल में यात्रा के दौरान अन्य पार्टी के नेता भी हुए शामिल**

केरल में इस यात्रा में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता शामिल हुए थे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक में इस यात्रा में जनता दल (सेक्युलर) के कुछ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### खंडवा में विवादित नारे लगे गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले- सीडी और रिकॉर्ड की जांच जारी

भोपाल, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। खंडवा में ईदमिलानुद्दबी के जुलूस में विवादित नारे लगने का मामला सामने आया है। इस दावे की पुष्टि के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। जुलूस की सीडी और रिकॉर्ड मंगाए गए हैं। इनकी जांच के बाद ही तय होगा कि आगे की कार्रवाई क्या की जानी है।

## हिसार में जन्म देते ही नहर में फेंकी बच्ची

### सिर और चेहरा गला-सड़ा, हड्डी निकली; डायपर पहना था, 7 दिन बाद तैरता मिला

हिसार, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिटी हरियाणा के हिसार में नहर में नवजात बच्ची का शव मिला। शव सिवानी नहर परियोजना के पंप में फंसा था। यहां नहर में लगे जाल की सफाई करते समय कर्मचारी की नजर शव पर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी। स्याहडवा गांव में सिवानी नहर परियोजना पम्प पर मैकेनिकल हेल्पर के पद पर तैनात कर्मचारी प्रतीक ने पुलिस को बताया कि नहर की सफाई करते एक अज्ञात शिशु का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसको बाहर निकालकर चेक किया तो वह लड़की का था, जो जन्म होने के बाद ही फेंक दिया गया था। शव 6 से 7 दिन पुराना लग रहा था। जिस कारण सिर व चेहरा गला सड़ा हुआ और हड्डी निकली हुई थी डायपर पहना हुआ था। प्रतीक ने बताया कि किसी ने नवजात को जन्म के बाद ही नहर में फेंक दिया। ताकि उसकी की मौत हो जाए और किसी को इसके जन्म का पता ना चले। प्रतीक के बयान पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 315 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मुंबई चुनाव प्रचार करने पहुंचे शशि थरूर

## खड़गे कैम्प पर लगाया कई गंभीर आरोप, गांधी परिवार को लेकर कही ये बात

मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर मैदान में हैं। दोनों अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इसी सिलसिले में शशि थरूर मुंबई में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान इंडिया टीवी से बातचित में शशि थरूर ने खड़गे कैम्प पर कई गंभीर आरोप लगाया। थरूर ने कहा कि- "मेरे नॉमिनेशन पेपर पर सिग्नेचर करने वाले 5-10 लोगों पर दबाव डाला गया। मुझे सोशल मीडिया पर समर्थन करने वालों को दबाया जा रहा है। कांग्रेस में कुछ नेता जो अच्छी पोजिशन में हैं वो बदलाव नहीं चाहते हैं। मुझे चुनाव प्रचार में काफी कठिनाई हो रही है और दूसरा उम्मीदवार आसानी से प्रायवेट जेट में घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। अध्यक्ष कोई भी बने उसे गांधी परिवार को साथ रखना होगा।"

**गांधी परिवार सभी को आशीर्वाद देता है: थरूर**

थरूर ने कहा कि- "मुझे चुनौती पसंद है। हमें जो लिस्ट मिली उसमें कमियां हैं। गांधी परिवार सभी को आर्शिवाद देता है। वो चाहते हैं पार्टी ताकतवर बने। डेलिगेट्स मुझसे मिलकर उत्साहित हैं, मैं बदलाव के लिए खड़ा हूं। कोई भी अध्यक्ष बने अगर वो गांधी परिवार को दूर रखता है तो सही नहीं होगा। राहूल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा को बहुत समर्थन मिल रहा है।"

मैंने लोन लेकर पढ़ाई की: थरूर एलिट उम्मीदवार और आम आदमी का उम्मीदवार मामले को लेकर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- "लोन लेकर मैंने पढ़ाई की। विदेश जाने के लिए प्लेन का टिकट लेने को पैसे भी नहीं थे। अपनी कड़ी मेहनत से मैने जीवन में सबकुछ हासिल किया।" आगे उन्होंने कहा- "कई साल बाद फ्री एंड फेयर चुनाव हो रहे हैं। खड़गे बड़े नेता हैं, वो मेरे दोस्त भी हैं। उनके अंडर में मैंने काम किया है, उनकी जाति मैं क्यों देखूं?"

**थरूर के प्रचार में समर्थकों की संख्या कम**

बता दें, कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के उम्मीदवार शशि थरूर मुंबई में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। एमपीसीसी के 560 और एमआरसीसी ( मुंबई रिजन कांग्रेस कमीटि) के 230 डेलिगेट्स है जो महाराष्ट्र में मतदान करेंगे, लेकिन प्रचार के दौरान महज 20 डेलिगेट्स भी सार्वजनिक रूप से थरूर से नहीं मिले। तमिलनाडू में भी करीब 700 पीसीसी डेलिगेट्स हैं लेकिन वहां भी 20 से कम डेलिगेट्स प्रचार के दौरान थरूर से मिले थे।

सुविचार: जिसे निज गौरव का भान रहता है, वह किसी चीज को मुफ्त पा जाने की अपेक्षा उसे अपने पौरुष से प्राप्त करता है।

## तेलंगाना में 700 करोड़ की लागत से एनिमल वैक्सीन इकाई की स्थापना जल्द : केटीआर



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के उद्योग मंत्री केटी रामाराव ने कहा कि, आईआईएल द्वारा तेलंगाना में 700 करोड़ की लागत से एनिमल वैक्सीन इकाई की स्थापना जल्द की जा रही है। इस संदर्भ में, ग्रेटर हैदराबाद मंत्री कार्यालय में इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल) एमडी आनंद कुमार ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ उद्योग मंत्री केटीआर से मुलाकात की तथा इस प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री केटीआर को बताया कि तेलंगाना के जिनोम वैली में 700 करोड़ की लागत से एक और नई एनिमल वैक्सीन इकाई की स्थापना के लिए निवेश किया जायेगा। इसके चलते मंत्री ने कहा कि, राज्य में जल्द ही प्रमुख कंपनी आयआयएल द्वारा एनिमल वैक्सीन इकाई के स्थापत्य के रूप में एक और बड़ा निवेश किया जा रहा है, जोकि सचमुच ही हर्ष का विषय है।

इस मामले में इस प्रतिनिधि मंडल ने हैदराबाद में उक्त स्थापत्य से संबंधित भारी निवेश के प्रस्तावों के चलते यह भी बताया कि, गच्चीबौली में आयआयएल कंपनी से जुडा पहला एनिमल वैक्सीनेशन प्लांट स्थापित है। इस संयंत्र द्वारा हर साल 300 मिलियन वैक्सीन की उत्पत्ति होती है, पर जिनोम वैली में जल्द ही स्थापित की जानेवाली एक और एनिमल वैक्सीन ईकाइ द्वारा भी हर साल 300 मिलियन वैक्सीन की उत्पत्ति होगी।

साथ ही मंत्री केटीआर ने आगे यह भी बताया कि 700 करोड़ रुपये के भारी निवेश से जिनोम वैली में स्थापित होने वाली इस इकाई से 750 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यही नहीं ग्रेटर हैदराबाद जोकि पहले से ही विश्व में वैक्सीन उत्पत्ति में अग्रणी राजधानी के रूप में जाना जाता है। पर जल्द ही इससे जुडी एक और ईकाइ की स्थापना से वैक्सीन उत्पादन क्षेत्र में निसंदेह ही राज्य के विकास में चार चांद लग जायेंगे।

## पान चबाना पड़ा भारी, आदमी की गई जान

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के गांधीनगर में एक व्यक्ति को पान चबाने की आदत भारी पड़ गई है। पान चबाने से एक व्यक्ति की जान चली गई है। चिंतला आनंद कुमार (42) एक दिहाड़ी मजदूर अपने परिवार के साथ गांधीनगर पुलिस थाने की सीमा के 2बीएचके बंडामैसम्मा नगर में रहता था।

शनिवार की रात करीब ढाई बजे पान खाने के आदी आनंद ने एक स्थानीय दुकान से पान का क्विड खरीदा और उसे चबा रहा था।

वह बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित अपने घर की बालकनी में खड़ा था। पुलिस के मुताबिक आनंद ने बालकनी से जमीन पर थूकने की कोशिश की, लेकिन संतुलन खो बैठा और तीसरी मंजिल से गिर गया। उन्हें सिर में चोट लगी और उन्हें गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पूछताछ के बाद मामला दर्ज किया। जांच चल रही है।

## ऐतिहासिक मीर आलम मंडी का होगा जीर्णोद्धार

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद का सबसे पुराना और सबसे विशाल बाजार, पुराने शहर में मीर आलम मंडी अपनी आभा को बरकरार रखते हुए विकास का स्पर्श पाने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐतिहासिक बाजार को बहाल करने की पहल कुली कुतुब शाह शहरी विकास प्राधिकरण (क्यूक्यूएसयूडीए) द्वारा 10.50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से की जाएगी। लगभग 200 साल पुराने बाजार की बहाली के लिए बोलियां पहले ही आमंत्रित की जा चुकी हैं और काम के लिए एजेंसी के चयन के बाद 18 महीने के भीतर काम पूरा होने की उम्मीद है। नगर प्रशासन और शहरी विकास के एक अधिकारी ने कहा कि निज़ाम-युग के बाजार को उसकी मूल भव्यता में बहाल करने और इसके ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करने के प्रयास जारी थे। परियोजना के एक भाग के रूप में, प्राधिकरण पहले बाजार की संरचनात्मक स्थिरता से संबंधित कार्य करेंगे और अभ्यास के एक भाग के रूप में, यातायात और जनसंख्या घनत्व को ध्यान में रखते हुए मीर आलम मंडी आर्क / कमान को भी मजबूत किया जाएगा।



फाइल फोटो

वर्तमान में, ऐतिहासिक मेहराब अपनी मूल बनावट खो चुका है और एक फीका रूप धारण कर रहा है और कुछ स्थानों पर इसे काट भी दिया गया है। मीर आलम मंडी की खोई हुई महिमा को वापस लाने के लिए, जो कभी एक संपन्न व्यापारिक केंद्र था, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) बाजार और उसके आसपास के विभिन्न स्थानों पर कैच पिट की मरम्मत भी करेगा। सब्जी मंडी में बरसाती पानी के नाले को फिर से तैयार करना, एलईडी से पूरे स्थान को रोशन करना, सड़कों को बहाल करना, और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एक ट्रांसफार्मर स्थापित करना अन्य कार्य हैं जो किए जाएंगे।

बाजार में स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी जाएगी और कई जगहों पर डिब्बे लगाए जाएंगे। जीएचएमसी के एक अधिकारी ने कहा, हम वेंडरों को उन सर्वोत्तम स्वच्छता प्रथाओं के बारे में भी जागरूक करेंगे, जिनमें उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने की क्षमता है।

एमए एंड यूडी के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की उपस्थिति में स्टाल मालिकों के साथ बहाली योजना और डिजाइन अवधारणाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

## मुनुगोडु में भाजपा को वोट मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं : भाकपा

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव कुनामनेनी संबाशिव राव ने आज कहा कि उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भाजपा को मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में आगामी उपचुनाव में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तेलंगाना राज्य से पूरी नफरत है, उन्होंने मोदी की टिप्पणियों को याद करते हुए कहा कि संसद के दरवाज़े बंद करने के बाद अलग तेलंगाना राज्य का गठन किया गया था।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के खिलाफ मोदी की टिप्पणी राज्य के प्रति उनकी नफरत को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य के प्रति अपनी मजबूत नफरत के कारण एपी पुनर्गठन अधिनियम में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने राज्य के भाजपा नेताओं से पूछा कि वे बयाराम स्टील फैक्ट्री, काजीपेटा रेल फैक्ट्री को राज्य को नकारने के बाद उपचुनाव में वोट कैसे मांगते हैं?

## इलाज के लिए पहुंची महिला माओवादी नेता पुलिस के घेरे में

### अन्य पांच माओवादी भी गिरफ्तार, भारी मात्रा में जिलेटिन स्टिक व डेटोनेटर बरामद



वारंगल, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टास्कफोर्स पुलिस आयुक्त ने हनमकोंडा पुलिस के साथ रविवार को यहां पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ राज्य के तीन समर्थकों के साथ प्रतिबंधित भाकपा माओवादी पार्टी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से 50 जिलेटिन स्टिक, 50 डेटोनेटर, 74,000 रुपये नकद, एक कार (बोलेरो), सेल फोन और क्रांतिकारी साहित्य भी बरामद किया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान माओवादी पार्टी के दंडकारण्य साउथ सब-जोन के डॉक्टर टीम कमांडर मदकम उनगी उर्फ कमला (30) के रूप में हुई है, जो छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले के पामेदु तालुक के मुंतमड्डुगु गांव के रहने वाले हैं। असम सोहेन (35), राष्ट्रीय क्षेत्र के दलम सदस्य, भोपालपटमन तालुक के कांडलपार्थी गांव से, मीच अनीता (21), क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ, माओवादियों की एक संबद्ध संस्था, सोहेन, गोड्डी गोपाल, क्रांति पीपुल्स कमेटी (आरपीसी) के एक ही गांव के बीजापुर जिले के वरदल्ली गांव के अध्यक्ष और भोपालपट्टनम तालुक के नल्लमपल्ली गांव के कंडागुर्ला सत्यम शामिल हैं। सोमवार को यहां एक प्रेस नोट में, वारंगल मध्य क्षेत्र के डीसीपी अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस मुलुगु-वारंगल रोड पर अजारा अस्पताल के पास वाहनों की जांच कर रही है, क्योंकि उन्हें माओवादियों की आवाजाही पर विशेष जानकारी मिली है। हमारी पुलिस टीम ने एक वाहन को रोका और कार में विस्फोटक पाया। कार सवार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ के दौरान, उनकी पहचान माओवादी पार्टी के सदस्यों और सहानुभूति रखने वालों के रूप में की गई।

डीसीपी ने कहा कि मदकाम उनगी इलाज के लिए वारंगल पहुंचे और उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच असम सोहेन ने हनमकोंडा में एक अज्ञात व्यक्ति से विस्फोटक सामग्री खरीदी। जब वे छत्तीसगढ़ लौट रहे थे, तब हमने उन्हें पकड़ लिया। अधिकारियों ने कहा कि उंगी महज 15 साल की उम्र में माओवादी पार्टी में शामिल हो गई थीं और उन्हें चिकित्सा सेवा में 15 दिन का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। वह घायल माओवादियों का इलाज करती थी। वह 2017 में चिंतागुफा पीएस सीमा के तहत एक पुलिस दल पर हमले सहित कई मुठभेड़ मामलों में आरोपी थी, जिसमें 25 पुलिसकर्मी मारे गए थे। उस पर 2018 में मिनापा वन क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में भाग लेने का भी आरोप लगाया गया था जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और छह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि उनगी ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं।

डीसीपी ने कहा कि वह मार्च 2020 में चिंतागुफा पीएस सीमा के तहत कसल्लापाडु गांव में पुलिस पर हमले में भी शामिल थी, जिसमें 17 पुलिस की मौत हो गई थी। उसने छत्तीसगढ़ राज्य में कई अन्य मुठभेड़ों में भी भाग लिया।

## ग्राम राजस्व सहायकों ने राज्यव्यापी किया विरोध प्रदर्शन

### सरकार से उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के ग्राम राजस्व सहायकों (वीआरए) ने आज राज्यव्यापी आंदोलन किया और मांग की कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के पिछले महीने 12 सितंबर को सदन के पटल पर दिए गए बयान के अनुपालन में उनकी मांगों को पूरा करे। उन्होंने तहसीलदार कार्यालयों के सामने धरना प्रदर्शन किया।

वीआरए ने पटनचेरु तहसीलदार कार्यालय के अधिकारियों को कार्यालय के ताले खोलने की अनुमति नहीं दी और अधिकारियों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाने से रोक दिया। सिद्दीपेट शहरी मंडल के वीआरए ने अपने विरोध के तहत तहसीलदार कार्यालय के दरवाजे बंद कर दिए।

उन्होंने वर्धन्नापेट तहसीलदार कार्यालय के कार्यालय का घेराव किया। वीआरए ने घोषणा की कि उनका विरोध 72 घंटे तक जारी रहेगा।

### मदनूर में तहसील कार्यालय को ताला लगाया गया

उधर, मदनूर में स्थानिक ग्राम राजस्व सहायकों ने सोमवार के दिन तहसील कार्यालय को ताला लगाते हुए मदनूर मंडल वीआरए अध्यक्ष सुधाकर ने बताया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री कुछ माह पहले विधानसभा में वीआरए को पे स्केल देने का आश्वाशन देकर हमारे साथ खिलवाड़ किया है। अभी तक मुख्यमंत्री ने पे स्केल लागू नहीं करने से हम लोग 78 दिनों से तहसील कार्यालय के सामने आंदोलन कर रहे हैं, फिर भी हमारी मागों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सोमवार के दिन तहसील कार्यालय को ताला लगाकर आंदोलन तेज कर रहे हैं। इस समय उप अध्यक्ष श्रीनिवास, सचिव हनमंलू के साथ शेरखान, मारुती, गोवर्धन, आजिम, स्वरूपा, भारती, अनुषा बाई उपस्थित थे।

## भाजयुमो अध्यक्ष की दुर्घटना में मौत

मंचेरियल, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के मंचेरियल इकाई के अध्यक्ष 35 वर्षीय राचकोंडा सत्यनारायण राव की रविवार रात मनचेरियल के बाहरी इलाके में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि रात करीब 11 बजे अंडलम्मा कॉलोनी में कार के पलटने से नासपुर के मूल निवासी सत्यनारायण राव की मौके पर ही मौत हो गई। मंचेरियल कस्बे के रहने वाले राव, मंचेरियल नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राचकोंडा कृष्ण राव के पुत्र थे, जिनकी कुछ साल पहले एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सत्यनारायण राव अपने दोस्तों द्वारा थिम्मापुर गांव में आयोजित एक पार्टी में शामिल होने के बाद मंचेरियल लौट रहे थे। उनके साथ उनके दोस्त भी थे, जो बिना किसी चोट के बच गए।

## 5जी सिम कार्ड को लेकर पुलिस ने सतर्क किया

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। 5जी सिम सेवा शुरू होते ही साइबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए आए दिन नया नया तरीका ढूंढ रहे हैं। पुलिस ने सभी नागरिकों से कहा है कि मोबाइल सिम कार्ड 5 जी सेवा शुरू हो गई है। यह कुछ ऐसा है जो आप पहले से ही जानते हैं। कुछ साइबर अपराधी आपके मोबाइल पर कॉल करेंगे और आपको अपने सिम कार्ड को 4 जी से 5 जी में अपडेट करने के लिए कहेंगे।



**नगर में सोमवार को हुई भारी बारिश से जलमग्न सड़क से गुजरते हुए वाहन चालक। गौरतलब है कि इस वर्ष नगर में हुई भारी बारिश तथा अन्य विभिन्न कारणों से सड़कें इतनी खराब हो गई हैं तथा सड़कों पर ऐसे गड्ढे हो गये हैं, जो राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों की जान के लिए खतरे साबित हो रहे हैं।**

## कवि सम्मेलन में कवियों की कविताओं ने ख़ूब रंग जमाया

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में गीत चाँदनी की 40वीं वर्षगाँठ के अवसर पर शारदोत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन श्री श्याम मंदिर में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध समाजसेवी व मंदिर के महामंत्री इंद्रकरण अग्रवाल ने कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की और गीत चाँदनी के सह-कार्यदर्शी कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और गीत चाँदनी की बहुआयामी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल ने मंदिर की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान कवियों ने देश की समसामयिक परिस्थितियों पर गीत, ग़ज़ल, हास्य-व्यंग्य और नयी कविताओं का पाठ कर समाँ बाँध दिया और श्रोताओं को जहाँ मंत्रमुग्ध किया। वहीं हँसने पर मजबूर किया। कविता पाठ करने वाले कवियों में सर्वश्री सदानंद लाल गोगीकार, सत्यनारायण काकड़ा, संतोष रज़ा, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, गोविंद अक्षय, चंपालाल बैद, सुहास भटनागर, अनिल कुमार गुप्ता, सुधा ठाकुर, आर. दुर्गाराज पटून, रत्नकला मिश्र आदि के नाम सम्मिलित हैं। कवि दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, हरीश काकड़ा, शोभा श्रीनिवास देश पांडेय, संध्या वर्मा, मीरा गुप्ता, के. बी. लाल, विभा भारती, ठाकुर प्रभात सिंह, बंसीलाल, सविता सोनी, श्रुतिकांत भारती आदि ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

## श्रीरामचंद्रजी मठ संगम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजित



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीरामचंद्रजी मठ संगम मंदिर, लंगर हाउस में शरद पूर्णिमा के अवसर पर जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर के पीठाधिकारी श्री श्री राहुलदासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक मुरारी दाहिमा ने भजन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी द्वारा सभी पधारे मेहमानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गोपाल बल्दवा, समाजसेवी भगवान दास सांकला, जाट एकता मंच के प्रदेशाध्यक्ष धर्माराम ढाका तेलंगाना जाट एकता मंच का विशेष सम्मान किया गया। रातभर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का लाभ लिया तथा प्रसाद सेवन किया।

## तेलंगाना सीआईडी महानिदेशक की पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत

हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के महानिदेशक गोविंद सिंह की पत्नी की मौत हो गई, जबकि गोविंद सिंह सहित तीन अन्य सोमवार को राजस्थान के जैसलमेर में एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सीआईडी के वरिष्ठ अधिकारी अपनी पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ दोपहर करीब 2.25 बजे सोमवार को तनोट माता मंदिर के दर्शन कर रामगढ़ जा रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाहन तनोट माता मंदिर और रामगढ़ के बीच में पलट गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वाहन ने घायलों को मौके से निकाला और उन्हें रामगढ़ के नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल (सीएचसी) में स्थानांतरित कर दिया। जांच करने पर डॉक्टरों ने गोविंद सिंह की पत्नी को मृत घोषित कर दिया। डीजी (सीआईडी) की हालत स्थिर है, जबकि दुर्घटना में उनका चालक विजेंद्र भी एक अन्य व्यक्ति के साथ घायल हो गया। कार में कुल चार लोग सवार थे। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

## सीपी ने मोनिका रेड्डी को पदक जीतने पर सम्मानित किया



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को सीपी महेश भागवत ने राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट, नेरेडमेट में ए.आर. डब्ल्यूपीसी, ए. मोनिका रेड्डी को सातवीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर चैंपियनशिप-2022 में फेंसिंग स्पोर्ट में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया। 19 से 24 सितंबर तक इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली ए. मौनिका रेड्डी ने चैंपियनशिप में भाग लिया है जिसमें 4 सीनियर नेशनल, 2 अंडर -23 नेशनल और 4 यूनिवर्सिटी नेशनल शामिल हैं। इससे पहले राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में 1 गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। सीपी ने उनके प्रयासों और समर्पण की सराहना की और भविष्य में और अधिक पदक हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त डीसीपी एडमिन नर्मदा, अतिरिक्त डीसीपी शमीर कार अंबरपेट ने भी खेल पदक के लिए उनकी सराहना की।


### जन्मदिन की शुभकामनाएं



शरण्या

माता : ममता

पिता : रमेश



## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, Virender Singh Tanwar S/o Ajit Singh Tanwar, R/o. H.No.1-3-603, Kavadiguda, Sec'bad. Changed my Date of Birth from 29.04.1993 to 29.041994 in the School Records for Educational purpose.

(Ro.No.6144122)

### CHANGE OF NAME

I, FULWADIYA SACHIN KHEMCHAND, R/o.PLOT NO.36, DURGA NAGAR, ZIAGUDA, ASIFNAGAR, HYD, T.S. Changed My Name As SACHIN FULWARIYA S/o.KHEMCHAND FULWARIYA.

I, SYEDA NAILA, R/o.H.No.8-1-523/98, Brindavan Cly, Tolichowki, Hyd, T.S. changed my Name as SYEDA NAILA MASOOD D/o.SYEDA ZAKULLAH MASOOD.

I, Krishna Murti Gandikota S/o. Gandikota Narsimham, R/o.30-1615/72/101, Suryanagar Enclave, Safilguda, Krupa Complex, changed my Name as "Krishna Murthy Gandikota"

(Ro.No.2745341)

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।



### दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्र @SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओ की जानकारी हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

PUB/0883/22

#### प्रपत्र 10-1 सार्वजनिक अधिसूचना

एतद्वारा निम्न विवरित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचना दी जाती है कि, दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद डिवीजन के आंध्र प्रदेश राज्य के कृष्णा जिले के जयंतीपुरम पर ट्रैक्शन मास्ट लोकेशनः एमसीएस/42ए(केएम/सीएच.01/652.45) से एमसीएस/1057(किमी/सीएच02-948.45) (टीकेएम-2.210), रामको सीमेंट्स से संबंधित मोटमरी-माटमपल्ली सेक्शन, पोस्ट लोडिंग तथा इंजिन एस्केप लाइन्स जोकि 25 केवी, 50 एचजेड, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स को दि.15-10-2022 को या इसके बाद उर्जावान(एनर्जाइज) किया जायेगा। निर्दिष्ट तिथि या उसी तिथि से ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन को निरंतर लाइव या सक्रिय माना जायेगा तथा कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवर हेड लाइन के निकट न पहुंच सकेगा न कार्य ही कर सकेगा।

सेक्शनः सिकंदराबाद डिवीजन, जयंतीपुरम पर रामको सिमेंट्स साइडिंग से संबंधित मोटमरी- माटामपल्ली सेक्शन, पोस्ट लोडिंग एंड इंजिन एस्केप लाइन्स । ओएचइ मास्ट लोकेशनः एमसीएस/42ए(किमी/सीएच.01/652.45) से एमसीएस/105%(किमी/सीएच 02/948.45), गेज 1676 एमएम, कुल टीकेएमः 2.210 किमी।

A1188 वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद

# कमलनाथ बोले- चुनाव तक सरकार नशे में रहेगी



## मुलायम सिंह को याद कर भावुक हुए नाथ बोले- मुझे छिंदवाड़ा जाने के लिए वे विमान भेजा करते थे

भोपाल, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मप्र में नशे के खिलाफ चल रही ताबड़तोड कार्रवाईयों के बाद हुक्का लाउंज को बंद करा दिया गया है। मप्र सरकार के नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने तंज कसा है। कमलनाथ ने कहा चुनाव के पहले उन्हें ये सब और नशा याद आता है। वे खुद नशे में हैं अब, जब चुनाव का समय आया है तो इनका नशा थोड़ा दूर हो रहा है।

लेकिन चुनाव तक अगले 11 महीने इसी नशे में रहेंगे। नाथ ने कहा हम नहीं चाहते कि आज की नई पीढ़ी शराब से जुडे। उसके लिए जो रणनीति मप्र के हित में क्या है इसके लिए मैं एक समिति बनाउंगा ताकि उसमें सब अपनी बात रख सकें।

**मुलायम से सीखी संसदीय परंपरा**

कमलनाथ ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर कहा उनसे मेरा पुराना संपर्क था। जब वे यूपी के सीएम थे। जब मैं उनसे कहता था कि मुझे छिंदवाड़ा जाना है तो वे मुझे अपना जहाज दे देते थे। बहुत पुराने निकट संबंध थे। मैं उन्हें केवल एक राजनीतिक व्यक्ति नहीं बल्कि समाजसेवक मानता हूं। उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं जब संसदीय कार्यमंत्री था तो हर हफ्ते में तीन-चार बार शाम को उनके साथ बैठता था। आज वो हमारे बीच नहीं रहे सबका समय आता है कि लेकिन ये स्वीकार करना बहुत कठिन होता है।

**विधायकों पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट देंगे नेता प्रतिपक्ष**

विधायकों के मामले पर जांच समिति गोविन्द सिंह की अध्यक्षता में बनाई है वो अपनी रिपोर्ट देंगे उसे अनुशासन समिति को भेजा जाएगा। सब दशहरे में लगे थे। मैं चाहता था कि वे तीन चार दिन में अपनी रिपोर्ट दे दें लेकिन सब त्योहारों में लगे हुए थे।

**महाकाल कॉरिडोर के मामले पर बोले नाथ**

उज्जैन महाकाल कॉरिडोर के कार्यक्रम को लेकर कमलनाथ ने कहा ये ईवेंट का सरकारी कार्यक्रम है। मैंने जो महाकाल के लिए किया था वो रिकॉर्ड पर है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। ये हर चीज का श्रेय लेना चाहते हैं। अब तक उन्होंने ये नहीं कहा कि जो कर्जा माफ हुआ वो हमने किया। जनता सब समझ रही है और इन्हें जवाब देगी। ये बौखलाए हुए हैं इसलिए कभी प्रधानमंत्री को बुलाओ, धार्मिक कार्यक्रम करो। इन सब भावनाओं से कुछ नहीं होता। जब मैं सीएम था तब मैंने श्री लंका के प्रतिनिधियों से मीटिंग कर मंदिर बनाने का स्थान तय किया था। इसी बात का मुझे दुख है कि जो हमने शुरुआत की थी उसे हम पूरा नहीं कर पाए।

**राजनीति में भाषा की मर्यादा जरूरी**

गुजरात में आम आदमी पार्टी के नेता द्वारा पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा के उपयोग पर कमलनाथ ने कहा इस प्रकार के शब्दों का उपयोग करने से राजनीति में गिरावट आती है। हमारे विरोधी हो सकते हैं लेकिन दुश्मन नहीं। मैं कभी इस प्रकार के शब्दों का उपयोग नहीं करता।

**आज हर वर्ग परेशान**

जिन चीजों की हमने शुरुआत की थी उनपर हम आगे बढेंगे। किसानों की कर्जमाफी का दूसरा चरण शुरु करेंगे। किसानों को मुआवजा मिले। नीमच, मंदसौर के किसान याद कर रहे हैं उन्हें सात दिन के अंदर मुआवजा मिल गया था। आज कोई पटवारी तहसीलदार नहीं पहुंच रहा है। किसानों की फसल ही नहीं उनका भविष्य खराब हो गया। कारम डैम में किसानों की फसल के साथ जमीन खराब हो गई। वह जमीन खेती के लायक नहीं बची। हर वर्ग परेशान है नौजवान, शिक्षक, डॉक्टर सभी परेशान हैं। सिर्फ बीजेपी के नेता और उनके कार्यकर्ता जो बटोरने में लगे हैं वे ही सुखी हैं। शिक्षकों नौजवानों पर लाठीचार्ज हो रहा है। ये चाहते हैं कि सबकी आवाज लाठी के दम पर दबा दी जाए। आज खालिस्तान के नारे लग रहे हैं पूरे दक्षिण में भाषा का विवाद हो रहा है। कौन से बीज हम बो रहे हैं।

**कांग्रेस को मिले साढे 11 महीने में अफसरों को पटरी पर लाना बड़ी चुनौती थी**

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के आरोपों पर कमलनाथ ने कहा कांग्रेस की सरकार में हमने भर्तियों की शुरुआत की थी। 15 महीने में हमें साढे. 11 महीने की सरकार थी ढ़ाई महीने लोकसभा चुनाव में चले गए थे।। मेरा प्रयास मप्र को पटरी पर लाने की कोशिश करनी थी। जो 15 साल पहले आईएएस, आईपीएस बना उसने सिर्फ बीजेपी देखी थी। सभी को पटरी पर लाना बहुत बड़ी चुनौती थी।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम ने दो शिकारियों को पकड़ा

उमरिया, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की टीम ने दो आदतन शिकारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। शिकारियों के पास से चीतल का मांस और खाल भी बरामद की गई हैं। जानकारी देते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उमरिया बकेली गांव में दबिश देकर दो आदतन अपराधियों दादूराम बर्मन पिता जगत बर्मन व गोविंद बर्मन पिता छत्रधारी बर्मन को चीतल के मांस व चमड़े के साथ पकड़ा है। ये आरोपी पहले से ही वन्यजीव अपराधों में लिप्त रहे हैं। इन पर कई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने से ये लम्बे समय से वन विभाग की राडार पर थे। मुखबिर की सूचना पर पतौर परिक्षेत्र की टीम ने ताला परिक्षेत्र व पनपथा बफर परिक्षेत्र की टीम के सहयोग से उमरिया बकेली गांव में आधी रात दबिश देकर कार्रवाई की व दो आरोपियों को चीतल के पके हुए मांस, कच्चे मांस व खाल के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। अपराध में शामिल अन्य तीन आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# छिंदवाड़ा में नायब तहसीलदार की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी

छिंदवाड़ा, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में एक नायब तहसीलदार विक्रम ठाकुर की पत्नी ने रविवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि शाम को दोनों के बीच मार्केट जाने को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद महिला ने फांसी लगा ली। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना देवरे कॉलोनी सिविल लाइन की है, जहां रहने वाले नायब तहसीलदार विक्रम ठाकुर की पत्नी ने रविवार रात फांसी लगा लगाकर आत्महत्या कर ली। बाद में नायब तहसीलदार उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक महिला के परिजन डिंडोरी से छिंदवाड़ा पहुंचे। वहीं, सोमवार को सुबह महिला का पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव सिवनी जिले के आदेगांव ले जाया गया है, जहां पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में खुली धूप के लिए अभी इंतजार



नई दिल्ली लखनऊ, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम और पूर्वी यूपी, हरियाणा समेत कई राज्यों में बीते कई दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है। दिल्ली बीते तीन दिनों से लगातार भीग रही है और आज भी दिल्ली, यूपी, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे राज्यों में बारिश, बिजली गिरने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। यही नहीं दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में लोगों के लिए खुली धूप का इंतजार भी लंबा हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से 16 अक्टूबर तक के लिए दिल्ली का जो अनुमान जाहिर किया गया है, उसके मुताबिक 10 और 11 अक्टूबर को रिमझिम बारिश बनी रहेगी। यही नहीं उसके बाद 16 तारीख तक बदली छाई रहेगी और मौसम में ठंडक एवं नमी बनी रहेगी। इसका अर्थ है कि खुली धूप के लिए दिल्ली वालों को इस पूरे सप्ताह इंतजार ही करना होगा। हालांकि 13 से 16 अक्टूबर के दौरान बारिश नहीं होगी, लेकिन बादल छाए रहेंगे। इसके चलते मौसम में ठंडक रहेगी। वहीं उत्तर प्रदेश की बात करें तो 12 अक्टूबर यानी बुधवार तक हल्की बारिश जारी रहेगी। इसके बाद 13 अक्टूबर को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और 14 अक्टूबर को बदली रहेगी। हालांकि इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा यानी बेमौसम बारिश से लोगों को राहत मिल जाएगी। मौसम विभाग का कहना है कि आज दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, यूपी, पश्चिम मध्य प्रदेश में बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि कुछ इलाकों में बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। उत्तर भारत ही नहीं बल्कि तमिलनाडु, पुदुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में भी 12 अक्टूबर और कुछ इलाकों में 14 तारीख तक बारिश जारी रहेगी। विभाग के मुताबिक 10,11 और अक्टूबर को कर्नाटक और केरल में भी बारिश होगी। इसके अलावा महाराष्ट्र के भी अलग-अलग इलाकों में बारिश का मौसम बना रहेगा। दिल्ली-एनसीआर, यूपी समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में जारी बारिश की वजह भी मौसम विभाग ने बताई है। विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर पर्वतीय क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। राजस्थान और उसके आसपास के इलाकों में चक्रवात की स्थिति बनी हुई है।

# तलाक-ए-बाइन और तलाक-ए-किनाया के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक-ए-बाइन और तलाक-ए-किनाया को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत तलाक ए हसन और तलाक ए अहसन से जुड़ी याचिकाओं के साथ कल होगी सुनवाई। तलाक ए बाईन को कर्नाटक की एक महिला डॉक्टर सैयदा अमरीन ने चुनौती दी है। कहा है कि एक साथ तीन तलाक के गैरकानूनी हो जाने के बाद कट्टरपंथी नए रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**याचिकाकर्ता महिला ने सुनाया अपना दर्द**

याचिकाकर्ता, कर्नाटक की पेशे से डॉक्टर, सैयदा अंबरीन ने कहा कि उसकी शादी 22 अक्तूबर, 2020 को मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार उसके पति से हुई थी और शादी के बाद, उसके पति और उसके परिवार के सदस्यों ने दहेज के लिए उसे शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। जब याचिकाकर्ता के पिता ने दहेज देने से इनकार कर दिया, तो उसके पति ने भी एक डॉक्टर ने उसे एक काजी और वकील के माध्यम से तलाक-ए-किनाया/तलाक-ए-बाइन दे दिया, जो पूरी तरह से अनुच्छेद 14, 15, 21 और 25 के खिलाफ है। जनवरी 2022 में, काजी कार्यालय से एक पत्र भेजा गया जिसमें उनके पति ने उन पर कुछ अस्पष्ट आरोप लगाए और कहा कि इन सभी शर्तों के कारण इस वैवाहिक संबंध को जारी रखना संभव नहीं है।

**क्या है तलाक-ए-किनाया/ तलाक-ए-बाइन**


किनाया शब्दों के द्वारा तलाक-ए-किनाया/ तलाक-ए-बाइन दिए जाते हैं। जिनका मतलब मैं तुम्हें आजाद करता हूं, अब तुम आजाद हो, यह रिश्ता अब हराम है, तुम मुझसे अब अलग हो सकते हो।

# ऐसा क्या हुआ, जो 5 मिनट के लिए रुक गई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा?

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' आज 5 मिनट के लिए रोककर उनको श्रद्धांजलि दी गई। आज दोपहर 1 बजे चित्रदुर्ग जिले में हिरियूर के पास मुलायम सिंह यादव के लिए 5 मिनट की शोक सभा की गई। मुलायम सिंह यादव का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आज निधन हो गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर तीन दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे राहुल गांधी ने कहा, 'मुलायम सिंह यादव का निधन एक बेहद दुःखद समाचार है। वो जमीनी राजनीति से जुड़े एक सच्चे योद्धा थे। मैं अखिलेश यादव समेत सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।' सांसद जयराम रमेश ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव एक कट्टर लोहियावादी थे। लेकिन सभी राजनीतिक दलों में उनके प्रशंसक थे। यूपी के सीएम के रूप में उनके कार्यकाल में बहुत काम किया गया। उन्होंने 2 मौकों पर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देवेगौड़ा और गुजराल सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाई और 2002 में उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए एपीजे अब्दुल कलाम का प्रस्ताव रखा था। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी यूपी के पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के निधन पर दुख जताया।

# कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध पर जल्द आ सकता है बड़ा फैसला

## सुप्रीम कोर्ट इसी सप्ताह सुना सकता है आदेश



नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से पहले कर्नाटक हिजाब विवाद पर बड़ा फैसला आ सकता है। जानकारी के मुताबिक, शीर्ष अदालत इसी सप्ताह इस चर्चित मामले पर अपना फैसला सुनाने की तैयारी में है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब प्रतिबंध को बरकरार रखा गया था। बता दें, हिजाब विवाद मामले में जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की पीठ ने 10 दिन तक सुनवाई के बाद 22 सितंबर को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। माना जा रहा है कि इन याचिकाओं पर इसी सप्ताह फैसला सुनवाया जा सकता है, क्योंकि पीठ की अगुवाई कर रहे न्यायमूर्ति गुप्ता 16 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

**संविधान पीठ के पास मामला भेजने की उठी थी मांग**

मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों ने जोर देकर कहा था कि मुस्लिम लड़कियों को कक्षाओं में हिजाब पहनने से रोकने से उनकी पढ़ाई खतरे में पड़ जाएगी क्योंकि उन्हें कक्षाओं में जाने से रोका जा सकता है। वहीं कुछ वकीलों ने इस मामले को पांच सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेजने की भी गुजारिश की थी। वहीं, राज्य सरकार का तर्क था कि कर्नाटक सरकार का फैसला धार्मिक रूप से तटस्थ था।

**कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुनाया था फैसला**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 15 मार्च को उडुपी में गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने कक्षाओं के भीतर हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। वहीं, अदालत ने कहा था कि हिजाब इस्लाम में अनिवार्य धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है। इसके बाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गयीं थीं।

# एमपी में कारगर नहीं मामा की बुलडोजर पॉलिटिक्स, एससी-एसटी वोटर्स को साधना बड़ी चुनौती

भोपाल, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए बुलडोजर भले ही चुनावी शब्दावली का हिस्सा बन गए हों, लेकिन मध्य प्रदेश में मामा का बुलडोजर चुनावी फायदा देने में सक्षम नहीं है। यह बात भाजपा के स्थानीय नेताओं ने हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष के साथ बैठक में की है। पार्टी की राज्य इकाई के सूत्रों ने कहा कि हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने एक बैठक ली थी। इस दौरान स्थानीय नेताओं ने कहा कि पार्टी का एससी और एसटी वर्ग के बीच जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। जबकि इन्हीं समुदाय के मतदाताओं ने साल 2003 से राज्य में भाजपा के 15 साल के निर्बाध शासन में मदद की। दरअसल, यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुलडोजर का उपयोग करने के लिए खूब प्रशंसा हुई।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**





| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में | कन्या.. | 04-33 बजे |
| चंद्र- | मेष | में | तुला- | 06-37 बजे |
| मंगल | वृष | में | वृश्चिक | 08-48 बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- | 11-01 बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- | 13-07 बजे |
| शुक्र- | कन्या | में | कुंभ- | 15-57 बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... | 16-36 बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- | 18-32 बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- | 19-56 बजे |
| | | | मिथुन.. | 21-57 बजे |
| | | | कर्क... | 00-09 बजे |
| | | | सिंह... | 02-21 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,** हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद, दिशाशूल- उत्तर • गुड खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया • **01-29** राततक उपरान्त, तृतीया
मास • कार्तिक कृष्ण पक्ष, मंगलवार, **11 Oct**
नक्षत्र • अश्विनी **-16 -16** • तक, उपरान्त भरणी
योग • हर्षण • **15 • 15** • तक उप- वज्र
करण- तैतिल • **13 • 29** • तक, उप- गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार • सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**14:59** से
**16:28** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:11 - 07:38 | अशुभ | काल | 17:56 - 19:28 | अशुभ |
| उत्पात | 07:38 - 09:06 | अशुभ | लाभ | 19:28 - 20:59 | शुभ |
| चंचल | 09:06 - 10:34 | शुभ | उत्पात | 20:59 - 22:31 | अशुभ |
| लाभ | 10:34 - 12:03 | शुभ | शुभ. | 22:31 - 00:03 | शुभ |
| अमृत | 12:03 - 13:31 | शुभ | अमृत | 00:03 - 01:34 | शुभ |
| काल | 13:31 - 14:59 | अशुभ | चंचल | 01:34 - 03:06 | शुभ |
| शुभ | 14:59 - 16:28 | शुभ | रोग | 03:06 - 04:38 | अशुभ |
| रोग | 16:28 - 17:53 | अशुभ | काल | 04:38 - 06:11 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अलग अलग भूमिकाएं निभाने और कल्पनाओं में आपको बहुत मजा आता है। आप अपने लिए हर कहीं रोमांस ढूँढ लेते हैं। आपकी सपनों की एक दुनिया है जिसे आपको सच करने का मौका मिल सकता है। आप आज अपनी भावनाओं के वश में होकर संबंधों या करियर में कुछ असंभव सा हासिल करना चाहेंगे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आपको समय फिलहाल रेंगता हुआ महसूस हो रहा है।लेकिन धीरज रखें और अपनी उत्सुकता भी बनाये रखें। हालाँकि आपको अपने किसी वादे या किसी निजी सम्बन्ध की खातिर कुछ समय के लिए अपने लक्ष्यों को एक तरफ करना पड़ सकता है। अपने साथी के साथ विवादों और गलतफहमियों से बचें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आपको अपना अधूरा काम समय पर पूरा करने के बहुत से मौके मिलेंगे। आपकी दूसरी परेशानियां भी तुरंत दूर हो जायेंगी, उनके बारे में चिंता ना करें।आज अधिक से अधिक काम करने की कोशिश करें क्योंकि आपको आज के अपने सब कामों में सफलता मिलेगी। आप अपने किसी करीबी से सलाह ले सकते हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है।आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं, दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं। कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे। कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें।काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें। आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं।आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी।आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे।समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखें।आज गृहों की स्थिति आग से दुर्घटना की आशंका जता रही हैं।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं। वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है। आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा और आपको जल्दी है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे,लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें। बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें।जब तक आपको जवाब नही मिल जाते अपना नजरिया दृढ ही रखें।दूसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं। इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं।अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें। आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी। इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आज आप बदली हुई भूमिका में हैं, आप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं,अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं। अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं।एक चालीस वर्षीय महिला आपकी बहुत मदद करेगी।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं।जिससे भी आप मिलते हैं,आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं, विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे। साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे। इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता।इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें।अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# 'इन जातिवादी घटिया हरकतों को रोकिए नरेंद्र मोदी जी'

**इस्तीफा दिए आप नेता ने पीएम से मांगा इस्तीफा**

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र पाल गौतम ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। धर्म परिवर्तन कार्यक्रम को लेकर विवाद के बाद उन्होंने यह फैसला लिया है। राजेंद्र पाल गौतम ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वो देश के दलितों के खिलाफ हो रहे अपराध को रोकने में सफल नहीं रहे हैं। राजेंद्र पाल गौतम ने पीएम मोदी को एक 'कमजोर पीएम' कहा है। गौतम ने पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग की है। राजेंद्र पाल ने ट्वीट कर कहा है कि 'इन जातिवादी घटिया हरकतों को रोकिए नरेंद्र मोदी जी ! अन्यथा आप इस्तीफा दीजिए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तो कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल हैं। मैं जनता हूँ कि आप इतने कमजोर प्रधानमंत्री हैं कि उनसे इस्तीफा भी नहीं ले सकते ! आप चिंता न करें मेरा बहुजन समाज जवाब देगा।' राजेंद्र पाल गौतम ने एक वीडियो को ट्वीट करते यह लिखा है। उस वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग मिलकर एक युवक की पिटाई कर रहे हैं। राजेंद्र पाल गौतम ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे हैं और उसे गालियां दे रहे हैं। वीडियो अपलोड करने वाले ने लिखा है कि युवक को मारने वाले लोग सवर्ण हैं और युवक दलित समाज से आता है। इसी वीडियो को ट्वीट करते हुए राजेंद्र पाल ने पीएम मोदी और सीएम योगी से इस्तीफे की मांग की है। वीडियो उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। राजेंद्र पाल गौतम ने रविवार को इस्तीफा दिया था। एक धार्मिक रूपांतरण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद भड़के विवाद के चलते उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उस कार्यक्रम में कथित रूप से हिंदू देवताओं को त्यागने की बात की गई थी। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा था। भाजपा ने आप को 'हिंदू विरोधी' पार्टी बताया। मिली जानकारी के अनुसार, गौतम ने इसलिए इस्तीफा दे दिया जिससे कि गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी को कोई नुकसान न हो। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि गौतम के इस्तीफे को अभी केजरीवाल ने स्वीकार नहीं किया है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022

# दिल्ली के मंत्री का इस्तीफा

वह नेता ही क्या जो भीड देख कर बहक न जाए। फिर वह यह भी भूल जाता है कि वह किस जिम्मेदार पद पर बैठा है और उसकी बात की अहमियत कितनी है। उसके मुंह से निकली हर बात दूर तलक जाएगी, यहां तक कि नेता के लिए मुसीबत भी बन जाएगी। मंच से जब नेता भीड के सामने संबोधित करते हैं तो उनका एकमात्र मकसद होता है कि वे अपने प्रदिद्वंदी पर कितना तीखा प्रहार कर सकते हैं। लेकिन जब कई बार ऐसे नेताओं के बयान उलटे भी पड जाते हैं। जिसका असर यह होता है कि कई बार सामाजिक ताने-बाने पर भी असर पडने लगता है। इसी तरह की एक बयानबाजी ने दिल्ली सरकार में केजरीवाल के मंत्री रहे राजेंद्र पाल गौतम पर ही पलट कर आ पडा। नतीजतन उन्हें अपने मंत्री पद से हाथ धोना पड गया है। अब इसके आगे क्या होता है यह भी देखने वाली बात होगी। बता दें कि दिल्ली में हुए बौद्ध धर्म के कार्यक्रम का एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें कुछ लोग कथित रूप से शपथ लेते दिखाई देते हैं कि वे हिंदू देवी-देवताओं को नहीं मानेंगे, न उनकी पूजा करेंगे। हद तो तब हो गई जब उस कार्यक्रम के मंच से दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री भी यह शपथ लेते या दिलाते दिखाई दिए। इसे लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधना शुरू कर दिया। यहां तक कि गौतम के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई। जब यह मामला तूल पकड़ने लगा तो पहले गौतम ने सफाई दी कि वे भगवान बुद्ध के अनुयायी हैं और उनकी आस्था को संवैधानिक रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती, लेकिन भाजपा इसे अनायास तूल दे रही है। जब बात और आगे बढ़ी तो उन्होंने कहा कि वे सभी देवी-देवताओं के प्रति सम्मान रखते हैं। दबाव बढ़ने पर आखिरकार उन्हें इस्तीफा देना ही पड़ा। गुजरात और हिमाचल में आसन्न चुनाव को देखते हुए इन दिनों आम आदमी पार्टी की सरकार और भाजपा के बीच तनातनी काफी तीखी हो चली है। दिल्ली सरकार की कथित अनियमितताओं के खिलाफ जांच पर जांच चल रही है और इस पर दोनों पार्टियां एक दूसरे पर हमला करने का एक भी मौका नहीं चूकती। ऐसे नाजुक दौर में गौतम के बयान ने भाजपा को बैठे-बिठाए हमले का एक आसान मौका दे दिया। भाजपा स्वभावतः धर्म से जुड़े हर विषय पर आक्रामक रुख अपनाती है और उसके जरिए जनाधार मजबूत बनाने का प्रयास करती रही है। गौतम के बयान ने मौका दिया तो वह भी राशन पानी लेकर मैदान में उतर गई है। जाहिर है इस मामले में आम आदमी पार्टी बैकफुट पर आ गई इसलिए उसको पलट कर हमला करते नहीं बन रहा था। जगजाहिर है कि इस समय पूरे देश में धर्म एक संवेदनशील मसला बना हुआ है। उस पर कोई भी रुख सोच-समझ कर लेना पड़ता है। मगर जोश में आए गौतम ने इस पर विचार नहीं किया कि उनके विवादास्पद विचारों पर भाजपा कैसे छक्का लगाने में माहिर है। गौतम की बयानबाजी से दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी नाराज बताए जा रहे हैं। हैरानी की बात है कि उन्होंने अब तक न तो गौतम के खिलाफ कोई कार्रवाई की, न उन्हें कोई नसीहत दी और न ही भाजपा के हमलों पर बचाव किया है। जिम्मेदार पदों का निर्वाह कर रहे लोगों से स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे सार्वजनिक जीवन में संतुलित और मर्यादित आचरण करें। बेशक बौद्ध धर्म और भीमराव आंबेडकर के विचारों का पालन करने वाले लोग हिंदू देवी-देवताओं में विश्वास नहीं करते हों, पर यह उनकी निजी आस्था तो हो सकती है, इस आधार पर उन्हें सार्वजनिक रूप से किसी की आस्था को चोट पहुंचाने का अधिकार बिलकुल नहीं मिल जाता। हालांकि जिस कार्यक्रम का वीडियो वायरल हो रहा है, वह बौद्ध धर्म से जुड़े लोगों का कार्यक्रम था और उसमें बौद्ध धर्म ग्रहण करने वालों को शपथ दिलाई जा रही थी। इसलिए वे तर्क दे सकते हैं कि उनका इरादा दूसरे धर्म को आहत करने का नहीं था। लेकिन उस कार्यक्रम में गौतम एक मंत्री की हैसियत से उपस्थित थे, इसलिए उनसे संविधान की मर्यादा का पालन करने की अपेक्षा थी, जिसकी उन्होंने परवाह नहीं की और अपनी कुर्सी गंवा दी।

## स्त्री के कर्तव्य तो अनेक लेकिन अधिकार शून्य क्यों


रेखा शाह

हम लोगों का भारतीय समाज आदिकाल से पुरुष सत्तात्मक समाज रहा है । पहले के बनिस्पत स्त्रियों की दुनिया का विस्तार जमीनी स्तर पर कुछ बेहतर हुआ है। अब वह चारदीवारी से निकलकर अपने लिए क्या सही है ! क्या गलत है ! समझ सकती हैं । लेकिन अभी भी उनके कर्तव्य असंख्य है और अधिकार लगभग नगण्य है.. दुनिया और समाज अभी भी अक्सर स्त्री के अधिकार और कर्तव्य को अपने सुविधा अनुसार परिभाषा तय करता है । जिसमें स्त्री के कर्तव्यों की व्यापकता है पर अधिकार सीमित है । आज के दौर में भी लोग स्त्री से उम्मीद करते हैं कि उनके आर्थिक कर्तव्यों में भागीदारी तो करें। पर प्रभुत्व सर्वत्र पुरुष का ही बना रहे । अगर स्त्री थोड़ा भी ऊंच-नीच करती है अपने घर और बाहर किसी भी कर्तव्य में थोड़ी भी कमी की गुंजाइश करती है तो उस पर हजार प्रश्न खड़े हो जाते हैं।

एक महिला के संपूर्ण जीवन की सार्थकता भारतीय समाज सामाजिक जीवन की उपलब्धियों से न करके उसके पारिवारिक दायित्व की पूर्ति के चश्मे से ही करता है। आज भी घर परिवार देखने और संभालने की जिम्मेदारी स्त्री की ही होती है। और आर्थिक जिम्मेदारी पुरुष की होती है लेकिन जिन घरों में स्त्री घरेलू के साथ आर्थिक दायित्व में भी अपना सहयोग करती है वहां भी घरेलू प्रबंधन स्त्री के जिम्मे और वित्तीय प्रबंधन पर पुरुष का अधिकार रहता है।जो एक तरह से स्त्री के अधिकारों का हनन ही है। दरअसल लोगों के मन में एक अवधारणा है कि स्त्री वित्तीय प्रबंधन को सही ढंग से नहीं कर सकती । जबकि अधिकांश परिवारों में देखा गया है ।

परिवार के आर्थिक संकट के समय स्त्री के बूंद बूंद बचत किए गए धन के द्वारा परिवार को विपत्ति से निकाल लिया जाता है। स्त्री वित्तीय प्रबंधन में भी कुशल होती है जितना घरेलू कार्यों के प्रबंधन में उसको यह अधिकार नहीं देने के पीछे दरअसल समाज की दोयम दर्जे के मानसिकता है ना कि स्त्री की अकुशलता है । अगर आप भारतीय समाज में तुलनात्मक रूप से देखे तो अक्सर एक लड़के को पारिवारिक सदस्यों के द्वारा जितना प्रोत्साहन आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए मिलता है। उतना लड़की को नहीं मिलता।

बल्कि लड़के की तुलना में छटाक भर भी नहीं मिलता है । इसको मान लीजिए एक प्रशासकीय पद के दोनों इच्छुक हैं तो एक लड़के को पारिवारिक सपोर्ट और धन की सहायता अध्ययन के लिए आसानी से मिल जाता है और मानसिक सकारात्मक सहयोग भी मिलता है लेकिन वहीं पर एक ही लड़की को वहीं लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिकांश अपने ही परिवार से और असहयोगात्मक रवैया और विरोध मिलता है तथा उस पर खर्च करना भी व्यर्थथा समझी जाती है इसका कारण है पारिवारिक खांचे का ताना-बाना जिसमें लड़की को पराया धन और लड़के कुलदीपक हो जाते हैं।एक ही लक्ष्य पाने के लिए स्त्री को पुरुष के अपेक्षा दोहरी मशक्कत करनी पड़ती है। अब समय आ गया है जिस तरह हर क्षेत्र में स्त्रियां अपने आपको साबित और अपनी कुशलता का प्रदर्शन कर रही हैं।

# राजनीति के पहलवान थे मुलायम




राजनीति में एंट्री करने से पहले मुलायम कुश्ती लड़ते थे। एग्जाम छोड़कर कुश्ती लड़ने चले जाते थे। कवि सम्मेलन में अकड़ दिखा रहे दरोगा को मंच पर ही पटक दिया था। सियासत के भी बड़े अखाड़ेबाज बने, विरोधियों को चित किया। सियासी और निजी जिंदगी आसान नहीं थी, पर लड़ते रहे। मौत सामने आई तो उससे भी दो-दो हाथ किए। ये थे मुलायम सिंह यादव, समाजवादियों ही नहीं.. पूरे देश के नेताजी। पढ़िए उनकी जिंदगी के दिलचस्प किस्से।

**कवि को दरोगा ने धौंस दिखाई, तो मुलायम ने मंच पर पटक दिया**

26 जून 1960। मैनपुरी के करहल का जैन इंटर कॉलेज। कैंपस में कवि सम्मेलन चल रहा था। यहां उस वक्त के मशहूर कवि दामोदर स्वरूप विद्रोही भी मौजूद थे। वो मंच पर पहुंचे और अपनी लिखी कविता 'दिल्ली की गद्दी सावधान' पढ़ना शुरू की। कविता सरकार के खिलाफ थी। इसलिए वहां तैनात यूपी पुलिस का इंस्पेक्टर मंच पर गया और उन्हें कविता पढ़ने से रोकने लगा। वो नहीं माने तो उनका माइक छीन लिया। इंस्पेक्टर ने कवि को डांटते हुए कहा कि आप सरकार के खिलाफ कविता नहीं पढ़ सकते। मंच पर बहस हो ही रही थी कि दर्शकों के बीच बैठा 21 साल का पहलवान दौड़ते हुए मंच पर पहुंचा। 10 सेकेंड में उस नौजवान ने इंस्पेक्टर को उठाकर मंच पर पटक दिया। ये नौजवान कोई और नहीं बल्कि मुलायम सिंह यादव थे।

**जब मुलायम ने कार्यकर्ताओं से कहा- चिल्लाओ नेताजी मर गए**

तारीख 4 मार्च 1984, दिन रविवार। नेताजी की इटावा और मैनपुरी में रैली थी। रैली के बाद वो मैनपुरी में अपने एक दोस्त से मिलने गए। दोस्त से मुलाकात के बाद वो 1 किलोमीटर ही चले थे कि उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। गोली मारने वाले छोटेलाल और नेत्रपाल नेताजी की गाड़ी के सामने कूद गए। करीब आधे घंटे तक छोटेलाल, नेत्रपाल और पुलिसवालों के बीच फायरिंग चलती रही। छोटेलाल नेताजी के ही साथ चलता था, इसलिए उसे पता था कि वह गाड़ी में किधर बैठे हैं। यही वजह है कि उन दोनों ने 9 गोलियां गाड़ी के उस हिस्से पर चलाईं, जहां नेताजी बैठा करते थे। लेकिन लगातार फायरिंग से ड्राइवर का ध्यान हटा और उनकी गाड़ी डिस्बैलेंस होकर सूखे नाले में गिर गई। नेताजी तुरंत समझ गए कि उनकी हत्या की साजिश की गई है। उन्होंने तुरंत सबकी जान बचाने के लिए एक योजना बनाई। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वो जोर-जोर से चिल्लाएं 'नेताजी मर गए। उन्हें गोली लग गई। नेताजी नहीं रहे।' जब नेताजी के सभी समर्थकों ने ये चिल्लाना शुरू किया तो हमलावरों को लगा कि नेताजी सच में मर गए। उन्हें मरा हुआ समझकर हमलावरों ने गोलियां चलाना बंद कर दीं और वहां से भागने लगे, लेकिन पुलिस की गोली लगने से छोटेलाल की उसी जगह मौत हो गई और नेत्रपाल बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी नेताजी को एक जीप में 5 किलोमीटर दूर कुर्रा पुलिस स्टेशन तक ले गए।

**पुलिस को फोन किया- कारसेवकों पर गोली चलवा दो**

1989 में लोकदल से मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। 90 का दौर शुरू होते-होते देशभर में मंडल-कमंडल की लड़ाई शुरू हो गई। ऐसे में 1990 में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद को गिराने के लिए कारसेवा की। 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवकों की भीड़ बेकाबू हो गई। कारसेवक पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ मस्जिद की ओर बढ़ रहे थे। मुलायम सिंह यादव ने सख्त फैसला लेते हुए प्रशासन को गोली चलाने का आदेश दिया। पुलिस की गोलियों से 6 कारसेवकों की मौत हो गई। इसके दो दिन बाद फिर 2 नवंबर 1990 को हजारों कारसेवक हनुमान गढ़ी के करीब पहुंच गए, मुलायम के आदेश पर पुलिस को एक बार फिर गोली चलानी पड़ी, जिसमें करीब एक दर्जन कारसेवकों की मौत हो गई। कारसेवकों पर गोली चलवाने के फैसले ने मुलायम को 'मुल्ला मुलायम'बना दिया। हालांकि, बाद में मुलायम ने कहा था कि ये फैसला कठिन था। लेकिन, मुलायम को इसका राजनीतिक लाभ भी हुआ था। कारसेवकों के विवादिच ढांचे के करीब पहुंचने के बाद मुलायम ने सुरक्षाबलों को गोली चलाने का निर्देश दे दिया। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई में 16 कारसेवकों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए। बाद में मुलायम ने बताया कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई में 28 लोग मारे गए थे।

**कांशीराम को साथ लाकर भाजपा को पटखनी दी**

1956 में राम मनोहर लोहिया और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समझौते के तहत एक साथ आने की प्लानिंग कर रहे थे। हालांकि, इसी बीच अंबेडकर का निधन हो गया और लोहिया की दलित-पिछड़ा जोड़ की प्लानिंग सफल नहीं हो सका। 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद मुलायम ने लोहिया के इस प्लान को अमल में लाने की दिशा में काम शुरू कर दिए। मुलायम ने तब के बड़े दलित नेता कांशीराम के साथ गठबंधन का ऐलान कर दिया। मुलायम के इस मास्टर स्ट्रोक का असर चुनावी रिजल्ट पर भी दिखा। 422 सीटों वाली विधानसभा में सपा-बसपा गठबंधन को 176 सीटें मिली, जबकि भाजपा बहुमत से दूर हो गई। मुलायम ने अन्य छोटे दलों को साथ मिलाकर सत्ता में वापसी कर ली। मुलायम के सत्ता में आने के बाद यूपी में एक स्लोगन- 'मिले मुलायम-कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम', खूब चर्चित हुआ।

**बाबरी गिराने के आरोपी कल्याण सिंह का कर दिया समर्थन**

साल था 2009। भाजपा छोड़ एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले कल्याण सिंह के समर्थन में मुलायम ने जनसभा कर दी। कल्याण बाबरी मस्जिद विध्वंस के वक्त मुख्यमंत्री थे और अवमानना के मामले में सजा भी काट चुके थे। कल्याण सिंह के समर्थन देने के फैसले पर पार्टी के भीतर ही बगावत हो गई। सीनियर नेता आजम खान ने मुलायम पर सरेराह निशाना साधा। चुनाव में भी मुलायम को इसका नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि, मुलायम के समर्थन से कल्याण सिंह चुनाव जीत गए थे।

एक समाजवादी नेता के रूप में उभरे मुलायम सिंह यादव ने जल्द ही खुद को एक ओबीसी दिग्गज के रूप में स्थापित किया और कांग्रेस के अवसान से खाली हुए राजनीतिक स्थान पर कब्जा कर लिया।

**तीन बार बने मुख्यमंत्री**

1989 के विधानसभा चुनाव के बाद मुलायम पहली बार भाजपा के बाहरी समर्थन से मुख्यमंत्री बने। 1993 में सपा नेता के रूप में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने, इस बार उन्हें कांशीराम के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का समर्थन हासिल था। 2003 में वह तीसरी बार सपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के नेता के रूप में मुख्यमंत्री बने। उनके तीनों कार्यकाल की कुल अवधि करीब छह साल और 9 महीने थी।

# जेपी का सपना जनता बने लोकतंत्र की प्रहरी


निरंकार सिंह

महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित जयप्रकाश नारायण एक ऐसे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे जो पराधीन भारत में बर्फ की सिल्लियों पर लेटे तो आजाद भारत में भी उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। वे 1942 की अगस्त क्रांति के हीरो थे। कभी अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के मंसूबे से उन्होंने जेल यात्रा की थी तो आजादी के बाद जयप्रकाश नारायण ने भ्रष्टाचार, और व्यवस्था परिवर्तन के लिए तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार की लाठियां भी खाईं। उन्हें जेल मे भी डाल दिया गया । वह डेढ साल तक जेल में बंद रहे। उनके बेमिसाल राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा पहलू यह है कि उन्हें सत्ता का मोह नहीं था। शायद यही कारण है कि नेहरू की कोशिश के बावजूद वह उनके मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हुए। वह चाहते तो प्रधानमंत्री भी बन सकते थे। पर वह सत्ता में पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहते थे। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार 'इस देश की संस्क्रति का जो कुछ भी उत्तम और वरेण्य है, वह उनके व्यक्तित्व में प्रतिफलित हुआ है।' उनका जन्म सन् 1902 में विजयदशमी के दिन पटना जिले के सिताय दिआरा गाँव में एक प्रतिष्ठित कायस्थ परिवार में हुआ था। आपके पिता का नाम हरसूदयाल तथा माता का नाम फूलरानी था। आपके पिता रेवेन्यू अधिकारी थे।बचपन में जयप्रकाशजी बहुत सीधे-सादे थे। प्रारम्भिक शिक्षा समाप्त कर आपने पटना के कालेजियेट स्कूल में प्रवेश लिया और सरस्वती भवन छात्रावास में रहने लगे। छात्र राजनीति में भाग लेते थे। सन् 1919 में उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा पास की। इस परीक्षा में उनको छात्रवृत्ति मिली। उनका विवाह ब्रजकिशोर बाबू की योग्य पुत्री प्रभावती के साथ हुआ। विवाह के दो वर्ष बाद वह शिक्षा के लिए अमेरिका चले गये। इस बीच प्रभावती गांधीजी के आश्रम में रहीं। अमेरिका में रोजी-रोटी जुटाने के लिए उन्होंने बागानों में काम किया। किसी होटल या रेस्तराँ में बर्तन धोये, वेटर का काम किया। कभी जूते साफ करने का भी काम किया। अनेक कष्टों को सहते हुए उन्होंने ओहायो विश्वविद्यालय से बी.ए. पास किया। छात्रवृत्ति मिलने लगी। फिर 80 डॉलर पर आप सहायक प्रोफेसर हो गये। यहीं से आपने एम.ए. की परीक्षा पास की। वह और अधिक पढ़ना चाहते थे किन्तु माता की हालत की गम्भीरता का समाचार सुनकर भारत लौट आये। इस समय वे पूरे मार्क्सवादी बन गये थे। भारत वापस आकर आप गांधीजी तथा नेहरूजी के सम्पर्क में आये। नेहरूजी ने इन्हें भारतीय कांग्रेस का मन्त्री बना दिया। गांधीजी और नेहरूजी गिरफ्तार कर लिए गये। देश में गिरफ्तारियों का ताँता लग गया। जेपी भी गिरफ्तार हो गये और सन् 1933 में छोड़े गये। सन् 1934 में बिहार के भूकम्प में उन्होंन सराहनीय काम किया। इसी समय उन्होंने पटना में आचार्य नरेन्द्रदेव की अध्यक्षता में समाजवादी सभा का विशाल आयोजन किया।'करो या मरो' एवं 'अंग्रेजो भारत छोड़ो आन्दोलन में वे फिर गिरफ्तार किये गये और हजारी बाग जेल में रखे गये। वे जेल से भागकर कष्टों को सहते हुए बनारस पहुँच गये। बनारस में रहते हुए उन्होंने गुप्त पर्चों के द्वारा युवकों में उत्साह पैदा किया। बनारस से वह नेपाल गये। वहाँ से कश्मीर जाने का विचार किया किन्तु अमृतसर में पकड़ लिए गये। लाहौर जेल में उन्हें रखा गया। गुप्त बातें जानने के लिए कड़ी यन्त्रणाएँ दी जाने लगीं। जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति के आंदोलन के दौरान युवा-शक्ति का आवाहन किया। अदम्य उत्साह और अपूर्व साहस से भरे युवक जयप्रकाश की सेना में शामिल हुए और फिर वह सब हुआ जिसने आपातकाल का संवैधानिक अमोघ शस्त्र भी बेकार कर दिया और आजादी के बाद पहली बार दिल्ली की केंद्रीय सत्ता से कांग्रेस का एकाधिकार टूटा। एक गैर- कांग्रेसी सरकार बनी। जयप्रकाश नारायण को वर्ष 1977 में हुए 'संपूर्ण क्रांति आंदोलन के लिए जाना जाता है लेकिन वह इससे पहले भी कई आंदोलनों में शामिल रहे थे। वह किसान आंदोलन, भूदान आंदोलन, छात्र आंदोलन और सर्वोदय आंदोलन सहित छोटे-बड़े कई आंदोलनों में शामिल रहे और उन्हें अपना समर्थन देते रहे। जयप्रकाश जी के लिए यह दुर्भाग्य की बात थी कि उनका अनुयायी होने का तो सभी दावा करते थे, लेकिन उनके आपेक्षाओं को पूरा नही किया। सत्ता में आने के बाद वे बदल गये। अपने आचरण को भी कलंकित किया। अधिकांश लोगों ने कोई मिसाल नहीं प्रस्तुत की। जयप्रकाश जी की सबसे बड़ी विरासत राजनीति में लोकनीति को प्राथमिकता देना और राजसत्ता से लोकशक्ति को महत्वपूर्ण मानना रहा है। जयप्रकाश जी शायद दलविहीन लोकतंत्र के सपने के साथ जोड़कर याद किये जाते हैं, लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि भारत की तीन शानदार राजनीतिक पार्टियों के निर्माण में जयप्रकाश जी ने बुनियादी योगदान किया था। 1948 का कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी और 1977-78 में जनता पार्टी। इस प्रसंग को रेखांकित करने का यह अभिप्राय है कि जयप्रकाश जी लकीर के फकीर नहीं थे, वह मूलतः एक समाजवौज्ञानिक थे, जिसने परिस्थिति के अनुकूल या प्रतिकूल होने पर भी दिशा में सुधार करने में कभी कोई संकोच नहीं किया। जयप्रकाश के आंदोलन से राजनीति के क्षेत्र में आए कई लोग आज उनके आदर्शों का भूल गये हैं। लालू यादव और नीतीश कुमार भी उनके आंदोलन की ही उपज हैं। यह जरूरी है कि भारत के भविष्य के बारे में लगातार सोचने और रचनात्मक तरीके से रास्ता बनाने वाले जेपी के विचारों और उनके चलाये गये कार्यक्रमों का आज पुनः अध्ययन मूल्यांकन किया जाये, क्योंकि आज हम जहां खड़े हैं, वहां भ्रष्टाचार, बाजारवाद, भोगवाद और व्यक्तिवाद बढ़ता जा रहा है। जयप्रकाश नारायण के अनुसार लोकतन्त्र की मजबूती के लिए यहजरूरी है कि हम अपने अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति सचेत हों, संगठित हों। लोकतंत्र से नागरिक जितना अलग और उदासीन रहेगा, उतना ही कमजोर और कुंठित लोकतंत्र चलेगा। लोकतांत्रिक मूल्यों की चेतना के बगैर, लोकतंत्र निर्जीव ढांचे भर रह जायेगा और इस बुनियादी कमजोरी की परख आपातस्थिति में हो चुकी है।


# कुण्ठित पुतिन ने युद्ध के बीच कमांडर बदला


संजीव ठाकुर

रूस यूक्रेन युद्ध के 8 महीने के बाद ऐसी क्या परिस्थिति बदल गई है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपना कमांडर बदलने की आवश्यकता महसूस हो गई और उन्होंने आनन-फानन में अपने पूर्व कमांडर एलेग्जेंडर डूबोर्निकोव के स्थान पर सर्गेई सुरोवीकिन यूक्रेन युद्ध में शामिल कर सुरक्षा बलों के संयुक्त समूह का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि नए कमांडर को बदलने के पीछे पुतिन की योजना की पृष्ठभूमि यह हो सकती है कि पुतिन को पहले तो उम्मीद नहीं थी की युद्ध आठ महीने तक लगातार चल सकेगा ।यूक्रेन के जुझारू पन और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के अस्त्र-शस्त्र की सहायता से यूक्रेन ने रूस का डटकर मुकाबला किया है। यह अलग मुद्दा है कि रूस ने यूक्रेन के डोनेटस्क, लोहंस,जपोरिज्जिया खेरसंन जैसे बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है और दोनों देश के मध्य महीनों से जारी युद्ध एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। यूक्रेन द्वारा रूस के कब्जे में स्थित प्रीमियर के पुल को आने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब आक्रामक मूड में आ गए हैं ।हाल ही में उन्होंने यूक्रेन जंग में परमाणु बमों के इस्तेमाल की बात कही थी और इसी परिपेक्ष में उन्होंने संकेत दिया है कि इस युद्ध में परमाणु शस्त्रों का इस्तेमाल किया जा सकता है और इन परमाणु शास्त्रों के इस्तेमाल के लिए और उसको एक अनुभवी जनरल की आवश्यकता हो सकती है। इसी क्रम में उन्होंने पुराने कमांडर को हटाकर नए कमांडर की नियुक्ति की है। नए कमांडर सरगेई सुरोवीकिंन एक अनुभवी कमांडर हैं और सबसे बड़ी बात वह पुतिन के विश्वासपात्र भी हैं। इसके पूर्व ये कमांडर सीरिया में रूसी सैनिकों का नेतृत्व कर चुके हैं उन्होंने 1990 में तजाकिस्तान में चेचन्या युद्ध में अपना युद्ध कौशल बखूबी दिखा चुके हैं और युद्ध रणनीति बनाने में उनकी दक्षता मानी जाती है। इसी क्षमता को देखते हुए पुतिन ने उनको युद्ध के दौरान यूक्रेन युद्ध का नेतृत्व अचानक सौंपा है। पुतिन ने सेना की ताकत बढ़ाने के लिए नए कमांडर को नियुक्त किया है ।नए कमांडर रूस के पूर्वी राज्य साइबेरिया के रहने वाले हैं। बता दे युद्ध में रूस में हथियारों और गोला-बारूद की भारी कमी हो गई है एवं भारी संख्या में सैनिकों के मारे जाने तथा आम जनता से सैनिकों की नियुक्ति के मामले में रूस को सीनियर सिटीजन का भारी विरोध भी झेलना पड़ रहा है। उधर दूसरी तरफ पुतिन के परमाणु शस्त्रों के इस्तेमाल की बात से यूक्रेन वहां के राष्ट्रपति जेलेंस्की काफी भयभीत हो गए हैं, और लगातार इस प्रयास में है कि पुतिन को मनाया जाए कि वह परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल इस युद्ध में विश्व शांति के विरोध में किसी भी हालत में ना करें। यूक्रेन के कई बड़े शहर तो तबाह हो ही चुके और उनके 50,000 से ज्यादा सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। यह अलग बात है कि युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों से काफी धनराशि एवं युद्ध के उपयोग हेतु अस्त्र-शस्त्र भारी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं जिसके दम पर यू कैन अब तक रूस के खिलाफ टिका हुआ है। यूक्रेन के हास्य कलाकार से राष्ट्रपति बने जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि उन्होंने कभी भी क्रीमिया पुल पर हमले के लिए आदेश नहीं दिया था रूस के कब्जे वाला क्रीमिया का पुल युद्ध के परिस्थिति जन्य प्रयासों के कारण नष्ट किया गया है। यूक्रेन में जो भी अस्त्र-शस्त्र रूस के खिलाफ उठाए हैं वह नैसर्गिक अपनी रक्षा के लिए उठाए गए कदमों में से एक है। वैसे इस बात में सच्चाई है कि दोनों देशों के बीच युद्ध में रूस तथा यूक्रेन के हजारों सैनिक मारे गए हैं और दोनों देशों के फ्रंट में सैनिकों की भारी कमी हो गई है इसी तरह अस्त्र-शस्त्र कथा लड़ने वाले सैनिकों की कमी के चलते दोनों देश काफी चिंतित भी हैं। पुतिन इन परिस्थितियों में इस युद्ध को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना कर धीरे-धीरे परमाणु शस्त्रों के इस्तेमाल की मनःस्थिति बनाते जा रहे हैं। ऐसा होता है तो यूक्रेन की तबाही के साथ-साथ यूरोप के अन्य देश भी रूस के कई इलाकों के साथ तबाह हो जाएंगे और लगभग 10 लाख लोगों के इस परमाणु युद्ध में प्रभावित होने की आशंका रक्षा विशेषज्ञ जता रहे हैं। भारत का इस दिशा में शुरू से ही स्पष्ट संदेश रहा है के वर्तमान में यह युग युद्ध का युग नहीं है शांति तथा विकास का समय होने के कारण उन्होंने पुतिन तथा जेलेंस्की दोनों से अलग-अलग बात कर युद्ध को समाप्त करने की अपील की है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत के सोवियत संघ से संबंध प्रगाढ़ रहे हैं और इसी आधार पर दुनिया के देश भारत से यह उम्मीद करते है कि वह और उसको परमाणु शस्त्रों के इस्तेमाल से रोककर वैश्विक शांति को बरकरार रखने का प्रयास करेगा।

# भारत के हजार टुकड़ों की तैयारी


डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अब तक भारत में जिन अनुसूचित जातियों और जन-जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाता रहा है, अब उनकी संख्या बढ़ाने की मांग हो रही है। अदालत में कई याचिकाएं भी लगी हुई हैं। संविधान सभा में पहले सिर्फ उन्हीं अनुसूचितों को आरक्षण मिला हुआ था, जो अपने आप को हिंदू मानते थे लेकिन 1956 में सिखों और 1990 में बौद्ध अनुसूचितों को भी इस जमात में जोड़ लिया गया। हालांकि गौतम बुद्ध और गुरुनानक अपने अनुयायियों को जातिभेद से दूर रहने का उपदेश देते रहे लेकिन थोक वोटों के लालच में फंसकर नेताओं ने धर्म को भी जाति के पांव तले ठेल दिया। आश्चर्य है कि उन अ-हिंदू धर्मावलंबियों ने उनके इस धर्म विरोधी कृत्य को सहर्ष स्वीकार कर लिया। अब उन्हीं की देखादेखी हमारे मुसलमान, ईसाई और यहूदी भी मांग कर रहे हैं कि उनमें जो अनुसूचित हैं और पिछड़े हैं, उन्हें भी सरकारी आरक्षण दिया जाए। सरकार ने इस पर एक आयोग की घोषणा की है, जो काफी खोजबीन के आधार पर यह तय करेगा कि मुसलमान, ईसाई और यहूदी लोगों को कभी पूर्व पसमांदा, अछूत या दलित हिंदू रहे हैं, उन्हें भी आरक्षण दिया जाए या नहीं? इस आयोग के सदस्य काफी अनुभवी और योग्य हैं लेकिन कह नहीं सकते कि वे क्या सुझाव देंगे। मेरी समझ यह है कि 'काणी के ब्याव में सौ-सौ जोखिम' हैं। जातीय आरक्षण ने पहले ही देश में अयोग्यता और भ्रष्टाचार को बढ़ा रखा है। दूसरा, उनमें जो एकाध प्रतिशत मलाईदार लोग हैं, वे ही सारी नौकरियों पर कब्जा कर लेते हैं। असली गरीब लोग ताकते रह जाते हैं। तीसरा, यदि इसमें नए धर्मों को भी जोड़ लिया गया तो जैनों ने कौनसा अपराध किया है? दक्षिण भारत के सैकड़ों जैन परिवारों को मैं जानता हूं, जो जैन बनने के पहले वंचित और अस्पृश्य हिंदू थे। चौथा, इन नए मुसलमान और ईसाई लोगों के जुड़ जाने से क्या पहले वाले आरक्षितों के अवसर नहीं घटेंगे? पांचवां, उन्हें यह शक भी है कि यह एक बहुत चालाकीभरा पैंतरा है, जो मुसलमानों और ईसाइयों को जातिवाद में फंसाकर उनका 'हिंदूकरण' करना चाहता है। छठा, विपक्षी नेताओं का आरोप है कि यह 'वोट बैंक' की राजनीति का नया पैंतरा है। ये तर्क सही हैं या नहीं, इस पर अलग से विचार किया जा सकता है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि 1947 में मजहब के आधार पर भारत के दो टुकड़े हो गए थे, अब यदि जातिवाद ही हमारी राजनीति का आधार बन गया तो भारत के जमीनी टुकड़े हों या न हों, भारत हजार टुकड़ों में बंट जाएगा। जमीन तो शायद हमारी न टूटे लेकिन हमारे दिलों के हजार टुकड़े हो जाएंगे। जन्म के आधार पर सारे आरक्षण खत्म किए जाएं लेकिन जरूरत के आधार पर जरूर दिए जाएं। जातीय और मजहबी आधार पर बिल्कुल नहीं।

# इस रहस्यमयी गुफा में कटकर गिरा था भगवान गणेश का सिर







धार्मिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने क्रोध में आकर जब श्री गणेश का सिर काट दिया था तो वह सिर उत्तराखंड स्थित पिथौरागढ़ की पाताल भुवनेश्वर गुफा में जा गिरा था वही धार्मिक पुराणों में भी इस गुफा का उल्लेख किया गया है आपको बता दें कि पिथौरागढ़ जिले में गंगोलीहाट से कम से कम 14 किमी दूर ये चमत्कारी गुफा स्थित है इस गुफा से भगवान शिव और श्री गणेश जी की कई कथाएं जुड़ी मानी जाती है ये पवित्र गुफा 160 मीटर लंबी और कम से कम 90 मीटर गहरी है।

वही इसके आस पास के लोगों का कहना है कि यहां पर आज भी शिव विराजमान है साथ ही साथ शिव द्वारा काटा गया श्री गणेश का सिर भी यहां पर मौजूद है पाताल भुवनेश्वर गुफा भक्तों की श्रृद्धा का केंद्र बना हुआ है हर साल लाखों लोग यहां शिव और श्री गणेश के दर्शन करने आते हैं मान्यता है कि यहां पर दर्शन करने से भक्तों की सभी मुरादें पूरी हो जाती है और कष्टों का अंत होता है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा इस पवित्र स्थल की जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।


धार्मिक ग्रंथ स्कंद पुराण में पाताल भुवनेश्वर का जिक्र किया गया है इसमें बताया गया है कि शिव द्वारा काटा गया श्री गणेश का सिर इस गुफा में आ कर गिरा था साथ ही साथ यह भी मान्यता है कि इस गुफा में भगवान श्री गणेश का सिर चट्टान आकार में है इस चट्टान पर 108 पंखुड़ियों वाला बह्मकमल बना हुआ है।



जिसमें अमृत की बूंदे निकलकर श्री गणेश के सिर पर जाकर गिरती है यहां लाखों की संख्या में लोग आकर भगवान के दर्शन कर अपनी मनोकामना को पूर्ण करने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं वही यहां पर स्थित ब्रह्मकमल को लेकर यह मान्यता है कि इसकी स्थापना भगवान भोलेनाथ ने की थी यहां पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ दर्शन पूजन करने से सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और इच्छाएं भी पूरी हो जाती है।

# इस चमत्कारी रत्न को धारण करते ही बढ़ने लगता है बैंक बैलेंस







हर किसी के जीवन में रत्न महत्वपूर्ण होते हैं यह व्यक्ति की सुंदरता में चार चांद लगाने का काम करते हैं ज्योतिष में भी इन रत्नों को विशेष माना गया है ज्योतिषीय सलाह लेकर रत्नों को धारण करने से जीवन की कई परेशानियों व समस्याओं का समाधान हो जाता है रत्न शास्त्र में बहुत से रत्न और उपरत्नों का जिक्र किया गया है हर रत्न किसी न किसी ग्रह से संबंधित होता है कुंडली के ग्रहों को मजबूत करने और शुभ फल पाने के लिए भी ज्योतिष रत्न धारण करने की सलाह देते हैं रत्नशास्त्र में पुखराज को बेहद शक्तिशाली और महत्वपूर्ण रत्न माना गया है इस रत्न को धारण करने से गुरु ग्रह मजबूत होता है ज्योतिषशास्त्र में गुरु को सुख समृद्धि और धन दौलत का कारक ग्रह माना जाता है इस रत्न को धारण करने से जीवन में धन और सुख की कमी नहीं रहती है तो आज हम आपको पुखराज रत्न से जुड़ी जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।

रत्नशास्त्र के अनुसार अगर पुखराज रत्न किसी को सूट कर जाए तो यह रत्न 30 दिनों के भीतर ही अपना असर दिखाने लगता है यह रत्न बृहस्पति का प्रतिनिधित्व करता है ऐसे में बृहस्पति के स्वामित्व वाली राशियां धनु और मीन राशि के जातक यह रत्न धारण कर सकते हैं साथ ही साथ मेष, कर्क, सिंह और वृश्चिक राशि के लोग भी इस रत्न को धारण कर सकते हैं इन लोगों को इससे खूब लाभ मिलता है। किसी भी रत्न को धारण करने से पहले ज्योतिष की सलाह लेना जरूरी होता है ऐसे में पुखराज रत्न वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर और कुंभ राशि वाले लोग भूलकर भी ना धारण करें अगर धारण करना भी है तो ज्योतिष की सलाह जरूर लें।

**जानिए पुखराज धारण करने की विधि–** ज्योतिष की मानें तो जातक को कम से कम 3. 25 कैरेट का पुखराज ही धारण करना चाहिए ये रत्न गुरुवार के दिन सोने या चांदी की अंगूठी में धारण करना शुभ होता है पुखराज को धारण करने से पहले इसे गंगाजल और दूध से शुद्ध करना चाहिए फिर दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में इस रत्न को धारण करना चाहिए इस विधि से पुखराज धारण करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है और परेशानियां भी दूर हो जाती है।

# हथेली के ये निशान देते हैं दुर्घटनाओं और बीमारियों के संकेत




जातक की हथेली पर बनने वाले निशान उसके जीवन में अहम भूमिका अदा करते हैं हस्तरेखा शास्त्र में इनको अधिक महत्व दिया जाता है हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली पर बनने वाली रेखाएं , निशान और आकृतियों के द्वारा व्यक्ति के जीवन, करियर, धन, समस्याओं और सुख दुख के बारे में जाना जा सकता है हथेली पर बनने वाली जीवन रेखा को भी हस्तरेखा शास्त्र में खास माना जाता है जीवन रेखा जातक की सेहत और आयु के बारे में बहुत कुछ बयां करती है

जीवन रेखा हथेली पर वहां होती है जहां से इंडेक्स फिंगर और अंगूठे के बीच में आरंभ होकर अंगूठे के निचले हिस्से से कलाई तक जाती है उसे ही जीवन रेखा कहा जाता है इस रेखा को देखकर ही व्यक्ति के जीवन में बीमारियों और दुर्घटनाओं के बारे में जाना जा सकता है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा इसी रेखा के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन जातकों की हथेली में उनकी जीवन रेखा छोटी होती है उनको जीवन में कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है वही अगर जीवन रेखा पर जंजीर या उलझी हुई कोई रेखा हो तो व्यक्ति को किसी न किसी गंभीर बीमारी का सामना अपने जीवन में करना पड़ता है ऐसा व्यक्ति हेशा ही रोगों से पीड़ित रहता है। अगर हथेली पर जीवन रेखा जरूरत से अधिक पतली हो तो व्यक्ति लंबे वक्त तक बीमार रहने की संभावना अधिक होती है। हथेली में जीवन रेखा पर कोई नक्षत्र का निशान बना हो तो इसे बहुत ही अशुभ माना जाता है

ऐसे लोग अपने जीवन में किसी बड़े शल्य चिकित्सा से गुजरते हैं इनको कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वही अगर जीवन रेखा की शुरुआत में अधिक रेखाएं हो तो जातक को कई तरह के उतार चढ़ाव का भी सामना करना पड़ता है ऐसा मनुष्य अधिकतर परेशानियों का सामना करता है वही अगर इस रेखा के आखिरी में क्रॉस का निशान हो तो इसे अच्छा नहीं माना जाता है यह रेखा व्यक्ति की कम आयु में ही मृत्यु का संकेत देती है ऐसी रेखा होने पर व्यक्ति कई परेशानियों से पीड़ित रहता है।

# सफलता के इन मंत्रों को नजरअंदाज करने की न करें भूल



जीवन में तरक्की या सफलता हासिल करने के लिए अमूमन सभी मेहनत करते हैं। लोग जीवन में कोशिशों को करने में जुटे रहते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें वो मुकाम हासिल नहीं होता जिसकी तलाश में वे होते हैं। ऐसे में प्रभावित इंसान मन से काफी दुखी हो जाता है और वह खुद के साथ-साथ अपने भाग्य को भी दोषी मानने लगता है। कड़ी मेहनत और लगन के बाद भी संघर्ष का जारी रहना जीवन का हिस्सा है। इससे दुखी होने के बजाय हमें इसका सामना करना चाहिए। कहा जाता है कि सफलता को हासिल करने के लिए हर कोई इसके पीछे भागता है, लेकिन ये उसी के कदमों में आकर गिरती है, जो अटूट विश्वास के साथ जीवन को जीते हैं।

देखा जाए तो कामयाब होने के लिए कुछ मंत्रों को जीवन में लागू करना जरूरी है। लोग इन मंत्रों को नजरअंदाज करने की भूल करते हैं और ऐसे में तरक्की का रास्ता बंद होने लगता है। हम इन्हीं मंत्रों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

**खुद पर विश्वास करना:** कड़ी मेहनत के बाद भी तरक्की हासिल नहीं हो रही है तो ऐसे में परेशान होना स्वभाविक है। लेकिन खुद पर विश्वास को खो देना बहुत बड़ी भूल है। खुद पर हमेशा विश्वास रखना सफलता का एक बड़ा मंत्र है। इसे हमेशा ध्यान में रखें।

**हमेशा अपनी सुनें:** लाख कोशिशों के बाद भी जीवन में हालात बुरे बने रहते हैं। ऐसे में लोग दूसरों की बातों को सुनकर उन्हें अपने जीवन में लागू करने की भूल करते हैं। हमेशा अपनी सुनना सफलता का मूल मंत्र है। इसका हमेशा ध्यान रखें। ये भी हैं कि सुनें सब की लेकिन करें अपने मन की।

**कमियों को स्वीकारना:** जो लोग अपनी कमियों से सीखते हैं, उन्हें जीवन में एक समय ऐसा आता है, जब उन्हें कोई आसानी से हरा नहीं पाता। आप भी सफलता के इस मंत्र को जीवन का हिस्सा बना लें। कमियों को स्वीकार न करना भारी पड़ सकता है।

**परिवार का महत्व:** आपने चाहे कितनी ही दुनिया देख ली हो, लेकिन इसके चक्कर में परिवार को कम न समझें। एक सफल व्यक्ति की कामयाबी में परिवार का भी बड़ा हाथ होता है। जो लोग परिवार का महत्व समझने जैसे सफलता के मंत्र को नजरअंदाज करते हैं उनसे मिली हुई तरक्की तक छिन सकती है।

# अक्टूबर में किस राशि की कितनी होगी कमाई, कैसा रहेगा बाजार का हाल

अक्टूबर महीने में, ग्रहों की स्थिति के अनुसार बाजार में अस्थिरता दिखाई देती है। इस महीने में पहले 10 दिनों में तेजी का दौर देखा जा सकता है और 15 अक्टूबर के बाद 22 से 27 अक्टूबर के बीच मंदी के चरण में 3-4 दिनों के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव और अचानक गिरावट देखी जा सकती है।। आइए देखें कि इस महीने बाजारों में क्या महत्वपूर्ण रुझान हो सकते हैं। इस महीने भी बैंकिंग सेक्टर का प्रदर्शन अन्य सेक्टरों के मुकाबले बेहतर रहेगा। निजी बैंक सरकारी बैंकों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

फार्मा सेक्टर और केमिकल सेक्टर में तेजी का रुख देखा जाएगा जबकि एफएमसीजी कंपनियों में मंदी का दौर देखा जाएगा। भारतीय बाजार अमेरिका और चीन से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों के रुझान में ज्यादातर 12 अक्टूबर के बाद तेजी देखी जा ए गी ।

सितंबर की तुलना में अक्टूबर में रुपया बेहतर प्रदर्शन करेगा।

अक्टूबर के लिए 3, 10, 18, 20, 24 और 27 तारीख सबसे अस्थिर दिन हो सकते हैं।

अक्टूबर में मेष मिथुन सहित इन 6 राशियों का करियर चमकेगा मिलेगा फायदा

राशियों से जानें किनके लिए कैसा रहेगा अक्टूबर का महीना

मिथुन, कन्या, कुंभ राशि के जातकों को दैनिक आधार पर ट्रेडिंग और फ्यूचर्स ऑप्शंस में डील करने में सावधानी रखनी चाहिए, नुकसान हो सकता है।

कर्क और मकर राशि के जातकों के लिए इस माह व्यापार अच्छा परिणाम देगा। बुधवार और शुक्रवार आपके लिए खास तौर पर बेहतरीन दिन साबित हो सकते हैं क्योंकि इस महिने में अमावस्या और चतुर्दशी दोनों बुधवार और शुक्रवार को नहीं होंगे।

वृश्चिक और मेष राशि के लोगों को इस महीने बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। इस राशि के उन लोगों को और भी फायदा मिल सकता है जिनकी कुंडली में मंगल की बहुत अच्छी स्थिति है।

तुला और वृष राशि के जातकों को इस महीने जोखिम से बचना चाहिए। लंबी अवधि के निवेश और व्यापार पर फोकस करना इनके लिए ठीक रहेगा।

सिंह और मीन राशि के लिए, यह महीना दर्शाता है कि यदि अतिउत्साह और जल्दबाजी में निर्णय लेंगे तो बड़ा नुकसान हो सकता है।

# मन अशांत है और आत्मविश्वास की कमी है तो कार्तिक मास में रोज सुबह करें गायत्री मंत्र का जप




कार्तिक शुरू हो चुका है। ये महीना 8 नवंबर तक रहेगा। बारिश का मौसम खत्म होने के बाद अब ठंड शुरू हो जाएगी। कार्तिक मास शीत ऋतु का पहला महीना है और इस महीने में तन-मन को अच्छा बनाए रखने के लिए खान-पान के साथ ही जीवन शैली में भी कुछ बदलाव करना चाहिए। मन अशांत हो या आत्मविश्वास की कमी हो तो कार्तिक मास में रोज सुबह गायत्री मंत्र के जप के साथ ध्यान करने से लाभ मिल सकता है।

कार्तिक मास में खाने में ऐसी चीजें शामिल करें, जिनसे शरीर मौसमी बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार हो सके। खाने में केसर वाला गर्म दूध, मौसमी फल, संतुलित आहार लें। खान-पान में बदलाव करके और जीवन शैली को सुधार कर हम रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं। खाने में गर्म तासीर वाली खाने की चीजें शामिल करें।

**कार्तिक मास में सुबह-सुबह करें गायत्री मंत्र का जप**

कार्तिक माह में रोज सुबह जल्दी उठ जाना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। इसके लिए तांबे के लोटे में जल भरें और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करते हुए अर्घ्य अर्पित करें। सूर्य पूजा के बाद ध्यान करना चाहिए। ध्यान करते समय गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए। गायत्री मंत्र - ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात।। इस मंत्र का अर्थ यह है कि सृष्टि की रचना करने वाले, प्रकाशमान परमात्मा के तेज का हम ध्यान करते हैं, परमात्मा का यह तेज हमारी बुद्धि को सही काम करने के लिए प्रेरित करें।

**मंत्र जप करते समय ये बातें ध्यान रखें**

मंत्र जप के लिए किसी शांत और साफ स्थान का चयन करें।

सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद घर के मंदिर में गायत्री माता की मूर्ति या चित्र के सामने कुश के आसन पर बैठें।

गायत्री माता की पूजा करें और गायत्री मंत्र का जप कम से कम 108 बार करें।

इसके लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करें।

**मंत्र जप से दूर होता है तनाव और बढ़ता है आत्मविश्वास**

इस मंत्र के जप से हमारा उत्साह और आत्म विश्वास बढ़ता है, अशांति दूर होती है। विचार सकारात्मक होते हैं, क्रोध जैसी बुराई शांत रहती है। एकाग्रता बढ़ती है।

# तमन्ना भाटिया के अपने लेटेस्ट लुक से फिर ढाया कहर

## व्हाइट शर्ट और डेनिम जीन्स में बढ़ाया इंटरनेट का पारा



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अपने फैंस के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है, और आए दिन अपने नए लुक की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसमे उनका ग्लैमरस लुक नजर आ रहा हैं। इन तस्वीरों में तमन्ना गोल्डन एम्ब्रॉडरी वाली व्हाइट शर्ट और ब्लू डेनिम जीन्स पहने नजर आ रही हैं। तमन्ना ने अपने लुक को ब्लैक हाई हील शूज, खुले बाल और मैचिंग ईयररिंग्स के साथ कंप्लीट किया हैं। तमन्ना भाटिया इस लुक में वह काफी बोल्ड लग रही हैं और कैमरे के सामने कातिलाना अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रितेश देशमुख के साथ नेटफ्लिक्स की फिल्म 'प्लान ए प्लान बी' में नजर आई हैं।

# उर्वशी रौतेला ने ग्रीन लहंगे में बरपाया क़हर

## तस्वीरें देख हो जाएंगे दीवाने



उर्वशी रौतेला को आज किसी पहचान की जरूरत नहीं हैं। उर्वशी अपनी खूबसूरती को लेकर छाई रहती हैं। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। वहीं अब उन्होंने अपनी कुछ लेटेस्ट फोटो शेयर की हैं जिसमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं। इन फोटोज को देखकर एक्टर्स पर से नजरें हटाना बेहद ही मुश्किल है। उर्वशी रौतेला ग्रीन लहंगे-चोली में नजर आ रही हैं जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस ने हाथों में डांडिया ले रखा है और वो कातिल अदाओं के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का मेकअफ भी कमाल का लग रहा है।

उर्वशी रौतेला ने अपनी ड्रेस को गुजराती स्टाइल में कैरी किया है। वहीं उनकी ड्रेस का बैक लुक भी देखने वाला है। इसी के साथ उनका हेयर स्टाइल भी एक्ट्रेस पर काफी जच रहा है और उन्होंने सिर पर हाथ रखा है और फोटो क्लिक करवा रही हैं। उर्वशी रौतेला ने ड्रेस के साथ मौचिंग हैवी जूलरी पहनी हैं। एक्ट्रेस ने हाथों में कड़े, कानों में झुमके और गले में नेकलेस पहना है। इस लुक में उनकी खूससूरती लोगों को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस ने फोटो शेयर करते हुए एक कैप्शन भी लिखा।

उर्वशी रौतेला ने कैप्शन में लिखा कि, 'कैसे भुला दू उसको, मौत इंसानों को आती है, यादों को नहीं।' इसी के साथ दिल टूटने वाला इमोजी बनाया। वहीं फोटो में उन्होंन ड्रेस के साथ मैचिंग डांडिया ले रखा है। इस पोस्ट को अब तक लाखों लोग लाइक कर चुके हैं।

उर्वशी रौतेला की फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही छा जाती हैं। एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त हैं और उनकी एक झलक का फैंस को इंतजार रहता हैं।

# आदिपुरुष के बचाव में आगे आए रामानंद सागर के बेटे

**बोले- 'समय के साथ बदलता है धर्म'**



ओम राउत की फिल्म 'आदिपुरुष' के टीजर जारी होने के बाद से बवाल मचा हुआ है. इन सबके बीच फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर अब आदिपुरुष का सपोर्ट में आगे आए हैं. दरअसल साउथ स्टार प्रभास और सैफ अली खान की फिल्म 'आदिपुरुष' रामायण पर बेस्ड है. इस फिल्म के टीजर रिलीज होने के बाद से मिला-जुला रिएक्शन मिल रहा है. जहां कुछ यूजर्स फिल्म के वीएफएक्स और इसमें दिखाए गए राम-रावण के लुक की काफी आलोचना कर रहे हैं वहीं कुछ ऐसे वीडियो भी सामने आ रहे हैं जिनमें लोग आदिपुरुष के टीजर की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक इंटरव्यू में प्रेम सागर ने आदिपुरुष डायरेक्टर ओम राउत का सपोर्ट करते हुए कहा, आप किसी को कुछ भी बनाने से कैसे रोक सकते हैं? उन्होंने कहा, 'समय के साथ धर्म बदलता है' और 'ओम राउत ने वही किया जो उन्हें ठीक लगा.' हालांकि पक्ष लेने से इनकार करते हुए, उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता ने फिल्म को 'रामायण' नहीं कहा है." वैसे रामानंद सागर की रामायण में काम करने वाले सभी कलाकारों ने 'आदिपुरुष' का विरोध किया है. बता दें कि आदिपुरुष का सोसाइटी के कुछ वर्गों ने विरोध किया है. फिल्म के टीजर को देखते हुए इन लोगों का दावा है कि फिल्म रामायण को सही तरीके से रिप्रेजेंट नहीं करती है. जहां कुछ पॉलिटिशियन ने कुछ देवताओं के डिजाइन के बारे में शिकायत की है, तो वहीं अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने फिल्म पर बैन लगाने की मांग की है.

# जब मलाइका का हद से ज्यादा रिवीलिंग लुक देख फैन्स को आई थी उर्फी जावेद की याद..



मलाइका अरोड़ा कई सालों से इंडस्ट्री में हैं और आज भी वो फिटनेस और खूबसूरती के मामले में नई एक्ट्रेसेज को कड़ी टक्कर देती हैं. मलाइका अपने ड्रेसिंग सेंस और स्टाइल को लेकर भी बहुत चर्चा में रहती हैं क्योंकि वो हमेशा काफी बोल्ड अंदाज में तैयार होती हैं. कई बार उनके लुक को पसंद किया जाता है तो कई बार उन्हें उनकी बोल्डनेस के लिए ट्रोल भी किया जाता है. ऐसा ही कुछ हाल ही में हुआ जब मलाइका को उनकी हद से ज्यादा रिवीलिंग ड्रेस के लिए बहुत ट्रोल किया गया और यह भी कहा गया कि उन्हें देखकर लोगों को उर्फी जावेद की याद आ रही है..

अगर आप सोच रहे हैं कि हम यहां किस लुक की बात कर रहे हैं तो बता दें कि मलाइका अरोड़ा इस साल के फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के लिए काफी बोल्ड लुक में तैयार हुई थीं. इस ईवेंट के लिए एक्ट्रेस ने हरे रंग की एक डीप नेकलाइन वाली रिवीलिंग ड्रेस पहनी थी जिसमें से उनके ब्रेस्ट्स भी नजर आ रहे थे. मलाइका इस लुक के लिए काफी ट्रोल की गई थीं. जैसा कि हमने आपको बताया, मलाइका अपने इस लुक पर बहुत ट्रोल हुई थीं और ऐसे कई लोग थे जिन्होंने एक्ट्रेस को टीवी की बोल्ड हसीना, उर्फी जावेद से कम्पेयर किया था. कई लोगों ने उनकी तस्वीरों के नीचे लिखा था कि उन्हें मलाइका को देखकर उर्फी की याद आ रही है और कहीं मलाइका उर्फी से ट्रेनिंग लेकर तो नहीं आई हैं.

# फनी अंदाज में दिखे रितेश-जेनेलिया

## सोशल मीडिया पर शेयर किया कॉमेडी वीडियो, फैंस बोले- सेम टू सेम मैं भी ऐसे ही फंस गया था



रितेश और जेनेलिया बॉलीवुड के चहेते कपल में से एक हैं। सोशल मीडिया पर आए दिन दोनों अपनी वीडियोज से फैंस को एंटरटेन करते रहते हैं। हाल ही में जेनेलिया ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर किया, जो बेहद सुर्खियों में है। वीडियो में जेनेलिया ने खुलासा किया है कि उन्हें रितेश के बारे में क्या पसंद है।

वीडियो में रितेश पूछते हैं - 'कि आप ने मुझमें ऐसा क्या देखा था, जो आप मुझसे शादी करने को तैयार हो गए?' इस पर जेनेलिया जवाब देती हैं कि- मैंने आपको अपनी बालकनी से कपड़े धोते और बर्तन धोते देखा था।' वीडियो में जेनेलिया और रितेश बेहद क्यूट नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैंस इस वीडियो को खासा पसंद कर रहे हैं। वीडियो देखकर एक यूजर ने कहा- मेरे साथ भी यही हुआ था, मैं भी ऐसे ही फंस गया था। इसके अलावा कई यूजर्स सोशल मीडिया पर कपल की तारीफ कर रहे हैं।

# करण जौहर ने पूछ लिया करीना से मर्दों से जुड़ा ये प्राइवेट सवाल




**करीना का पुराना इंटरव्यू**

करण जौहर का टॉक शो 'कॉफी विद करण' मनोरंजन जगत का सबसे विवादित टॉक शो माना जाता है. इस शो से कई ऐसी बातें बाहर आई हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचाया और इन्हीं में से एक इंटरव्यू करीना का भी है, जब वो मर्दों के प्राइवेट पार्ट पर बोल उठी थीं.

'कॉफी विद करण' में वो एक बार एक्टर इमरान खान के साथ पहुंची थीं और इस दौरान करण ने बहुत से कंट्रोवर्सियल सवाल पूछे थे. रैपिड फायर राउंड के दौरान करण ने करीना से कई सवाल पूछे लेकिन करीना ने उनका जवाब देने से इनकार कर दिया. हालांकि करण के समझाने पर वो ये खेल खेलने के लिए तैयार हो गईं.

बात जब भी दिल खोलकर बोलने की हो तो करीना कपूर का नाम आप पहले नंबर पर ले सकते हैं. उन्होंने हर बार अपने दिल की बात बेधड़क होकर कही है और इस वजहे से उन्हें कई बार परेशानियों का सामना भी करना पड़ा है. एक बार तो उन्होंन मर्दों के प्राइवेट पार्ट के बारे में करण जौहर के शो में ही कह दिया था. जिसके बाद लोग काफी हैरान रह गए थे. करण जौहर और करीना कपूर को काफी अच्छा दोस्त माना जाता है और इनकी बॉन्डिंग के चर्चे पूरे बॉलीवुड में होते हैं और जब भी वो करण जौहर के शो में आती हैं तो सनसनी मचा कर जाती हैं.

**साइज को लेकर दिया जवाब**

करण जौहर ने करीना कपूर से ये पूछ लिया कि क्या साइज मैटर करता है? इस पर करीना कुछ देर के लिए शांत हो गईं. वहीं इमरान खान ने कहा कि वो इसका जवाब सुनना चाहते हैं. थोड़ा सोचने के बाद करीना ने जवाब दिया कि उनके लिए साइज मायने रखता है. करीना का यह जवाब काफी ज्यादा खबरों में आ गया था. हालांकि, एक्ट्रेस को इन सबसे कुछ खास फर्क पड़ा नहीं था.

## शहनाज गिल का साउथ इंडियन लुक देख पिघला फैंस का दिल

**कहा- गजरे में बवाल लग रही हो**

फैंस की चहेती शहनाज गिल जहां भी जाए अपनी झलक फैंस के साथ जरुर शेयर करती हैं। फैंस भी अपनी बार्बी डॉल की हर अपडेट बड़े चाव से देखते हैं। अब शहनाज एक अवॉर्ड नाइट में पहुंची। जहां उन्होंने अपने लुक के लिए खूब सुर्खियां बटोरी। एक्ट्रेस का यह लेटेस्ट लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। फैंस भी एक्ट्रेस की खूबसूरती देख आहें भर रहे हैं।


**कांजीवरम साड़ी में ढहाया कहर**



दरअसल,बीते दिन बेंगलुरु में फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड का आयोजन किया गया। जहां शहनाज गिल ने भी शिरकत की। अवॉर्ड नाइट में शहनाज गिल साउथ इंडियन लुक में नजर आईं और बला की खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने रेड कारपेट के लिए सिल्वर और गोल्ड कलर की कांजीवरम साड़ी चुनी। इसके साथ उन्होंने गोल्ड की ज्वेलरी कैरी करते हुए बालों का जूड़ा बनाया और उसे सफेद फूलों के गजरे से सजाया। पंजाबी शहनाज गिल इस साउथ इंडियन लुक में कमाल की लगीं और इवेंट में उन्होंने खूब तारीफें भी बटोरी।

## टीवी एक्टर्स में क्यों बढ़ता जा रहा है डिप्रेशन

**टीना दत्ता ने खोला राज!**



बॉलीवुड हो या फिर टीवी इंडस्ट्री, एक्टर्स में तनाव के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में एक्टर्स के सुसाइड करने के कई मामले सामने आए हैं। टीवी और सिनेमा जगत में क्यों डिप्रेशन इतना ज्यादा बढ़ता जा रहा है इस मामले पर हाल ही में एक्ट्रेस टीना दत्ता ने बात की। बिग बॉस सीजन 16 की कंटेस्टेंट टीना दत्ता ने शो में बातचीत के दौरान बताया कि एक्टर्स को क्या कुछ फेस करना पड़ता है। टीना दत्ता ने बिग बॉस हाउस में अंकित गुप्ता के साथ बातचीत में बताया था कि एक्टर बनना इतना भी आसान नहीं है। टीना ने बताया कि कलाकारों को कई बार 14-15 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता है। टीवी शो 'उतरन' के जरिए लोकप्रिय हुईं टीना दत्ता ने बताया कि इससे इंसान का वर्क-लाइफ बैलेंस बिगड़ जाता है और वह परिवार को वक्त नहीं दे पाता।

टीना दत्ता ने बताया कि कई शूट ऐसे होते हैं जो लगातार चलते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि दिन का ज्यादातर वक्त कलाकार सेट पर ही बिता देते हैं। इतना ही नहीं कलाकारों को बमुश्किल ही छुट्टियां मिलती हैं। क्योंकि ज्यादातर टीवी शोज और फिल्में एक तय समय सीमा के भीतर खत्म करनी होती हैं ऐसे में छुट्टी की गुंजाइश नहीं बचती।

# नेहा मलिक ने ऑफ शोल्डर ड्रेस में कराया स्टनिंग फोटोशूट, फैंस हुए पानी-पानी



एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉट पोस्ट से इंटरनेट का तापमान बढ़ाते नजर आती हैं। नेहा मलिक की अदाएं देख हर कोई अपना होश खो बैठता है। एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहते हैं। नेहा मलिक आए दिन अपने बोल्ड वीडियो और फोटो के जरिए सुर्खियों में बनी रहती हैं। साथ ही एक्ट्रेस अपने सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं

और अपने पोस्ट से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। नेहा मलिक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट पिक्चर्स शेयर की है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी ज्यादा हॉट लग रही हैं। एक्ट्रेस की ये फोटोज कुछ ही समय में आग की तरह फैलती नजर आ रही है। जिसमें वो काफी सेक्सी पोज देती देखी जा रही हैं। अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट नें नेहा मलिक ने ब्लू कलर की काफी सेक्सी आउटफिट कैरी की है। जिसमें वो काफी ग्लैमरस लग रही हैं। नेहा मलिक ने अपने इस आउटफिट के साथ मैचिंग ईयररिंग कैरी किया है और अपने बालों को खुला रखा है। जिसे देख फैंस लट्टू हो रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी हर फोटो में एक के बाद एक एक्सप्रेशन देकर फैंस के पसीने छुड़ा रही हैं। एक्ट्रेस की अदाएं देख लोग पानी-पानी हो रहे हैं।

# शादी के 4 महीने बाद मां बनीं नयनतारा



एक्ट्रेस नयनतारा और उनके पति विग्नेस 9 अक्टूबर को ट्विन्स के पेरेंट्स बने हैं। दोनों की शादी 9 जून को हुई थी। शादी के 4 महीने बाद ही नयनतारा के मां बनने पर गॉसिप गलियारों में तरह-तरह के चर्चे हैं। यह गुडन्यूज मिलने के बाद लोग उनकी शादी की तस्वीरों में बेबी बंप खोज रहे हैं। वहीं यह भी सुगबुगाहट है कि नयनतारा सरोगेसी से मां बनी हैं। हालांकि कई लोग नयनतारा और विग्नेश के सपोर्ट में सोशल मीडिया पर लिख रहे हैं और उन्हें बधाइयां भी मिल रही हैं।

**लोगों ने जताई हैरानी**

साउथ एक्ट्रेस नयनतारा शादी के 4 महीने बाद ट्विन्स की मां बनी हैं। उनके फैन्स और करीबी इस खबर से काफी खुश हैं। वही कुछ लोग इस बात पर हैरानी जता रहे हैं कि इतनी जल्दी वह कैसे मां बन गईं जबकि इस बीच किसी को उनके प्रेग्नेंट होने की खबर तक नहीं लगी। लोग उनकी पुरानी तस्वीरें भी चेक कर रहे हैं। चर्चा है कि उनके बेबीज सरोगेसी के जरिये हुए हैं। हालांकि विग्नेश या नयनतारा की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं है। लोगों के नेगेटिव कमेंट्स के बीच कई लोग उनके सपोर्ट में सोशल मीडिया पर लिख रहे हैं।

**सपोर्ट में आए लोग**

एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है, सरोगेसी, अडॉप्शन, नैचुरल बर्थ, जो भी हो रहने दीजिए। अपनी नाक मत घुसाइए। प्रिवसी तो मजाक बनकर रह गई है, परिवार को शांति से रहने दीजिए। अगर उन्हें साझा करना होगा और जब बताना होगा तो बता देंगे। एक और कमेंट है, मुझे नहीं पता कि जब सिलेब्स सरोगेसी या आईवीएफ चुनते हैं तो इतना स्टीरियोटाइप क्यों है, ये उनके स्पर्म/एग्स हैं, उनकी इच्छा है, जो भी है लोगों को उनकी पर्सनल लाइफ में दखल नहीं देना चाहिए।

## श्रद्धा कपूर ने बॉडीकॉन ड्रेस पहन उड़ाई नींदें फैंस की बढ़ी धड़कनें

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। श्रद्धा की सादगी फैंस को दीवाना बना देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की है जिसमें वो बहेद ही खूबसूरत लग रही हैं। ये फोटोज सोशल मीडिया पर छा गई हैं जिसे देखकर फैंस अपना दिल हार रहे हैं। श्रद्धा कपूर ने इन फोटोज को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें आप देख सकते हैं कि, वो ग्रे कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इन फोटोज में देख सकते हैं कि उन्होंने बालों को खुला रखा हैं और कानों में इयररिंग्स पहने हैं। एक्ट्रेस कातिल अदाओं के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं जिसे देखकर फैंस पानी-पानी हो रहे हैं। श्रद्धा कपूर की फोटोज को लाखों लाइक्स मिल गए और ये आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्रद्धा कपूर की फोटो पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और अपना दिल हार रहे हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की फोटो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए 'लव' लिखा।






# इन वजहों से गॉलब्लैडर स्टोन का खतरा

शरीर में विषाक्त पदार्थ और अपशिष्टों का जमा होना कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकता है। पथरी बनना ऐसी ही एक समस्या है। स्टोन की समस्या मुख्यरूप से शरीर के दो हिस्सों- किडनी या पित्त की थैली में बन सकती है। किडनी में बनने वाले स्टोन को दवाइयों और घरेलू उपायों के माध्मय से निकालना आसान होता है जबकि पित्त की थैली, चूंकि एक बंद थैली नुमा अंग है ऐसे में इसमें होने वाले स्टोन को निकालने के लिए ज्यादातर मामलों में सर्जरी को ही एक विकल्प माना जाता है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक हमारे खान-पान की गड़बड़ आदतें गॉलब्लैडर स्टोन का कारण बन सकती हैं।

पाचन तरल पदार्थों के अपशिष्टों के जमा होने के कारण पित्ताशय की थैली में पथरी बनती है। पित्ताशय या गॉलब्लेडर, पेट के दाहिने ओर लिवर के ठीक नीचे एक छोटा नाशपाती के आकार का अंग होता है। पित्ताशय की थैली में पित्त नामक एक पाचक द्रव होता है जो छोटी आंत में स्रावित होता रहता है, यह पाचन के लिए आवश्यक माना जाता है। गॉलब्लेडर स्टोन की स्थिति में पेट में तेज दर्द की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए जीवनशैली और आहार का ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। आइए जानते हैं कि किन वजहों से पित्ताशय में पथरी बन सकती है?

कोलेस्ट्रॉल की अधिकता

पित्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत अधिक होती है। आमतौर पर पित्त में कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रसायन होते हैं, हालांकि अगर लिवर पित्त की तुलना में अधिक कोलेस्ट्रॉल का उत्सर्जन करने लगता है तो इसे कम करना कठिन हो जाता है। इस स्थिति में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल, क्रिस्टल के रूप में पित्त की थैली में जमा होने लगता है। यही जमाव गॉलब्लैडर स्टोन का कारण बन सकती है।

बिलीरुबिन की मात्रा का बढ़ना

पित्त में बिलीरुबिन की भी अधिकता होती है। बिलीरुबिन एक रसायन है जो लाल रक्त कोशिकाओं के ब्रेक डाउन के समय उत्पन्न होता है। कुछ स्थितियों के कारण जब आपका लिवर बहुत अधिक मात्रा में बिलीरुबिन बनाने लगता है तो इससे लिवर सिरोसिस, पित्त पथ में संक्रमण, पीलिया और कुछ रक्त विकार हो सकते हैं। अतिरिक्त बिलीरुबिन के कारण भी पित्त की थैली में पथरी बन सकती है।

पित्ताशय का ठीक से खाली न होना

अगर आपका पित्ताशय ठीक से खाली नहीं हो रहा तो इस स्थिति में भी पित्त का अधिक जमाव हो सकता है जिसके कारण पित्त की थैली में पथरी का निर्माण होने लगता है। पित्ताशय के ठीक तरीके से खाली ने होने की शारीरिक रूप से कई वजहें हो सकती हैं।

गॉलब्लेडर स्टोन का कारण बनने वाली स्थितियां

मोटापा या अधिक वजन होने से भी पित्त की थैली में पथरी होने का खतरा बढ़ जाता है।

जिन लोगों के आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा कम होती है उनमें भी गॉलब्लैडर स्टोन का खतरा रहता है।

भोजन छोड़ना या अक्सर उपवास करना भी पित्त की पथरी के खतरे को बढ़ा सकता है।

# बवासीर के लक्षण व रामबाण आयुर्वेदिक इलाज

**बवासीर यानी** पाइल्स एक गंभीर बीमारी है, जिसमें व्यक्ति को अपने नित्यकर्म में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. किसी पुरानी कब्ज और टाइट दस्त के कारण बवासीर की समस्या ट्रिगर हो सकती है. मलाशय और मलमार्ग में फोड़ों को बवासीर के रूप में जाना जाता है. बवासीर के कई कारण हो सकते हैं. लेकिन बवासीर में व्यक्ति को मलत्याग में बड़ी समस्या होती है. यह एक आम समस्या है और हर चार में से तीन को कभी न कभी बवासीर की समस्या से गुजरना पड़ता है. अच्छी बात ये है कि बवासीर का इलाज है और आधुनिक चिकित्सा में इसका ऑपरेशन भी होता है, जबकि आयुर्वेद और घरेलू उपचार के जरिए भी बवासीर की समस्या से निजात मिल सकती है.

**बवासीर के प्रकार**


बवासीर मुख्यतः दो प्रकार का होता है. दोनों ही प्रकार के बवासीर में मरीज को कई तरह की दिक्कतें होती हैं।

एक्सटर्नल पाइल्स यानी बाह्य बवासीर – इस तरह का बवासीर गुदा मार्ग यानी मल मार्ग के आसपास की त्वचा के नीचे होता है.

इंटरनल बवासीर यानी अंदरूनी बवासीर – यह प्रकार का बवासीर व्यक्ति के मलाशय यानी रेक्टम में मौजूद होता है. इन्हें देखा या महसूस नहीं किया जा सकता, लेकिन मल त्याग के दौरान दर्द रहित ब्लीडिंग हो सकती है.

**बवासीर के लक्षण**

बवासीर में व्यक्ति को मल त्यागने में परेशानी होती है. बवासीर की समस्या ज्यादा होने पर व्यक्ति को बैठने में भी समस्या होने लगती है. इसके अलावा कई ऐसे लक्षण हैं जो बवासीर की ओर संकेत करते हैं.




बार-बार मल त्यागने की इच्छा होना, लेकिन मल न निकलना

**बवासीर के कारण**

आयुर्वेद में बवासीर को 'अर्श' कहा गया है. वात, पित्त और कफ तीनों दोषों के दूषित होने की वजह से बवासीर होता है. यही वजह है कि आयुर्वेद में इसे त्रिदोषज रोग भी कहा गया है. कई लोगों में बवासीर पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है. इसके कई अन्य कारण भी होते हैं.

कई लोगों को अपनी जॉब के कारण कई घंटों तक खड़े रहना पड़ता है, और लंबे समय तक खड़े रहने से भी बवासीर हो सकता है. ज्यादा तला-भुना और मिर्च मसाले युक्त भोजन भी बवासीर का कारण बनता है.

ठीक से शौच न होना और फाइबर युक्त भोजन का सेवन न करना भी बवासीर का कारण हो सकता है.महिलाओं में प्रसव के दौरान गुदा क्षेत्र पर अधिक दबाव पड़ने से भी बवासीर का खतरा रहता है. शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण भी बवासीर हो सकता है. धूम्रपान और शराब के सेवन के चलते भी बवासीर हो सकता है.

**बवासीर में तुरंत आराम के लिए क्या करें?**

इप्सम साल्ट और ग्लिसरीन की दो-दो चम्मच लेकर मिलाएं और प्रभावित जगह पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें. यह घरेलू उपचार दर्दनाक बवासीर को कम करने में मदद करता और तुरंत आराम मिल सकता है. इससे सूजन में भी आराम मिलता है.

**बवासीर का घरेलू इलाज**

बवासीर के लिए कई तरह के घरेलू उपाय मौजूद हैं. उनमें से एक हल्दी भी है. हल्दी को गुणों की खान माना जाता है. हल्दी से बवासीर में बहुत उपयोगी साबित हो सकती है. ऐसे ही कई अन्य घरेलू उपाय हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप बवासीर में राहत पा सकते हैं.

**हल्दी पाउडर और नारियल तेल**

आयुर्वेदिक के अनुसार नारियल का तेल कई बीमारियों के इलाज में अहम भूमिका निभाता है. नारियल के तेल में चुटकीभर हल्दी पाउडर मिलाकर बवासीर की जगह पर हल्के हाथों या कॉटन ले लगा लें. इससे आपको गुदा के बाहरी हिस्से में होने वाले बवासीर में राहत मिल सकती है.

**हल्दी और एलोवेरा जेल**

एलोवेरा को उसकी ठंडी तासीर के लिए जाना जाता है. एलोवेरा जेल में हल्दी पाउडर मिलाकर रात में नियमित तौर पर सोने से पहले गुदा मार्ग के बवासीर वाली जगह पर लेप लगाने से राहत मिलती है. इस उपाय को कम से कम दो हफ्तों तक लगातार करें.

**देसी घी और हल्दी है रामबाण इलाज**

देसी घी अपने गुणों के लिए जाना जाता है. अगर आप नियमित रूप से देसी घी का सेवन करते हैं तो कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है. बवासीर की समस्या से निजात पाने के लिए देसी घी में चुटकीभर हल्दी मिलाकर एक मिश्रण तैयार करें और बवासीर वाली जगह पर नियमित तौर पर लगाने से कुछ ही दिनों में बवासीर की समस्या गायब हो जाएगी.

**हल्दी, बकरी का दूध और काला नमक का उपाय**

बसासीन के लक्षणों से आराम पाने के लिए एक कप बकरी के दूध में एक चम्मच हल्दी और आधा चम्मच काला नमक मिलाकर कुछ दिन तक सेवन करें. नियमित तौर पर सेवन करने से कुछ दिनों में ही बवासीर में राहत मिलेगी.

**नहाने के टब में हल्दी का उपाय**

नहाने के टब दो चम्मच हल्दी मिला लें और फिर उसमें 15 मिनट के लिए बैठें. नियमित तौर पर कुछ दिन तक ऐसा करने से बवासीर में राहत मिल सकती है.

# गर्भावस्था में ब्रेस्ट से पानी क्यों आता है?

**महिलाओं को** ज्यादा केयर करने की जरूरत होती है. ऐसे में उनके शरीर में कई बदलाव आते हैं उनमें से एक बदलाव है ब्रेस्ट से पानी आना. जानते हैं यह समस्या आम है या गंभीर...

प्रेगनेंसी के दौरान अक्सर महिलाओं के शरीर में कई तरीके के बदलाव देखे जाते हैं. कुछ बदलाव इनमें से सकारात्मक होते हैं तो कुछ बदलाव नकारात्मक होते हैं. ऐसे में बता दें कि प्रेगनेंसी के दौरान कुछ महिलाओं को ब्रेस्ट से पानी भी आता है. इसके पीछे कुछ आम भी कारण होते हैं और कुछ गंभीर कारण भी हो सकते हैं. ऐसे में इन कारणों के बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि प्रेगनेंसी के दौरान यदि ब्रेस्ट से पानी आए तो उसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं.



**ब्रेस्ट से पानी आने के कारण**

ब्रेस्ट से पानी आने के पीछे कुछ गंभीर कारण भी हो सकते हैं और कुछ आम कारण हो सकते हैं. इन कारणों के बारे में पता होना जरूरी है।

जब ब्रेस्ट में किसी प्रकार की गांठ महसूस हो तब भी व्यक्ति को लक्षणों के तौर पर पानी आने की समस्या हो सकती है.

जब महिलाएं प्रेगनेंसी के दौरान टाइट ब्रा पहन लेती हैं या ब्रेस्ट पर कोई तेज चीज रगड़ जाती है तब भी यह समस्या हो सकती है

प्रेगनेंसी के दौरान थायराइड की समस्या होने पर भी है लक्षण नजर आ सकते हैं

जब महिलाओं की ब्रेस्ट में इंफेक्शन हो जाता है तब भी ब्रेस्च से पानी आने की समस्या हो सकती है.

बता दें कि प्रेगनेंसी के दौरान पानी आना यानी कि आप के बेस्ट शिशु के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं. हालांकि ज्यादा पानी आ रहा है तो ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है.

प्रेगनेंसी के दौरान पानी निकलना कब शुरू होता है?

आमतौर पर प्रेगनेंसी के दौरान बेस्ट से पानी आने की समस्या 26वें हफ्ता से 30वें सप्ताह में शुरू हो जाती है.

हालांकि कुछ महिलाओं को 12वें सप्ताह में भी ये लक्षण महसूस हो सकते हैं.

# लिवर को स्वस्थ रखने के लिए करें ये योगासन

**हेपेटाइटिस** लिवर से जुड़ी बीमारी है। जब संक्रमण के कारण लिवर में सूजन हो जाती है, जो हेपेटाइटिस की समस्या हो सकती है। लिवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लिवर खाने को पचाने में मदद करता है। लिवर में होने वाली समस्या शरीर के सुचारू रूप से कार्य करने की क्षमता पर असर डालती है, जो व्यक्ति के लिए जानलेवा भी हो सकता है। ऐसे में हेपेटाइटिस और लिवर से जुड़ी अन्य बीमारियों से बचने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। लिवर को मजबूत बनाने के लिए योगासन काफी फायदेमंद है। नियमित कुछ खास योगासनों के अभ्यास से लिवर को स्वस्थ बनाया जा सकता है। योग कई बीमारियों से शरीर को दूर रखता है, साथ ही रोगियों की सेहत को सुधारने के लिए भी योग फायदेमंद है। चलिए जानते हैं लिवर को सेहतमंद रखने और लिवर इन्फेक्शन व हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों से बचाव के लिए फायदेमंद योगासनों के बारे में।



## भुजंगासन



लिवर को मजबूत रखने के लिए भुजंगासन काफी फायदेमंद है। भुजंगासन के नियमित अभ्यास से लिवर पर सेहतमंद असर पड़ता है। ये आसन लिवर की कई समस्याओं को ठीक करने के लिए असरदार है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल सीधे लेट जाए। पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को छाती के पास ले जाकर हथेलियों को नीचे टिका लें। गहरी सांस लेते हुए नाभि को ऊपर उठाते हुए आसमान की तरफ देखें। इसी मुद्रा में कुछ देर रहें। इस दौरान सामान्य सांस लेते रहें। अब पुनः वाली अवस्था में आ जाएं। ये प्रक्रिया तीन-चार बार करें।

## नौकासन

हेल्दी लिवर के लिए नौकासन




का अभ्यास भी फायदेमंद है। इस आसन में शरीर नौका के आकार का हो जाता है। कई बीमारियों से लड़ने के लिए नौकासन योगाभ्यास असरदार है। नौकासन करने के लिए शवासन की मुद्रा में लेटकर धीरे-धीरे एड़ी और पंजे को मिलाएं। अब दोनों हाथों को कमर से सटाकर हथेली और गर्दन को जमीन पर रखें। फिर दोनों पैरों के साथ गर्दन और हाथों को भी ऊपर उठाते हुए अपने शरीर का पूरा वजन हिप्स पर डाल दें। करीब 30 सेकेंड इसी अवस्था में रहें, बाद में शवासन की मुद्रा में वापस आ जाएं।

## शलभासन

लिवर को स्वस्थ रखने और हेपेटाइटिस की बीमारी से बचाव के लिए शलभासन का अभ्यास किया जा सकता है। इस योग को करने के लिए जमीन पर पेट के बल लेटकर हथेलियों को जांघों के अंदर रखें। सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को ऊपर उठाएं। इस दौरान घुटने स्थिर रहें और पैर साथ जुड़े रहें। माथे को जमीन पर टिकाकर रखें। करीब 10 सेकेंड इसी अवस्था में रहें और फिर पैरों को नीचे लाते हुए सांस छोड़ें।

**कपालभाति**

कपालभाति का अभ्यास लिवर को हेल्दी रखने में मदद करता है। नियमित कपालभाति करने से लिवर की बीमारियों से बचाव होता है। ये पेट की समस्या को भी दूर कर सकता है। कपालभाति करने के लिए वज्रासन, सिद्धासन या पद्मासन की अवस्था में बैठ जाएं। गहरी सांस लेते हुए सांस को 5-10 सेकेंड तक इसी अवस्था में रहें और फिर सांस को नाक से छोड़ें। इस आसन को रोजाना 10-15 मिनट करें।

# ये दो घरेलू उपाय डार्क सर्कल्स से दिलाएंगे छुटकारा

आंखों के नीचे डार्क सर्कल होने पर चेहरे की चमक खो जाती है. अचानक व्यक्ति के चेहरे पर बुढ़ापे और कमजोरी के निशान नजर आने लगते हैं. हालांकि, डार्क सर्कल का उम्र से कोई लेना देना नहीं है. नींद की कमी, खराब ब्लड सर्कुलेशन और थकान की वजह से आंखों के नीचे डार्क सर्कल हो सकते हैं. आंखों के नीचे काले घेरे या डार्क सर्कल के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं. इस लेख में आंखों के नीचे डार्क सर्कल से जुड़ी जानकारी और घरेलू उपाय के बारे में जानेंगे. पोषण की कमी, धूम्रपान, धूप के कारण त्वचा को नुकसान पहुंचने या आनुवंशिक कारणों की वजह से भी आंखों के नीचे डार्क सर्कल हो सकते हैं. मौसम बदलने पर होने वाले एलर्जिक रिएक्शन, सर्दी-जुकाम और नाक बंद होने की वजह से भी डार्क सर्कल्स दिख सकते हैं. आजकल लोग घंटों कंप्यूटर और मोबाइल की स्क्रीन पर देखते रहते हैं, इसकी वजह से भी आंखों के नीचे काले घेरे नजर आ सकते हैं.

**टी बैग्स का उपाय**

अगर आंखों के आसपास काले घेरे हो गए हैं तो टीबैग सबसे आसानी से उपलब्ध और असरदार तरीकों में से एक हैं. इसके लिए चाय बनने के बाद टी-बैग को फ्रिज में रखकर ठंडा कर लें. जब यह टी बैग ठंडे हो जाएं, फिर उन्हें अपनी आंखों पर रखकर ठंडा सेक लगाएं. 15-20 मिनट तक टीबैग को ऐसे ही आंखों के ऊपर रखे रखें. माना जाता है कि चाय में मौजूद कैफीन यहां की नसों पर प्रभाव डालती है. इससे आंखों के आसपास की नसों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार आता है और डार्क सर्कल दिखाई देना बंद हो जाते हैं.

**दूध से भगाएं डार्क सर्कल**

चेहरे की रंगत निखारनी हो तो दूध एक बेहतरीन घरेलू उपाय है. दूध त्वचा को डीप क्लीन करके चेहरे में चमक लाता है. डार्क सर्कल की समस्या से निजात पाने के लिए ठंडे दूध से त्वचा की मसाज की जा सकती है.

# पैरों एवं हाथों की उंगलियों में दर्द व जलन होती हैं

**प्रश्न : मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले एक महीने से मेरे पैरों एवं हाथों की उंगलियों में दर्द व जलन होने लगी है। आयुर्वेद में इलाज बताएं।**

**- सांबशिव राव, मेदक**

उत्तर : आपके लक्षणों से लगता है आपको वातरक्त याने गठिया का प्रकोप हुआ है। इसे ही गाउट नाम से भी जाना जाता है। इसमें हाथ पैर की उंगलियों और संधियों में तीव्र पीड़ा व जलन होती है। इसमें स्पर्श असह्य हो जाता है। शून्यता ( नंबनेस) और त्वक वैवर्ण्य भी प्रमुख लक्षणों के रूप में सामने आते हैं। इसकी विशेष जांच के लिए और विभेदक निदान के लिए रक्त में यूरिक एसिड के स्तर की जांच की जाती है। यदि यूरिक अम्ल का स्तर 6 के ऊपर जाता है तो यह रोग निश्चित रूप से वातरक्त ही है। आयुर्वेद में इसका उपचार है । एकौषधि में गुडूची क्वाथ, शुद्ध गुग्गुलु व वासा स्वरस का प्रयोग वांछित फल देता है। मिश्रित प्रयोगों में ऊंझा कैशोर गुग्गुलु, पुनर्नवादी गुग्गुलु या औरा अमृता गुग्गुलु विशेष रूप से उपयोगी साबित हुए हैं। पीड़ा के स्थान पर पिंड तेल की मालिश बेहतर नतीजे देती है। ऊंझा महारास्नादि क्वाथ को 15 से 20 मिलीलीटर की मात्रा में दोगुने गुनगुने जल के साथ मिलाकर, सुबह-शाम भोजन के बाद पीने से आराम मिलता है।

पथ्य में - सभी दालें, प्रोटीन युक्त पदार्थ कम से कम करें। उड़द, कुलथी, गन्ने का रस, दही आदि बंद करें। दिन में सोना, धूप का सेवन, अधिक व्यायाम, मैथुन आदि कर्म को त्यागना चाहिए।

**प्रश्न : मेरी उम्र 21 वर्ष है। दांतों में कीड़ा लग गया है। बहुत दर्द करता है। कृपा कर सरल उपाय बताएं।**

**-विश्वनाथ वर्मा, सिकंदराबाद**

उत्तर : आप की स्थिति 'कृमिदंत' या 'डेंटल कैरीज' कहलाती है। वात दोष के प्रकोप से दांतों में खाली स्थान या दंतखात (डेंटल कैविटीज) बन जाती है और इससे दंतक्षय होने लगता है। इस दंतक्षय से दांतों-मसूढ़ो में शोथ, स्राव, दांतों का हिलना, या दांतों का ढीलापन होकर तीव्र वेदना प्रारंभ हो जाती है।

तुरंत लाभ के लिए लवंग तेल लगाएं। बाद में ऊंझा इरिमेदादि तैल का प्रयोग करें। तीव्र वेदना में भी में घी में भूनी हींग को दंतखात में भर दें। यह सारी चिकित्सा सामयिक चिकित्सा होगी। पूर्ण लाभ के लिए आप दंत रोग विशेषज्ञ से मिलें। केविटिज को भरवाएं। यदि दांत ज्यादा खराब हो गए हो तब सलाह लेकर रूट कैनाल थेरेपी कराएं।

**प्रश्न : मैं 26 वर्षीय विवाहिता हूं। पिछले 6 माह से मेरे दोनों स्तनों और बगल में भारीपन और दर्द रहता है। स्तनों में गांठें तो नहीं है पर हिलने -डुलने पर दर्द बढ़ जाता है। यह अक्सर मासिक से सात से दस दिन पहले शुरू हो जाता है और मासिक धर्म के साथ ही खत्म हो जाता है। इसका उपचार बताएं।**

**- श्रीमती प्रभा वेंकटेश, विजयवाड़ा**

उत्तर : प्रत्येक माह मासिक चक्र के दिनों में स्त्री के शरीर में हारमोंस के स्तर पर परिवर्तन आता है। जिसका प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है । स्तन भी इससे अछूते नहीं रहते। यह परिवर्तन सभी स्त्रियों में होता है। लेकिन अधिक संवेदनशील स्त्रियां इसे सहन नहीं कर पाती।



मासिक धर्म के दौरान हारमोंस के बदलाव को सहन करने लायक बनाने के लिए आप औरा आप फेमिब्लेझ सिरप 15 मिलीलीटर की मात्रा में भोजन के बाद लिया करें। मासिक चक्र की अनियमितता एवं उसके दौरान होने वाली पीड़ा को कम करने आप ऊंझा सुंदरी संगिनी सैरप का प्रयोग कर सकती हैं। इसके संग ऊंझा ताप्यादि लौह टिकिया एवं मेनोवास लेना प्रभावी परिणाम देता है। जब स्तन में अधिक भारीपन हो तब आप रात के समय ज्यादा कसी हुई ब्रा का प्रयोग ना करें या ब्रा ही ना पहने। दर्द ज्यादा रहने पर ऊंझा महायोगराज गुग्गुलु का प्रयोग करें।

भोजन में ताजे मौसमी फल एवं सब्जियां लेवें। नमकीन, मिठाईयां, बासी भोजन, फास्ट फूड, जंक फूड, होटल या दावत का भोजन ना खाएं। भरपूर नींद लेवें।

**प्रश्न : शरीर पर लाल रंग के चकत्ते उभर आते हैं और उनमें खाज चलने लगती है। कृपा कर कोई आयुर्वेदिक उपाय बताएं।**

**- सांबशिव ,कामारेड्डी**

उत्तर : आपको अनूर्जताजन्य शीतपित्त तो हो गया है। आप कृपा कर पित्तवर्धक आहार विहार से बचें । नमकीन, तले पदार्थ, मसालेदार चटपटे व्यंजन ना खाएं।

बृहद हरिद्रा खंड सुबह-शाम भोजन के पहले खा कर गुनगुना पानी पिएं। औरा एलेक्झी टिकियां दो-दो गोली दिन में तीन बार भोजन के बाद पानी से लेवें। रात सोने से पहले लघु सुतशेखर रस का प्रयोग करें। हरी मिर्च और खटाई का त्याग करें। जल्दी ही आराम मिल जाएगा।

**डॉ च पुरुषोत्तम बिदादा**

Email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य चिपकाएं।**

आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396 लोअर टैंकबंड, हैदराबाद-80



# भारत को मिला स्विस अकाउंट डिटेल्स का चौथा सेट

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत को स्विस बैंक अकाउंट डिटेल्स का चौथा सेट मिला है। ऐनुअल ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इन्फॉर्मेशन के तहत स्विटजरलैंड ने 101 देशों के साथ लगभग 34 लाख फाइनेंशियल अकाउंट की डिटेल्स शेयर की है। भारत को एईओआई के तहत स्विटजरलैंड से पहला ब्योरा सितंबर 2019 में मिला था, जब उसने 75 देशों के साथ सूचना साझा की थी। भारत के साथ शेयर की गई डिटेल्स सैकड़ों फाइनेंशियल अकाउंट से जुड़ी है, जिसमें मल्टीपल अकाउंट भी शामिल हैं। इस डेटा का इस्तेमाल टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग जैसे गलत कामों की जांच में किया जाएगा।

यह एक्सचेंज पिछले महीने हुआ था और इन्फॉर्मेशन का अगला सेट स्विटजरलैंड सितंबर 2023 में शेयर करेगा। डेटा प्रोटेक्शन और गोपनीयता पर भारत में आवश्यक लीगल फ्रेमवर्क की समीक्षा सहित, एक लंबी प्रक्रिया के बाद स्विटजरलैंड ने भारत के साथ एईओआई के लिए सहमति व्यक्त की थी। एक्सचेंज की गई डिटेल्स में नाम, पता, निवास का देश और टैक्स आइडेंटिफिकेशन नंबर के साथ-साथ अकाउंट बैलेंस और कैपिटल इनकम से जुड़ी जानकारी शामिल है। एक्सपर्ट के अनुसार, भारत को मिला एईओआई डेटा उन लोगों के खिलाफ एक मजबूत केस बनाने में काफी उपयोगी रहा है, जिनके पास बेहिसाब संपत्ति है। डेटा में डिपॉजिट और ट्रांसफर के साथ-साथ सभी कमाई की पूरी जानकारी होती है। सिक्योरिटीज और अन्य एसेट में निवेश शामिल है।

# सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 57,990 पर बंद

## निफ्टी 73 अंक टूटा; बैंक और ऑटो शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर संकेतों से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 57,990 पर बंद हुआ।

निफ्टी 73 अंक कि गिरावट के साथ 17,241 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में गिरावट रही। वहीं सिर्फ 11 शेयरों में तेजी देखने को मिली।

**टाटा मोटर्स-टाटा कंज्यूमर टॉप लूजर**

एक्सिस बैंक, टीसीएस, एचडीएफसी लाइफ, विप्रो, आयशर मोटर्स, सूचना, मारुति और टेक महिंद्रा समेत निफ्टी-50 के 15 शेयरों में तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स, टाटा कंज्यूमर, हीरो मोटोकॉर्प, एशियन पेंट्स,आईटीसी, टाइटन और ग्रासिम समेत निफ्टी के 35 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।



**बैंक और ऑटो सेक्टर में गिरावट**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में गिरावट रही। सिर्फ आईटी सेक्टर में 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। इसके अलावा बैंक, ऑटो, मेटल, फाइनेंशियल सर्विसेज, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी मीडिया, प्राइवेट बैंक, रियल्टी और फार्मा सेक्टर में गिरावट रही। सोने-चांदी में गिरावट, रुपया कमजोर सर्राफा बाजार में आज सोने-चांदी में गिरावट देखने को मिली। आज 24 कैरेट सोना 51,120 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की बात करें तो ये आज 58,949 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 4 पैसे कमजोर हुआ है।

**अमेरिका मार्केट में शुक्रवार को रही थी बड़ी गिरावट**

अमेरिका मार्केट में शुक्रवार को भारी गिरावट देखने को मिली थी। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार डाओ जोंस 630 (2.11%) अंक और नैस्डैक 420 (3.80%) अंक लुढ़के थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को कैश में 2251 करोड़ रुपए की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कैश में 545 करोड़ रुपए की खरीदारी की।

# श्रीनगर: केंद्रीय मंत्री सिंधिया और एलजी सिन्हा ने चौथे हेली-इंडिया समिट का किया उद्घाटन

जम्म,10 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्रीनगर में चौथे हेली-इंडिया समिट 2022 का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि श्रीनगर में आज हेली-समिट का आयोजन कर हेलिकॉप्टर सेवाओं के क्षेत्र में विस्तार की एक नई शुरुआत हुई है। इस दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू कश्मीर जितना खूबसूरत है, उतनी गति से विकसित भी हो रहा है। प्रदेश में निवेश तेजी से बढ़ रहा है। पहले विभिन्न रैंकिंग में जम्मू कश्मीर का नाम नीचे से देखा जाता था, लेकिन अब ऊपर रैंकिंग देखना शुरू की जाती है। यह बदलाव प्रदेश में आया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए सार्वजनिक परिवहन के साधन के रूप में हेली सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार की मंजूरीः जम्मू-कश्मीर सीमेंट लिमिटेड अब निजी हाथों में सौंपी जाएगी, 2012 से घाटे में चल रही कंपनी वहीं, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना है। श्रीनगर में आज हेली-समिट का आयोजन कर हेलिकॉप्टर सेवाओं के क्षेत्र में विस्तार की एक नई शुरुआत हुई है। हेली पॉलिसी व आपातकालीन चिकित्सा में हेलिकॉप्टर के उपयोग के कार्य शुरू किए जा चुके हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, खास कर पर्यटन के क्षेत्र में नए शिखर की ओर बढ़ते जम्मू-कश्मीर के लिए नागर विमानन की वृद्धि अति महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। जम्मू कश्मीरः देश की पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत बदहाल, 1500 सोलर पैनल के आसपास दलदल, मोदी ने किया था शुभारंभ।

# सोने-चांदी के हाजिर भाव में भारी गिरावट

## 2074 रुपये सस्ती हुई चांदी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मजबूत डॉलर के सामने पस्त होता रुपया और शेयर बाजार में आज हुई गिरावट के बीच सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी की चमक फीकी पड़ गई। सोमवार यानी आज 10 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने के भाव में 448 रुपये की कमी आई है। वहीं चांदी के भाव औंधेमुंह गिरे हैं। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक आज 24 कैरेट सोना 51317 रुपये के रेट से खुला, जबकि शुक्रवार को यह 51908 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला था। वहीं, चांदी 2074 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 58774 रुपये पर आ गई है। शुक्रवार को यह 61154 रुपये के रेट से खुली थी। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4937 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 17234 रुपये सस्ती है। जीएसटी समेत 24 कैरेट सोने का भाव 52856 रुपये पर पहुंच जा रहा है। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब जीएसटी के साथ 52645 रुपये पर पहुंच गई है। आज यह 51112 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 47006 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। अब 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ सोने की कीमत 48416 रुपये पर पहुंच गई है। 18 कैरेट गोल्ड का रेट 38488 रुपये पर है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 39642 रुपये हो गई है। यहां 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी जोड लें तो इस सोने का भाव 30920 रुपये पर पहुंच गया है। बता दें इसमें ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है।



# टीसीएस को सितंबर तिमाही में 8.3% का हुआ प्रॉफिट

**रेवेन्यू 18% बढ़कर 55,309 हुआ, अब कंपनी बांटेगी मुनाफा**

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सर्विस कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजें जारी कर दिए। दूसरी तिमाही में टीसीएस के कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 8.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसकी के साथ सितंबर 2022 तिमाही के लिए टीसीएस का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 10,431 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 9,624 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में आईटी प्रमुख का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 18 प्रतिशत बढ़कर 55,309 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले 46,867 करोड़ था। इतना ही नहीं कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड देने का भी फैसला किया है। कंपनी के बोर्ड ने 8 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम डिविडेंड की सिफारिश की। तिमाही नतीजों के बीच टीसीएस के शेयर बीएसई पर अपने लगभग 2% बढ़कर 3,121 रुपये पर बंद हुए। वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के लिए अपने परिणामों की घोषणा करते हुए, टीसीएस ने बताया कि इस तिमाही में उसने 9,840 नए कर्मचारियों को जोड़े हैं। पहले कर्मचारियों की संख्या 616,171 थी। जून तिमाही में टीसीएस ने कहा था कि नौकरी छोड़ने की दर 19.7% थी, जबकि मार्च तिमाही में टीसीएस की नौकरी छोड़ने की दर 17.4% थी।

# एसीसी और अंबुजा के बाद इस सीमेंट कंपनी को खरीदने की तैयारी में गौतम अडानी

## जानें कितने में हो सकती है डील

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशिया के सबसे रईस व्यक्ति व्यक्ति गौतम अडानी एसीसी और अम्बुजा के बाद एक और सीमेंट कंपनी को खरीद सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार इस पूरी डील पर नजर रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि अडानी समूह कर्ज में डूबी कंपनी जय प्रकाश पॉवर वेंचर्स लिमिटेड को आने वाले दिनों में खरीद सकती है। दोनों कंपनियों के बीच बातचीत भी शुरू हो गई है। हालांकि, इस पूरे मसले पर आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है। इस पूरे मसले पर नजर रखने वाले व्यक्ति के अनुसार अडानी समूह जय प्रकाश पॉवर वेंचर्स लिमिटेड को 50 अरब रुपये (606 मिलियन डॉलर) में खरीद सकती है। बता दें, इसी साल अडानी समूह ने अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी लिमिटेड के अधिग्रहण को पूरा कर किया है। अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी की संयुक्त रूप से स्थापित क्षमता 6.75 करोड़ टन सालाना है। साल 2050 तक इस सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। यही वजह है कि अडानी समूह एक के बाद एक इतना बड़ा दांव खेल रहा है। सोमवार को शेयर मार्केट को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि निग्री सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट और कंपनी की अन्य गैर-प्रमुख संपत्तियों के विनिवेश की योजना है। इसी जानकारी के बाद कंपनी के शेयरों की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली है। आपको बता दें कि एसीसी और अम्बुजा सीमेंट में अडानी समूह का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। यह देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेग्मेंट में अबतक का सबसे बड़ा विलय एवं अधिग्रहण सौदा था। इस सौदे के पूरा होने के बाद अडानी की अंबुजा सीमेंट्स में 63.15 प्रतिशत और एसीसी में 56.69 प्रतिशत हिस्सेदारी (अंबुजा सीमेंट्स के जरिये 50.05 प्रतिशत हिस्सेदारी) हो गई है। इस अधिग्रहण का कुल मूल्य 6.50 अरब डॉलर था।



# तैरता पोस्ट ऑफिस: डल झील में शिकारा डाक और पार्सल कलेक्शन सेवा शुरू

श्रीनगर 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीनगर की मशहूर डल झील में शिकारे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र तो हैं ही, ये 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली झील में रहने वाले लोगों की जीवन रेखा भी हैं। इन शिकारों पर अस्पताल, एटीएम और तैरता पोस्ट ऑफिस भी है। देश में अपनी तरह की पहली शिकारा डाक और पार्सल कलेक्शन सेवा रविवार को शुरू हो गई। जम्मू कश्मीर परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल नीरज कुमार ने इसे जनता को समर्पित किया। डल में फ्लोटिंग डाकघर की व्यवस्था करीब 200 साल पुरानी है। यह व्यवस्था झील में रहने वाले लोगों के बीच डाक एवं पार्सल बांटने के लिए की गई थी। अब डाक एवं पार्सल सेवा डल झील में स्थित व्यापारियों, हाउसबोट मालिकों और डल झील में हाउसबोट में ठहरने वाले पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए शुरू की जा रही है। यह सेवा डाक एवं पार्सल लोगों से एकत्र भी करेगी। कश्मीर की विश्व प्रसिद्ध डल झील पर तैरता डाकखाना पूरी तरह से कार्यात्मक है और हर सुविधा प्रदान करता है। सामान्य डाक घरों से यह काफी अनोखा है। यहां की स्टांप और इस डाक घर में चलने वाला म्यूजियम काफी मशहूर है। यह पोस्ट ऑफिस अंग्रेजों के जमाने का है। लेकिन इसे नया नाम 2011 में फ्लोटिंग पोस्ट ऑफिस मिला। पहले इसका नाम नेहरू पार्क पोस्ट ऑफिस था। 2011 में तत्कालीन चीफ पोस्ट मास्टर जॉन सैम्युअल ने इसका नाम फ्लोटिंग पोस्ट ऑफिस रखवाया। अगस्त 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और तत्कालीन केंद्रीय संचार और आईटी मंत्री सचिन पायलट ने इसका उद्घाटन किया था। यह पोस्ट ऑफिस जिस हाउसबोट में है उसमें दो कमरे हैं। एक कमरा पोस्ट ऑफिस के तौर पर काम करता है और दूसरा कमरा म्यूजियम के रूप में है। इस डाक खाने को हेरिटेज के रूप में देखा जाता है। कई पर्यटक डाक खाने को देखने के लिए आते हैं। यहां अधिकांश टिकट और पोस्टकार्ड कश्मीर के विभिन्न दृश्य दर्शाते हैं।



# चेक बाउंस के बढ़ते मामलों से निपटने की तैयारी

## अन्य खातों से पैसे काटने जैसे तरीकों पर विचार

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने चेक बाउंस के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इसमें उसे कई तरह के सुझाव मिले थे। ऐसे मामलों से निपटने के लिए मंत्रालय विचार कर रहा है कि चेक जारी करने वाले के अन्य खातों से पैसे काटे जाएं और उसे नए खाते खोलने से भी रोका जाए। कानूनी प्रक्रिया से पहले उठाने पड़ेंगे कदम दरअसल, चेक बाउंस के मामलों में कानूनी प्रणाली पर भार बढ़ता है। इसलिए वित्त मंत्रालय की बैठक में ऐसे सुझाव दिए गए हैं, जो कदम कानूनी प्रक्रिया से पहले उठाने होंगे। जैसे चेक जारी करने वाले के खाते में यदि पर्याप्त राशि नहीं है तो उसके अन्य खातों से राशि काटना। सुझावों को स्वीकार करने से पहले ली जाएगी कानूनी राय सूत्रों के मुताबिक, अन्य सुझावों में चेक बाउंस के मामले को कर्ज चूक की तरह लेना और इसकी जानकारी ऋण सूचना कंपनियों को देना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस सुझावों को स्वीकार करने से पहले कानूनी राय ली जाएगी। ये सुझाव अगर लागू होते हैं तो भुगतानकर्ता को चेक का भुगतान करने पर मजबूर होना पड़ेगा और मामले को अदालत तक ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे कारोबारी सुगमता भी बढ़ेगी व खाते में पर्याप्त राशि न होने के बावजूद चेक जारी करने के चलन पर भी रोक लगेगी। चेक जारीकर्ता के अन्य खाते से स्वतः राशि काटने के लिए मानक संचालक प्रक्रिया (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) और अन्य सुझावों को देखना होगा। चेक बाउंस होने की स्थिति में मामला अदालत में दायर किया जा सकता है। यह एक दंडनीय अपराध है, जिसमें चेक की राशि से दोगुना जुर्माना या दो वर्ष तक का कारावास या दोनों सजा शामिल हैं। इससे पहले हाल ही में उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड कंपनी ने हाल ही में वित्त मंत्रालय से अनुरोध किया था कि चेक बाउंस के मामले में बैंक से पैसा निकलने पर कुछ दिन तक की अनिवार्य रोक जैसे कदम उठाए जाएं, जिससे चेक जारीकर्ता को जवाबदेह बनाया जा सके।




# आपात स्थिति में ही क्रेडिट कार्ड से निकालें पैसे, लगता है भारी ब्याज

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में लोग खरीदारी करते समय जमकर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। इसकी प्रमुख वजह कार्डधारकों को कई तरह की सुविधाएं मिलना है। इन सुविधाओं में ब्याज मुक्त कर्ज चुकाने की अवधि, क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक और अन्य कई प्रकार के छूट शामिल हैं। कर्जदाता कंपनियां अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड से नकद निकासी की भी सुविधा देती हैं। इसके जरिये जरूरत पड़ने पर अपने कार्ड से पैसे भी निकाल सकते हैं। जानकारों का कहना है कि क्रेडिट कार्डधारकों को आपात स्थिति में इससे नकद निकासी करनी चाहिए क्योंकि इस पर आपको भारी-भरकम ब्याज और लेनदेन शुल्क चुकाना पड़ता है। साथ ही क्रेडिट स्कोर भी इससे प्रभावित होता है। बैंक या अन्य कर्जदाता अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड से पैसे निकालने की अलग-अलग लिमिट देते हैं, जो कार्ड की अधिकतम लिमिट के आधार पर तय होती है। सामान्य तौर पर बैंक या अन्य कर्जदाता अपने क्रेडिट कार्डधारकों को कार्ड से कुल लिमिट का 20 से 40 फीसदी तक रकम निकालने की छूट देते हैं। अगर आपके क्रेडिट कार्ड की अधिकतम लिमिट दो लाख रुपये है तो आप अपने कार्ड से 40,000 से लेकर 80,000 रुपये निकाल सकते हैं। क्रेडिट कार्ड से नकद निकासी पर ब्याज के अलावा अतिरिक्त शुल्क का भी भुगतान करना पड़ता है।

यह शुल्क आपकी ओर से निकाली गई राशि का 2.5 फीसदी से तीन फीसदी तक हो सकता है। अगर आप क्रेडिट कार्ड से दो लाख रुपये निकालते हैं तो आपको 5,000 से 6,000 रुपये तक अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ेगा।

# सरकारी योजनाओं में निवेश पर भारी घाटा

## सुकन्या समृद्धि पर भी सरकार ने चलाई कैंची

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्ज पर जहां ब्याज पिछले पांच महीनों में करीब दो फीसदी तक बढ़ा है, वहीं दूसरी ओर जमा पर ब्याज एक फीसदी तक ही बढ़ा है। महंगाई दर लगातार सात फीसदी के ऊपर है। लेकिन इस बीच जो सबसे बड़ा झटका लगा है वह छोटी बचत योजनाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए है।

पिछले दो वर्षों में इन पर मिलने वाले ब्याज में जमकर कटौती की गई है। इसमें जो सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात है वह यह कि वरिष्ठ नागरिकों से लेकर बच्चियों के लिए शुरू की गई योजना सुकन्या समृद्धि पर भी सरकार ने कैंची चला दी है। ऐसे में निवेश के लिए अब यह साधन बहुत आकर्षक नहीं रह गए हैं। खासकर इनकी लंबे समय तक की लॉक इन अवधि निवेशकों के लिए और भी सेटबैक है। कई कंपनियों के कॉरपोरेट बॉन्ड पर इस समय नौ फीसदी से ज्यादा ब्याज मिल रहा है। जबकि एनसीडी पर यह 10 फीसदी तक है। इनका लॉक इन अवधि भी अन्य योजनाओं की तुलना में काफी कम है। इस समय कई कंपनियों के एनसीडी भी आए हैं। कुछ एनबीएफसी भी जमा पर आकर्षक ब्याज दे रही हैं। ऐसे में इन साधनों में निवेश के लिए मौका तलाशा जा सकता है। एक साल के टाइम डिपॉजिट पर वित्तवर्ष 2020 की चौथी तिमाही में 6.9 फीसदी ब्याज था अब यह 5.5 फीसदी है। इसी दौरान 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर ब्याज 6.9 फीसदी से घटकर 5.7 फीसदी, 3 साल के टाइम डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी से घटकर 5.8 फीसदी और 5 साल के टाइम डिपॉजिट पर यह 7.7 फीसदी से घटकर 6.7 फीसदी रह गया। यही नहीं, रिकरिंग जमा पर भी इस दौरान ब्याज घट गया। यह 7.2 फीसदी से घटकर 5.8 फीसदी पर आ गया है। सरकार की इन योजनाओं में वरिष्ठ नागरिकों को भी घाटा हुआ है। वित्त वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में 5 साल की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर 8.6 फीसदी ब्याज मिलता था। अब यह घटकर 7.6 फीसदी पर आ गया है। 5 साल की मासिक आय योजना (इनकम स्कीम) पर तब 7.6 फीसदी ब्याज मिलता था। अब यब 6.7 फीसदी हो गया है। 5 साल के राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र पर तब 7.9 फीसदी ब्याज मिलता था जो अब घटकर 6.8 फीसदी हो गया है।



इसी तरह पीपीएफ पर यही ब्याज 7.9 फीसदी से घटकर 7.1 फीसदी जबकि किसान विकास पत्र पर यह 7.6 फीसदी से कम होकर 7 फीसदी हो गया है। सुकन्या समृद्धि योजना जिस पर सबसे ज्यादा 8.4 फीसदी ब्याज मिलता था, यह भी अन्य योजनाओं की तरह घाटे वाली हो गई। अब इस पर 7.6 फीसदी ब्याज मिल रहा है।

# त्योहारी सीजन में डबल इंजन से दौड़ रहा बाजार

## ऑनलाइन शॉपिंग से हो रहा फायदा


नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑफलाइन बिजनेस जहां सामान्य हो गया है, वहीं ऑनलाइन वाला मॉडर्न रिटेल बिजनेस जबरदस्त ग्रोथ दिखा रहा है। दोनों के समन्वय से बाजार कोरोना की छाया से अब आजाद हो चला है...बंगलूरू में बर्तनों की साधारण दुकान से सफर शुरू हुआ था। कुछ अलग करने की चाह ने गैस चूल्हा बनाने की दिशा में प्रेरित किया। फिर गैस कनेक्शनों के साथ कोब्रांडिंग के तहत चूल्हे बेचना शुरू किया। जल्द ही स्टोवक्राफ्ट देश में गैस कुकटॉप बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई। प्रेशर कुकर हमारा दूसरा प्रमुख उत्पाद बना। धीरे धीरे दक्षिण की कुकवेयर इंडस्ट्री में स्टोवक्राफ्ट पूरी तरह स्थापित हो गया। कुकवेयर और किचन अप्लायंस क्षेत्र के लिए कोविड काल का अनुभव अलग था। हमारे उत्पादों की मांग घटने की बजाय बढ़ गई थी। वर्क फ्रॉम होम का दौर था। औरतों के साथ मर्दों का ज्यादा समय रसोई में गुजर रहा था। लोग ऑनलाइन उत्पादों की मांग कर रहे थे। लेकिन, समस्या सप्लाई की थी। कोविड में उत्पादन जारी रखना और लागत कंट्रोल में रखना बड़ी चुनौती थी। प्लस पाइंट यह था कि हमारे अधिकांश पुर्जे हम खुद बनाते थे। ऑफलाइन बिजनेस चैनल ठप होना चुनौती थी, लेकिन ऑनलाइन चैनलों की बदौलत हम टिके रहे। ऑनलाइन शॉपिंग न होती तो हमारा कारोबार पाताल में चला जाता। दुकानें, गोदाम, आउटलेट बंद थे। ऐसे में ऑनलाइन सेल वरदान बनी। अच्छी बात यह थी कि ऑनलाइन चैनलों पर स्टोवक्राफ्ट पहले से तैयार था। हमारा ई-कॉमर्स बिजनेस अनुपात इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा है। 2010 में सेकुआ कैपिटल से हमें निवेश मिला था। कुछ वर्ष बाद उन्होंने पैसा निकाल लिया। लिहाजा 2018-19 के आसपास हमने पब्लिक इश्यू की योजना बनाई। लेकिन, कुछ गड़बड़ी से इश्यू टल गया। बाद में कोविड आ गया। कोविड के पहले दौर के बाद हमने फिर कमर कसी और मैदान में उतर गए। निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। उसकी वजह है। कुकवेयर इंडस्ट्री का बिजनेस सीजनल होता है। पहली व आखिरी तिमाही हमारे बाजार में हल्की होती है। त्योहारी मांग दूसरी और तीसरी तिमाही में ही उभार पर आती है।



यह सीजन ओणम से क्रिसमस-नववर्ष तक चलता है। इसलिए निवेशकों को सलाह यह है कि स्टोवक्राफ्ट या किसी और कुकवेयर कंपनी के संदर्भ में वार्षिक कामकाज पर फोकस करें। कंपनी का सालाना कारोबार अब 1100 करोड़ पार कर चुका है।

# नोबेल पुरस्कार 2022: इकोनॉमिक्स का नोबेल 3 एक्सपर्ट को

## इन्होंने बैंकिंग और सोसायटी के रिश्तों की अहमियत बताई




स्टॉकहोम, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। नोबेल प्राइज वीक 2022 के आखिरी दिन इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार घोषित हुआ। इस साल यह प्राइज बैंकिंग सेक्टर के एक्सपर्ट तीन इकोनॉमिस्ट को दिया गया है। ये हैं- बेन बेर्नाके, डगलस डायमंड और फिलिप डिविग। तीनों ने आर्थिक मंदी के दौर में बैंकिंग सेक्टर को बेहतर करने पर रिसर्च किए और मानवता को बचाने के बेहतर तरीके बताए। तीनों ही एक्सपर्ट अमेरिका के हैं।

फाइनेंशियल क्राइसिस से कैसे निपटे सोसायटी

इकोनॉमिक्स का नोबेल अनाउंस करते हुए कमेटी ने कहा- तीनों ही एक्सपर्ट्स ने दुनिया को बताया कि इकोनॉमी जब मुश्किल दौर में होती है तो समाज को बैंकों की मदद लेकर कैसे निपटना चाहिए। बैंकिंग सेक्टर को तबाही से बचाना क्यों सबसे अहम है।

तीनों ही इकोनॉमिस्ट ने बैंकिंग सेक्टर से जुड़ा यह अहम रिसर्च 1980 में शुरू किया था। यह सिर्फ थ्योरी नहीं, बल्कि मुश्किल आर्थिक हालात से उबरने के इन्होंने जो तरीके सुझाए, उस पर कई देशों ने अमल किया।

अमूमन जैसे ही फाईनेंशियल क्राइसिस के वक्त बैंक के डिपॉजिटर्स पैसा निकालने में जल्दबाजी करते हैं। तीनों इकोनॉमिस्ट ने बैंकिंग और सोसायटी के बीच बैलेंस बनाकर इस मुश्किल से निकलने के उपाय सुझाए। कोविड-19 के बाद आर्थिक मंदी के संकेत हैं।

7 दिन में कुल 6 प्राइज अनाउंस होते हैं। सबसे आखिर में इकोनॉमिक्स कैटेगरी का नोबेल अनाउंस किया जाता है। एक सप्ताह में सिर्फ पुरस्कार जीतने वाले व्यक्ति या संस्थान के नामों का ऐलान हुआ। दिसंबर में इन्हें प्राइज दिए जाएंगे।

कोविड की वजह से 2020-21 के विजेता स्टॉकहोम नहीं पहुंच पाए थे। कमेटी ने इस बार इन दो साल के विजेताओं को भी स्टॉकहोम इनवाइट किया है।

शांति पुरस्कार का ऐलान नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में होता है और वहीं यह प्रदान किया जाता है। बाकी सभी कैटेगरीज के प्राइज स्टॉकहोम में दिए जाते हैं। मेडिसिन का नोबेल स्वीडन के सावन्ते पाबो को दिए जाने का ऐलान हुआ था। इसके बाद फिजिक्स और फिर केमिस्ट्री का नोबेल अनाउंस किया गया। दोनों ही पुरस्कार तीन-तीन वैज्ञानिकों को दिए गए हैं। लिट्रेचर यानी साहित्य का नोबेल फ्रांस की लेखिका एनी एर्नेक्स को दिए जाने की घोषणा हुई थी।

फिजिक्स का नोबेल

फिजिक्स का नोबेल तीन वैज्ञानिकों को दिया गया है। ये हैं- एलेन आस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉसर और एंटन जेलिंगर। एलेन आस्पेक्ट फ्रांस से ताल्लुक रखते हैं। वो पेरिस और स्केले यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। जॉन एफ क्लॉसर अमेरिकी रिसर्चर और प्रोफेसर हैं। एंटन जेलिंगर ऑस्ट्रिया की विएना यूनिवर्सिटी में फिजिक्स के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट और रिसर्चर हैं।

नोबेल कमेटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक- इन तीनों वैज्ञानिकों ने उलझी हुई क्वांटम अवस्थाएँ पर रिसर्च किया। इसमें दो पार्टिकल्स बिल्कुल एक तरह का व्यवहार करते हैं। अगर इन दोनों पार्टिकल्स को अलग-अलग भी कर दिया जाए तो इनका व्यवहार नहीं बदलता।

इस रिसर्च का फायदा न सिर्फ नई टेक्नोलॉजी के लिए किया जा सकेगा, बल्कि इससे फिजिक्स की क्वॉन्टम इन्फॉर्मेशन थ्योरी को भी एक्सटेंड किया जा सकेगा। इससे भी बड़ी बात कि यह कई गंभीर बीमारियों के इलाज में नया रास्ता खोल सकती है।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो क्वॉन्टम कम्प्यूटर्स, क्वॉन्टम नेटवर्क्स और क्वॉन्टम एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन में इस रिसर्च से नई क्रांति लाई जा सकती है। क्वॉन्टम मैकेनिक्स को भी नई राह मिलेगी।

केमिस्ट्री का नोबेल प्राइज

केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को दिए जाने का ऐलान हुआ है। इनके नाम हैं- कैरोलिन बेट्रोजी (अमेरिका), मोर्टन मेल्डेल (डेनमार्क) और बेरी शार्पलेस (अमेरिका)। 81 साल के शार्पलेस को 2001 में भी दो अन्य वैज्ञानिकों के साथ यह पुरस्कार मिला था।

नोबेल कमेटी के मुताबिक, इन वैज्ञानिकों ने क्लिक केमिस्ट्री को एक नया आयाम दिया है। इसके अलावा बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री में इनका रिसर्च भविष्य में मेडिसिन के लिए नया रास्ता खोलेगा।

नोबेल पीस प्राइज 2022

नोबेल पीस प्राइज एक व्यक्ति और दो संगठनों को दिया गया है। नोबेल कमेटी के मुताबिक- इस साल कुल 340 व्यक्ति या संस्थाओं ने शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन फाइल किए। इनमें 251 व्यक्ति और 92 ऑर्गनाइजेशन हैं।

पिछले साल यानी 2021 में 329 नॉमिनेशन मिले थे। इस साल 343 का आंकड़ा नोबेल पीस प्राइज नॉमिनेशन के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके पहले 2016 में इस कैटेगरी के लिए 376 नॉमिनेशन प्राप्त हुए थे। इन नामों को 50 साल तक पब्लिक यानी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

# वेनेजुएला में बाढ़ से हुई तबाही

## भारी बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में अब तक 22 की मौत, 50 लापता




काराकास, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ अमेरिकी देश वेनेजुएला में बाढ़ और भारी बारिश की वजह से हालात बेहद खराब हो गए हैं। रविवार को हुए लैंडस्लाइड में 22 लोगों की मौत हुई है, जबकि 50 लोग लापता हैं। 3 राज्यों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी के पास लास तेजेरियस शहर में हुआ है। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 3 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है।

उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बताया कि लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नदियों का जलस्तर बढ़ जाने से कई घर तबाह हो गए हैं। महज 8 घंटे में ही महीने भर की बारिश हो गई। बारिश से तेजेरियस शहर की पांच छोटी नदियां उफान पर हैं। इसमें पानी के पंप और बिजली के पोल बह गए हैं।

शहर को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है।

लास तेजेरियस में 23 साल बाद इतनी बड़ी आपदा आई है। इससे पहले वर्गास शहर में 1999 में लैंडस्लाइड हुआ था, जिसमें 10 हजार लोगों की मौत हो गई थी।

# छठ पूजा के लिए नेकलेस रोड घाट का सर्वेक्षण किया



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ के महासचिव के डी चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छठ पूजा समिति रानीगंज द्वारा नेकलेस रोड संजीवैया पार्क स्थित घाट का सर्वेक्षण करने उत्सव समिति के अध्यक्ष आर पी सिंह अपने सदस्यों के साथ उपस्थित हुए। इस वर्ष भी छठ पूजा का आयोजन 30 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक नेकलेस रोड स्थित संजीवया पार्क के पास किया जा रहा है। महामंत्री हरि सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा पूजा में व्रती 28 अक्टूबर से 24 घंटे का उपवास करते है जिसे नहाय खाय कहा जाता है फिर 29अक्टूबर को शाम में खरना प्रसाद ग्रहण कर 48 घंटे का निर्जल उपवास करते हुए 31 अक्टूबर को व्रत का पारण किया जाता है। उपाध्यक्ष नारायण ओझा ने बताया कि तेलंगाना सरकार के मदद से आज यह एक सामूहिक पूजा का रूप ले लिया है।

संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी रघुवीर सिंह ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का आश्वासन दिया। संस्था के संयुक्त सचिव अमित ओझा ने बताया तेलंगाना सरकार के द्वारा प्रदत सुविधाओं में लाइट, टेंट, चौकी, पार्किंग, शौचालय की व्यवस्था की जाती है यह अत्यंत सराहनीय है। उपस्थित सदस्यों में वकील पांडे, आंशिक राय, मनोज मिश्रा, सुनील ओझा, जयराम ओझा, दीपक सिंह, संतोष सिंह, मनीष गुप्ता, संजय सिंह, उदेनी मंडल, विजय ओझा ने भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# राज्य सरकार ने छठ पूजा हेतु अधिकारियों को दिया समुचित व्यवस्था करने का निर्देश



हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद शिष्टमंडल के प्रतिवेदन पर तेलंगाना सरकार वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर के विभिन्न बतुकम्मा घाटों पर छठ पूजा के लिए साफ सफाई के साथ ही पूजा स्थल पर टेंट एवं लाइट की समुचित व्यवस्था कराई जाए। एसोसिएशन के सचिव प्रभाष कुमार ने बताया सरकार द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में एक अलग से नोडल अधिकारी बनाया गया है जो पूजा से संबंधित कार्यों को देखेगा। अध्यक्ष हरे राम सिंह ने बताया कि हमारे नेतृत्व में गत सप्ताह बिहार एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल आईटी /शहरी विकास मंत्री केटीआर एवं श्रम एवं रोजगार कल्याण मंत्री मल्ला रेड्डी से मिलकर आग्रह किया था की छठ महापर्व पर राज्य सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था कराई जाए। शिष्टमंडल मंत्री महोदय के साथ-साथ राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य सचिव, विशेष सचिव इत्यादि से भी मिलकर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था, सभी ने शिष्टमंडल प्रतिनिधि को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया था। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने बताया की शिष्टमंडल के आग्रह पर सरकार द्वारा शहर के सभी बतुकम्मा घाट पर छठ पूजा आयोजन के लिए समुचित व्यवस्था हेतु अलग से एक नोडल ऑफीसर बनाया गया है जो मुख्य रूप से पूजा स्थल पर साफ सफाई टेंट एवं लाइट की व्यवस्था कराएगी, पूजा के लिए चिन्हित बटुकम्मा घाट टैंक बंड, उप्पल, नागौल, पीरजादीगुडा, अयोध्या नगर, फॉक्स सागर, सुराराम, बोलाराम, पठान चेरु, काटे दान, हेमा नगर, रामंतापुर, हषमतपेठ, जेडी मेटला, गचीबोली, दरगाह, कोंडापुर घाट हैं। बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह द्वारा सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र के जीएचएमसी अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर पूजा के लिए समुचित व्यवस्था करें, इसी कड़ी में बिहार एसोसिएशन मियापुर बोलाराम शाखा के प्रभारी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी गणेश चौबे, विनोद कुमार राय, प्रेमशंकर सिंह, नागेंदर सिंह, एम.के सिंह, ऋषि राज, रुपेश राय, विकास गहलोत, राधे मियापुर बोलाराम बतुकम्मा घाट तथा टैंक बंड बतुकम्मा घाट का हरेराम सिंह के नेतृत्व में भरत सिंह, एच नारायण झा, सतीश झा, श्याम सुंदर सिंह, आदित्यनाथ झा, अरविंद ओझा, प्रभात मिश्रा, जितेंद्र ओझा, भाग्य नारायण दास, मुरली चौधरी एवं अजय ओझा इत्यादि गणमान्य के द्वारा बतुकम्मा घाट एवं आसपास घाटों पर पूजा हेतु समुचित व्यवस्था करने के क्रम में निरीक्षण किया गया।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती समारोह संपन्न



वारंगल, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को जिला एससी मोर्चा के अध्यक्ष नल्लबेली सुदर्शन की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि की जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि भाजपा वारंगल जिलाध्यक्ष कोंडेती श्रीधर थे।वारंगल संयुक्त जिले के पूर्व अध्यक्ष एडला अशोक रेड्डी ने भाग लिया और बातचीत करते हुए रामायण महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती समारोह मे भाजपा एससी मोर्चा ने कहा कि आयोजन करना गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि हमारे देश के अतीत के शासक महानों के इतिहास को छिपाते हुए शासन करते रहे और हमारे भारत के महापुरुष श्री राम थे और उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग भारत के लिए एक आदर्श था। उन्होंने कहा कि रामायण भाइयों और बहनों के बीच के बंधन, पिता की बात मानने और लोगों के कल्याण के लिए राज्य के शासन को जारी रखने का प्रमाण है। ऐसी महान कविता लिखने वाले ऋषि वाल्मीकि ने इतिहास के भविष्य को जानने की आवश्यकता का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रत्नम सतीश सा, अच्छा विद्यासागर, भाजपा जिला महासचिव भकम हरिशंकर, जिला पदाधिकारी गट्टीकोप्पुला रामबाबू, मौनिका, राज्य कार्यकारिणी सदस्य महाकाली जिला प्रभारी बन्ना प्रभाकर, मदासु राजू, पंजा वेंकटेश्वरलू वारंगल जिला एससी मोर्चा प्रधान सचिव. चिंताम भास्कर, गुंती वीरा प्रकाश, नलिगंती नरसिंगम, कोथापेल्ली राजेश, जन्नू सुब्रमण्यम, उपाध्यक्ष पोलेपाका जनार्दन, दांडू चक्रपाणि, गुंडे रघुपति, सचिव इलंदुला किशन, पोलेपाका सरथ, सिंगरापु सुजाता, प्रवीण और अन्य ने भाग लिया।

# पाक प्रेसिडेंट के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

इस्लामाबाद, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की सियासत में उथल-पुथल जारी है। शाहबाज सरकार, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी के खिलाफ महाभियोग की तैयारी में है। सरकार के सांसदों का आरोप है कि अल्वी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी हैं। अल्वी ने सत्ता हस्तांतरण में संविधान का उल्लंघन किया है। इसलिए उन्हें राष्ट्रपति पद से हटाना जरूरी है। दरअसल, इस राजनीतिक पटकथा की शुरुआत 6 अक्टूबर को हुई। राष्ट्रपति अल्वी ने संविधान के अनुच्छेद 54-1 और 56-3 के तहत संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। इसके बाद ही महाभियोग की मांग उठ रही है। अल्वी ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने और ध्रुवीकरण को समाप्त करने की बात कही थी।

हालांकि, राष्ट्रपति के संबोधन के दौरान भी हॉल करीब-करीब खाली था। 422 में से केवल 15 सांसद उपस्थित थे। पीएमएलृ-एन, पीपीपी और जेयूआई-एफ के सांसदों ने बिना किसी पूर्व सूचना के राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार किया।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि उनकी पार्टी (पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी) मांग करती है कि राष्ट्रपति अल्वी के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। जब अविश्वास मत लाया गया, उस दौरान भी अल्वी की मिलीभगत सामने आई। इसलिए पीपीपी ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर उनके संबोधन का बहिष्कार किया।

महाभियोग की प्रक्रिया संसद के दोनों सदनों में से किसी एक में शुरू हो सकती है। सदन राष्ट्रपति के खिलाफ आरोप लगाकर प्रक्रिया शुरू करता है।

# ...जब मंत्री जी मछली पकडने से खुद को रोक नहीं पाए



वारंगल, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायती राज ग्रामीण विकास, ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री एराबेली दयाकर राव रविवार को संयुक्त वारंगल जिले का दौरा किया।पालकुर्ती विधानसभा क्षेत्र का दौरा पूरा करने के बाद वे वारंगल जाते समय, कई लोगों से मुलाकात कर जनता से बातचीत की। रास्ते मे नेल्लीकुडुरु मंडल के मेचा राजू गांव से गुजरते हुए और एराबेली रास्ते में कुछ लोगों को मछली पकड़ते देखा। वह फौरन अपने काफिले से उतर कर मछुआरों के पास गये। उन्होंने उनमें से एक से एक छड़ी ली।उन्होंने उस छड़ी को पकड़ कर और मछली का शिकार करने लगे।

उन्होंने कहा कि मछली पकड़ना, जिसे कभी तेलंगाना में एक नियमित गतिविधि के रूप में देखा जाता था, संयुक्त राज्य में लगभग कम हो गया है। उन्होंने कहा कि जब तेलंगाना आया, केसीआर के सीएम बनने के बाद, कालेश्वरम परियोजना के निर्माण के बाद, तालाबों को प्रचुर मात्रा में पानी मिला। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों में करोड़ों मछलियों को मुफ्त में छोड़ा गया और मछली क्रांति लाई।और अब आप जिधर भी देखते हैं मछलियां ही दिखती हैं, इस प्रकार मछुआरों का रोजगार और आय बढ़ी है और उनके परिवार का जीवन-यापन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सीएम केसीआर की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वह संबद्ध जातियों और उनके संबंधित जाति व्यवसायों के लिए पूर्व गौरव लाए। मंत्री सीधे उनके पास आए और कुछ देर उनके साथ मछली पकड़ने का मजा लिया।

# जंग के 229वें दिन कीव पर सबसे बड़ा रूसी हमला

## एक दिन में 75 मिसाइलें दागीं, दो दिन पहले यूक्रेन ने कर्च ब्रिज उड़ाया था




कीव, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन की तरफ से कर्च ब्रिज को उड़ाए जाने का बदला 48 घंटे में ले लिया है। सोमवार सुबह से रूस की तरफ से यूक्रेन पर एक के बाद एक 75 मिसाइल अटैक किए गए हैं। इन धमाकों में यूक्रेन का पारकोवी ब्रिज भी तहस-नहस हो गया है। यह ब्रिज नाइपर नदी पर पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया था।

दरअसल, शनिवार को यूक्रेन ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च रेलवे ब्रिज को तबाह कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिज में धमाका शनिवार सुबह 6 बजे के करीब हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इस ब्रिज को क्रीमिया पर रूस के कब्जे के सिंबल के तौर पर देखा जाता था। इसके बाद ही पुतिन ने यूक्रेनी राजधानी पर दोबारा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन के जापोरिजिया में एक बार फिर मिसाइलें दागी हैं। रूस ने 10 अक्टूबर सुबह करीब 4:30 बजे जापोरिजिया में मिसाइल अटैक किया। जापोरिजिया के मिलिट्री चीफ ऑलेक्जेंडर स्टारुख ने इसकी जानकारी दी है। यह 24 घंटे के भीतर लगातार दूसरा हमला है। इससे पहले 9 अक्टूबर को जापोरिजिया में मिसाइल अटैक हुआ था। रूस-यूक्रेन जंग को शुरू हुए 7 महीने हो गए हैं। फरवरी के अंत में जंग की शुरुआत में रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े मिसाइल हमले किए थे। हालांकि कीव के सैनिकों और नागरिकों की तरफ से कड़ी टक्कर मिलने के बाद अप्रैल में रूस ने कीव से अपनी सेना को वापस बुलाना शुरू कर दिया। अब एक बार फिर से रूस ने कीव पर हमला करना शुरू कर दिया है।

# युद्ध की तैयारी में किम? नॉर्थ कोरिया ने बनाए खतरनाक परमाणु हथियार, कई मिसाइल कीं लॉन्च



वर्ल्ड डेस्क, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले साल जनवरी में कांग्रेस की एक प्रमुख पार्टी में किम ने 5 साल के लिए रक्षा उपकरण विकास प्लान के बारे में घोषणा की थी. इस दौरान किम ने छोटे और कम वजनी परमाणु हथियार विकसित करने का आह्वान किया था. उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया एजेंसी ने यह जानकारी दी है कि हाल ही में किए गए 7 मिसाइल परीक्षण दरअसल 'परमाणु अभ्यास' थे. यह परमाणु अभ्यास उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के नेतृत्व में किए गए हैं. पिछले साल जनवरी में कांग्रेस की एक प्रमुख पार्टी में किम ने 5 साल के लिए रक्षा उपकरण विकास प्लान के बारे में घोषणा की थी. इस दौरान किम ने छोटे और कम वजनी परमाणु हथियार विकसित करने का आह्वान किया था.

दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने हाल ही में संयुक्त रूप से नौसैनिक अभ्यासों में तेजी की है. इन अभ्यासों की वजह से उत्तर कोरिया नाराज है और उसने अपने मिसाइल परीक्षणों को सही ठहराते हुए इसी 'वाजिब जवाब' बताया है. उत्तर कोरिया की कोरिअन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा है कि हाल ही में किए गए मिसाइल परीक्षण अन्य देशों के जॉइंट ऑपरेशन की वजह से किए गए हैं. एजेंसी ने कहा, 'यह एक वास्तविक युद्ध के तहत किया गया है.'

# पेट पालने के लिए रेप तक झेला

## आंटी ने अधेड़ के हाथों बेच दिया, फिर बनी किन्नर महामंडलेश्वर, अब मेरे ऊपर फिल्म बन रही

एक्सक्लूसिव डेस्क, 10 अक्टूबर। मैं निर्मोही अखाड़ा की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी। पहली किन्नर, जो दुनियाभर में भागवत गीता, शिव पुराण और गरुड़ पुराण की कथा करती हूं। मेरा जन्म गुजरात के वडोदरा में हुआ था, लेकिन बचपन में ही हम लोग मुंबई आ गए। पापा फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर, मोहन स्टूडियो में पार्टनर और विश्वकर्मा फिल्म्स कंपनी के मालिक थे। जबकि मां डॉक्टर थीं। उस जमाने में टीवी, एंबेसडर कार सब कुछ था हमारे पास। मैंने रेखा, अमिताभ बच्चन, जितेंद्र और संजय दत्त जैसे सेलिब्रिटीज को बहुत करीब से देखा है, लेकिन ठाठ-बाट के ये दिन ज्यादा समय तक नहीं रहे।

एक दिन पापा को अचानक हार्ट अटैक आया। हम उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन बचा नहीं सके। तब मैं तीसरी क्लास में थी। बहन मुझसे एक साल छोटी थी। पापा गुजराती थे और मां पंजाबी। दोनों ने घरवालों की मर्जी के खिलाफ लव मैरिज की थी। पापा के अचानक चले जाने से मां गुमसुम रहने लगीं। रिश्तेदारों ने भी घर आना-जाना बंद कर दिया। सिर्फ चाचा ने साथ दिया और अपने साथ वडोदरा ले गए, लेकिन वहां भी मां का मन नहीं लगा। वे काफी अकेलापन महसूस करती थीं। मां को मोहन स्टूडियो की पार्टनरशिप के कुछ पैसे मिले थे, उन्होंने मुंबई के मीरा रोड पर चार बेडरूम का फ्लैट खरीद लिया। इस तरह दो साल बाद हम फिर से मुंबई शिफ्ट हो गए। मां को उम्मीद थी कि पापा की मौत के बाद नानी का दिल पसीजेगा, वे शायद मान जाएंगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। नाना-नानी पर पापा की मौत का कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने एक बार भी हमारा हाल नहीं पूछा।

इससे मां को काफी तकलीफ हुई। वो गुमसुम रहने लगीं, धीरे-धीरे उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ती चली गई। पागलों की तरह बिहेव करने लगीं। कभी खुद से जोर-जोर से बातें करतीं, तो कभी जोर-जोर से हंसने लगतीं। फिर सड़क पर भाग जातीं। पापा का नाम लेकर बुलाती रहती थीं। घर का सामान बाहर फेंक देती थीं, अंदर कूड़ा-कचरा रख देती थीं। हम दोनों बहनें मां को इस तरह देखकर डर जाते थे। एक दिन तो मां ने हमें इतना पीटा कि पड़ोसियों को बाथरूम की खिड़की से हमें बाहर निकालना पड़ा। इस बीच धीरे-धीरे हमारे पैसे खत्म होने लगे। हमारी पढ़ाई छूट गई, मांगकर खाने की नौबत आ गई। पड़ोसियों से खाना मांगते, तो वे मुंह पर ऐसे रोटी फेंकते जैसे कोई जानवर को भी न खाने को दे।

घर के बगल में ही एक पंजाबी परिवार रहता था। उन्होंने हमारी मजबूरी का फायदा उठाया। मुझसे घर का काम करवाना शुरू कर दिया। मैं उनके घर बर्तन साफ करती, कपड़े धोती, झाड़ू-पोंछा करती। बदले में रात में मुझे और बहन को दो-दो रोटी दे देते थे। उनके घर इतना ज्यादा काम होता था कि कई बार रात में भी वहीं सो जाती थी।

एक रात उनका बेटा कमरे में आया और मेरा मुंह दबाकर रेप करने लगा। उसकी मां आवाज सुनकर कमरे में आई, बत्ती जलाकर देखा और चली गई। उस दिन के बाद मेरे साथ हर रात रेप होता, लेकिन मैं दो वक्त की रोटी की खातिर विरोध नहीं कर सकी। उस वक्त मेरी उम्र 12 साल रही होगी। बहुत दर्द होता था मुझे मानसिक भी और शारीरिक भी, लेकिन किससे क्या कहती। कहीं कोई रास्ता था ही नहीं। एक रोज मामा घर आए। मैं पड़ोसी के घर काम करने गई थी। उन्होंने घर में मां के साथ मारपीट की, सारे गहने छीन लिए। दोनों बहनों की फिक्स्ड डिपॉजिट के कागज लेकर चले गए।

इससे मां को और तकलीफ हुई। वो बिस्तर पर ही पड़ी रहने लगीं। कुछ रोज बाद की बात है। अलसुबह प्रभात फेरी निकलने की आवाज आ रही थी, तभी बहन ने दरवाजा खटखटाया और कहने लगी कि मां उठ नहीं रही है। जाकर देखा तो मां जा चुकी थीं।

हम दोनों छोटे थे, कुछ समझ नहीं आ रहा था कि कैसे करें, क्या करें। सारा मोहल्ला घर के सामने इकट्ठा हो गया। मैंने किसी से कहा कि नानी बोरीवली में रहती हैं, मुझे वहां ले चलो। मैं नानी के घर गई, तो उन्होंने कहा कि कांता (मेरी मां) हमारे लिए उसी दिन मर गई थी जिस दिन उसने अपनी मर्जी से शादी की थी। मैं रोती हुई वहां से आ गई। तब तक कुछ लोगों ने मां की अर्थी तैयार कर दी थी। थोड़ी देर बाद अचानक मामा, मामी और नानी आ गए। रोने-धोने का ड्रामा करने लगे। दोनों बहनों ने मां को कंधा दिया और मुखाग्नि दी। दाह संस्कार के बाद जब हम लौटे तो देखा कि घर में नानी और मामा सब सामान इधर-उधर कर रहे हैं कि कहीं कुछ कागज या गहने मिल जाएं।



मां के जाने के बाद हम अनाथ हो गए। पड़ोसी हमारा शोषण करने लगे। दिन-रात काम करने के बाद भी दो रोटी ढंग से नहीं देते थे। बदमाश लड़के घर के बाहर घूमते रहते, दोनों बहनों पर फब्तियां कसते। दो साल ऐसे ही चलता रहा।

जैसे-तैसे करके पड़ोसियों से पैसे लेकर बहन की शादी कर दी। लड़के वाले अच्छे थे। शादी में हमारी आर्थिक मदद भी की। इसके बाद मैं एकदम अकेली हो गई। पड़ोसियों ने मेरा घर किराए पर दे दिया और पैसे भी खुद लेने लगे। यानी यहां से शरीर और मन के साथ धन का शोषण भी शुरू हो गया। मैंने अपने पड़ोसियों से पैसे मांगे कि मुझे किराए वाले पैसे दे दो, टैक्स और मेंटेनेंस भरना है। इतना कहने की देर थी कि पड़ोस के अंकल ने मेरे मुंह पर पानी का ग्लास फेंक मारा। मैं बस रोकर रह गई। इस बीच रात को जोरदार बारिश हुई। शायद पहली बार मैंने इतनी तेज बारिश देखी। मेरे लिए वो काली रात थी। पड़ोसी ने मेरा सारा सामान फेंक दिया और मुझे घर से निकाल दिया। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि रात को अकेली कहां जाऊं। उसी मोहल्ले में एक बूढ़े अंकल अकेले रहते थे। मैं उनके घर चली गई। उन्होंने रात काटने की इजाजत तो मुझे दी, लेकिन बदले में मेरा रेप भी कर दिया। इसके बाद मैं अपनी एक परिचित आंटी के घर चली गई। आंटी ने मुझे किसी के घर भेजा और कहा कि वो तुम्हारी जॉब लगवा देंगे। वहां जाने पर पता लगा कि उस आंटी ने मुझे सेक्स वर्क के लिए बेच दिया था। मैं बहुत रोई, उस अधेड़ को अपनी सारी कहानी सुनाई। वो अच्छा इंसान था, मुझे छोड़ दिया और मदद के रूप में 10 हजार रुपए भी दिए।

इसके बाद मैं वहां से इस्कॉन मंदिर चली गई। भगवान कृष्ण के सामने रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि मेरा संघर्ष कम करिए, वर्ना जान दे दूंगी या कुछ गलत राह पकड़ लूंगी। आप चाहो तो मुझे मौत दे दो, लेकिन अब कष्ट मत दो। मुझसे सहा नहीं जा रहा। रहम करिए। कुछ दिन बाद मैं वृंदावन के इस्कॉन मंदिर चली गई। वहां दीक्षा ली। शास्त्रों का अध्ययन करने लगी। भक्ति वैभव कोर्स किया, भगवद् गीता का कोर्स किया। पूजा पाठ और ब्रज की धरती में रम गई। मैं इस्कॉन की किताबें बांटती, मंदिर के काम करती, भजन-कीर्तन करती।

मेरा वहां रहना और खाना फ्री था, लेकिन मुझे पैसों की जरूरत थी। एक दिन मैंने पापा के कॉन्टैक्ट खंगाले। उनके जान-पहचान के लोगों से बात की। उनसे काम मांगा। उन लोगों ने मेरी मदद की और कुछ फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

इस तरह मैं फिल्मों से जुड़ गई। जब भी कोई प्रोजेक्ट मिलता मुंबई चली जाती। काम खत्म होने के बाद फिर वृंदावन लौट आती। मैंने डाउन-टाउन, मुंबई-125 किलोमीटर, द गिनीज ऑफ ब्यूटी जैसी फिल्मों में काम किया। मेरी आखिरी फिल्म हॉलीवुड फिल्म थी, जिसके लिए 20 दिन काम करने पर 2 लाख रुपए मिले। इतनी बड़ी रकम मिली, तो मैं खुशी से पागल हो गई। वंदावन जाकर मैंने जमीन खरीद ली।

वृंदावन मंदिर में एक डेंटल कॉलेज का स्टूडेंट आशीष शर्मा भी आया करता था। पहली दफा मुझे उससे प्रेम हो गया। हम दोनों एक साथ मंदिर में सेवा करते, लेकिन कुछ महीनों में ही लोग हमारे प्रेम को अलग-अलग नाम देने लगे। मैंने अभी तक अपने किन्नर होने की पहचान को छिपा कर रखा था। कुछ वक्त बाद गुरुजी को पता लग गया कि मैं किन्नर हूं। उन्होंने मुझे फौरन आश्रम छोड़ने को कहा। मैंने उनके आगे हाथ जोड़ा कि वनवास के वक्त अर्जुन ने भी किन्नर रूप धारण किया था। शिखंडी का भी जिक्र किया, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी।

मैं रोते-रोते बांके बिहारी के पास गई और कहने लगी कि कसम खाती हूं कि ब्रज की धरती से जा रही हूं, तब तक वापस नहीं आऊंगी जब तक मेरा मान-सम्मान सूद समेत नहीं लौटता।

इसके बाद मैं मुंबई आ गई। यहां इस्कॉन के साथियों के साथ भजन-कीर्तन और सत्संग करने लगी। पहली दफा मैंने बोरीवली में नवरात्रि में भगवद् गीता का पाठ किया। फिर मीरा रोड पर पाठ किया।

धीरे-धीरे मेरा कारवां बढ़ता गया। भागवत कथा करने मॉरिशस, बैंकॉक, सिंगापुर और दुबई जाने लगी। जन्माष्टमी पर मेरे विशेष कार्यक्रम होने लगे। 2019 में मुझे पशुपतिपीठ के महाराज गौरी शंकर ने प्रयागराज कुंभ में महामंडलेश्वर की उपाधि दी। मेरा पट्टाभिषेक किया गया। इस तरह मैं दुनिया की पहली किन्नर भागवत आचार्य महामंडलेश्वर हिमांगी सखी हो गई। इंटरव्यू लेने के लिए दुनियाभर की मीडिया आने लगी। टॉप के हिंदी-अंग्रेजी अखबारों में मेरी तस्वीरें छपीं। दो दिन के बाद मुझे किन्नर अखाड़े ने भी बुलाया। उस कुंभ के बाद जब मैं ब्रज गई तो ब्रजवासियों ने मुझे कंधे पर उठा लिया। मैं बांके बिहारी के पास गई और खूब रोई। उनसे कहा कि आपने मेरा मान सूद समेत लौटाया है। इसी बीच एक रोज अखबारों में खबर छपी कि वृंदावन कुंभ में पहली बार किन्नर महामंडलेश्वर विराजेंगी। फिर क्या था किन्नर अखाड़े ने विरोध करना शुरू कर दिया। मेरा भूमि आवंटन रद्द हो गया। जो एसडीएम पहले तैयार थे, वे अखाड़े के दबाव में झुक गए।

मैंने निर्मोही अखाड़े के संत राजेंद्र दास को फोन किया। उनसे कहा कि मेरी मदद करिए। वे कहने लगे कि किन्नर अखाड़े का कोई पंडाल नहीं लग सकता है। मैंने कहा कि मैं किन्नर अखाड़े से नहीं हूं, न उनका कोई नाम प्रयोग करूंगी। मैं तो पशुपतिपीठ से हूं। खैर मैं निर्मोही अखाड़े के संतों को समझाने में कामयाब रही। आखिरकार मुझे भूमि आवंटित हुई। इसके बाद निर्मोही अखाड़े ने हरिद्वार कुंभ में मुझे महामंलेश्वर घोषित कर दिया। अपने साथ छत्र के नीचे बिठाया। मैंने वहां कथा सत्संग भी किए।

ज्ञानवापी मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करने की कसम खाई थी। तब मुझे जान से मारने की धमकी मिली। वहां के कमिश्नर ने मुझे काशी आने से मना भी किया, लेकिन मैं डरी नहीं। मुझे काशी में रिसीव करने वाले हिंदूवादी संगठन ही थे। उन पर भरोसा करके उनकी कार में साथ रही। उन लोगों ने मुझे अगवा कर लिया। उन्होंने दबाव बनाया कि मैं ऐसे बयान दूं, जिससे दंगा भड़क जाए, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। कमिश्नर को फोन करके खुद को उनके चंगुल से बचाया। इसके बाद मैंने ज्ञानवापी में जलाभिषेक किया। अब मेरे ऊपर महामंलेश्वर नाम से एक फिल्म भी आ रही है। दुनिया का पहला किन्नर पुराण लिख रही हूं, जो जल्द सभी के हाथों में होगा।

# अपने जिले के पहले दलित वकील थे खड़गे

एक्सक्लूसिव डेस्क, 10 अक्टूबर। 1947 का अगस्त महीना। मैसूर राज्य (अब कर्नाटक) का वरवट्टी गांव। तब यहां निजाम की हुकूमत थी। भारत को बांटकर पाकिस्तान बनाया गया, तो इस इलाके में भी हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़क गए। वरवट्टी गांव पर निजाम की सेना ने हमला कर दिया। साथ में लुटारी (अमीरों को लूटने वाले) भी थे। उन्होंने पूरे गांव में आग लगा दी। यहीं एक घर में 5 साल के बच्चे ने अपनी मां को जिंदा जलते देखा।

पिता उसे बचाकर गांव से दूर ले गए। 3 महीने जंगल में रहे। मजदूरी की। बच्चे को काम में लगाने की बजाय पढ़ाया। मल्लिकार्जुन नाम का वह बच्चा बड़ा होकर पहले वकील बना, फिर यूनियन लीडर, विधायक, अपने प्रदेश कर्नाटक में मंत्री, सांसद, केंद्रीय सरकार में मंत्री और अब कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से सिर्फ एक कदम दूर है। जी हां, ये मल्लिकार्जुन खड़गे की कहानी है।

अध्यक्ष पद के लिए 80 साल के मल्लिकार्जुन खड़गे का मुकाबला शशि थरूर से है। इसके लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और नतीजा 19 अक्टूबर को आएगा। जिस तरह खड़गे को पार्टी नेताओं का समर्थन और गांधी परिवार की सहमति मिली है, उससे उनका कांग्रेस अध्यक्ष बनना लगभग तय है। खड़गे की जिंदगी हमेशा मुश्किल भरी रही, लेकिन लीडरशिप की क्वालिटी उनमें बचपन से थी। वे स्कूल में हेड बॉय थे। कॉलेज गए तो स्टूडेंट लीडर बन गए। गुलबर्गा जिले के पहले दलित बैरिस्टर बने, पहली बार में विधायक बने और 9 बार चुने गए, दो बार सांसद भी रहे, लेकिन तीन बार कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गए। खड़गे इंदिरा गांधी के समय से गांधी परिवार के करीब रहे हैं। यही वजह है कि अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम पर सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी तीनों की सहमति थी।

**बीदर जिले के छोटे से गांव में मल्लिकार्जुन का जन्म हुआ**

मल्लिकार्जुन खड़गे के सियासी सफर को समझने के लिए हम सबसे पहले वरवट्टी गांव पहुंचे। यहीं मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म हुआ था। ये गांव कर्नाटक के बीदर जिले के भालकी तालुका में आता है। यहां अब भी उनके परिवार के कुछ लोग रहते हैं। गांव में उनके भतीजे संजीव खड़गे के पिता मल्लिकार्जुन से दो साल बड़े थे। 9 साल पहले उनका निधन हो गया था।



संजीव खंडहर हो चुका एक घर दिखाने ले गए। उन्होंने बताया कि इसी जगह साईबववा (मां) और मपन्ना खड़गे (पिता) के घर 21 जुलाई 1942 को मल्लिकार्जुन का जन्म हुआ था। वरवट्टी में उनकी यही आखिरी निशानी है। घर पूरी तरह टूट चुका है। अब इसकी एक दीवार का हिस्सा भर बचा है।

खड़गे के मौसेरे भाई कल्याणी कांबले ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद मपन्ना खड़गे मल्लिकार्जुन को लेकर पैदल निम्बुर के लिए निकल गए। वहां उनके रिश्तेदार रहते थे। उन्होंने मल्लिकार्जुन को रिश्तेदार के घर छोड़ा और काम के लिए गुलबर्गा चले गए।

एक महीने अलग रहने के बाद उन्हें बेटे के भविष्य की चिंता हुई। वे अपना काम छोड़ वापस निम्बुर आ गए। यहां से मल्लिकार्जुन को लिया और खटक चिंचौली के लिए निकल गए। वहीं दोनों एक जंगल में करीब तीन महीने तक रहे। मपन्ना दिन भर मजदूरी करते और जो कमाते उसे बच्चे की परवरिश में खर्च कर देते।

**पिता ने कपड़ा मिल में काम किया, तब गुलबर्गा में पढ़ाई शुरू हुई**

दलित समुदाय से आने वाले मपन्ना ने अपने जीवित रहते मल्लिकार्जुन को कभी काम नहीं करने दिया। उनकी सोच थी कि बेटा पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने। खटक चिंचौली से निकलकर मपन्ना तीन दिन लगातार पैदल चलकर गुलबर्गा पहुंचे। यहां उन्होंने कपड़ा मिल में काम शुरू किया।

मपन्ना, मल्लिकार्जुन के साथ बसवानगर में रहने लगे। यहीं एक घर बनाया और पास के स्कूल में मल्लिकार्जुन का एडमिशन करा दिया। चुनावों के दौरान आज भी मल्लिकार्जुन खड़गे इसी स्कूल में वोट डालने आते हैं। उनके पिता के बनाए घर की जगह उन्होंने दो मंजिला मकान बनवाया है। अब यहां 6 परिवार किराए से रहते हैं।

**कबड्डी के अच्छे प्लेयर थे मल्लिकार्जुन खड़गे**

आगे की कहानी हमें मल्लिकार्जुन खड़गे के बचपन के दोस्त हनुमंत राव ने सुनाई। करीब 82 साल के हनुमंत राव अब मुश्किल से ही चल पाते हैं। उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन बचपन से पढ़ाई में तेज थे। वे कबड्डी के अच्छे प्लेयर थे। स्कूल लेवल पर कई प्रतियोगिताओं में उन्होंने इनाम जीते। अगर वे पॉलिटिक्स में नहीं होते तो अच्छे कबड्डी प्लेयर हो सकते थे। वे कबड्डी के अलावा हॉकी भी अच्छी खेलते थे।

**गुलबर्गा के पहले दलित वकील थे मल्लिकार्जुन**

मल्लिकार्जुन ने 12वीं तक की पढ़ाई नूतन स्कूल से पूरी की। इसके बाद गवर्नमेंट कॉलेज से ग्रेजुएशन। गुलबर्गा के सेठ शंकरलाल लाहोटी लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री ली। खड़गे गुलबर्गा के पहले दलित वकील थे। उनकी होशियारी देख सुप्रीम कोर्ट के जज शिवराज पाटिल ने उन्हें अपना असिस्टेंट बना लिया।

**गरीबों का केस लड़ते, लेकिन पैसे नहीं लेते**

मल्लिकार्जुन 1969 में एमएसके मिल के लीगल एडवाइजर बनाए गए। उनके पिता कभी इसी मिल में काम करते थे। मजदूरों के कहने पर खड़गे यूनियन लीडर बन गए। वे बिना पैसे लिए गरीबों और मजदूरों के केस लड़ते थे। इस वजह से खड़गे कुछ ही दिन में शहर के लोगों, खास तौर से दलितों में मशहूर हो गए। उन्हें गुलबर्गा के संयुक्त मजदूर संघ का सबसे प्रभावशाली नेता कहा जाने लगा। यहीं से कांग्रेस नेताओं की नजर उन पर पड़ी।

**जहां यूनियन लीडर थे, अब वह मिल बंद**

जहां मल्लिकार्जुन यूनियन लीडर हुआ करते थे। 1884 में बनी यह मिल 1992 में बंद हो गई। अब यह खंडहर की तरह दिखती है। यहां काम करने वाले रवि आर चोटी ने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे के होने के बावजूद मिल बंद हो गई। इसमें काम करने वाले सड़क पर आ गए।

**मल्लिकार्जुन के लिए पिता ने दूसरी शादी की**

मिल से कुछ दूर मल्लिकार्जुन के दोस्त तुलसीराम नाइक रहते हैं। उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन छोटे थे, तो उन्हें पालने के लिए उनके पिता ने दूसरी शादी की थी। उनकी दूसरी मां उन्हें सगे बेटे से भी ज्यादा प्यार करती थीं। 1970 में मल्लिकार्जुन कांग्रेस के डिसि्ट्रक्ट प्रेसिडेंट बन गए। पॉलिटिक्स में जाने के बाद उन्होंने अपनी कुर्सी तुलसीराम को दे दी। तुलसीराम रिटायर होने तक मिल यूनियन से जुड़े रहे। मिल बंद होने के बाद वे कांग्रेस के टिकट पर पार्षद भी चुने गए।

**हमेशा एक किताब साथ रखते हैं खड़गे**

कल्याणी कांबले ने बताया कि मल्लिकार्जुन कब सोते हैं, यह किसी को नहीं पता। वे चाहे घर में हो या बाहर, टीवी देख रहे हों या किसी रिश्तेदार के घर गए हों, उनके हाथ में एक किताब जरूर रहती है। ज्यादातर वक्त वे भगवान बुद्ध से जुड़ी या डॉ. अंबेडकर की किताब रखते हैं।

**कांग्रेस नेता धर्म सिंह राजनीति में लेकर आए**

मल्लिकार्जुन खड़गे का गुलबर्गा के जवलकर परिवार से गहरा नाता रहा है। परिवार के मुखिया 85 साल के लक्ष्मण बदरीनाथ जवलकर हैं। वे खड़गे को 15 साल की उम्र से जानते हैं। उनके छोटे भाई सुरेश और मल्लिकार्जुन दोनों क्लासमेट थे। बचपन से दोनों ने साथ पढ़ाई की और फिर लॉ ग्रेजुएट बने। लक्ष्मण ने बताया कि पॉलिटिक्स में एंट्री से पहले मल्लिकार्जुन ने लॉ की प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। राजनीति में जाना है या नहीं, इसका फैसला उनके घर पर हुई एक मीटिंग में लिया था। इसमें उनके भाई, मल्लिकार्जुन और कांग्रेस नेता धर्म सिंह मौजूद थे। धर्म सिंह ने ही मल्लिकार्जुन को पॉलिटिक्स में जाने के लिए मनाया था। लक्ष्मण के मुताबिक, उनके पहले चुनाव की तैयारी भी इसी घर में की गई थी।

लक्ष्मण जवलकर के बेटे संदीप ने बताया कि हम उनके इलेक्शन में बैनर पेंट किया करते थे। रात में पोस्टर चिपकाते और घर-घर पैम्फलेट्स बांटा करते थे। उनकी एम्बेसडर कार से गांवों में प्रचार करने जाते थे। 1972 में मल्लिकार्जुन खड़गे पहली बार चुनाव मैदान में उतरे। कांग्रेस ने उन्हें गुरमिटकल विधानसभा सीट से टिकट दिया था। खड़गे को 1,67,960 वोट मिले। उन्होंने निर्दलीय मुरथेप्पा को 94,400 वोट से हराया था।

**दोस्त के लिए छोड़ दी मुख्यमंत्री की कुर्सी**

मल्लिकार्जुन के लिए कहा जाता है कि कांग्रेस जब भी कर्नाटक में सत्ता में आई वे 'सीएम इन वेटिंग' रहे। 2004 में उनका मुख्यमंत्री बनना लगभग तय था, लेकिन उनके दोस्त धर्म सिंह का नाम सामने आया तो मल्लिकार्जुन पीछे हट गए। 2013 में भी मल्लिकार्जुन कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने वाले थे। तब आखिरी वक्त में सिद्धारमैया का नाम आगे कर दिया गया।

1980 में आर गुंडु राव सरकार में मंत्री बनने के बाद मल्लिकार्जुन सभी कांग्रेस सरकारों में मंत्री रहे। राज्य की राजनीति में लिंगायतों और वोक्कालिगाओं के वर्चस्व के कारण वे मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। 8 भाषाएं जानने वाले खड़गे की मराठी पर अच्छी पकड़ है। इसीलिए 2018 में पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंपी थी।

खड़गे के लिए सबसे बड़ा मौका 2014 में आया। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हार मिली थी। वह सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई। गुलबर्गा से दूसरी बार जीते खड़गे को पार्टी ने लोकसभा में अपना नेता बनाया। संसद में एक स्पीच के दौरान खड़गे ने कहा था- 'हम लोकसभा में 44 हो सकते हैं, लेकिन पांडव कभी सौ कौरवों से नहीं डरेंगे।'

**गुलबर्गा में बनवाया बुद्ध विहार**

मल्लिकार्जुन बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। वे सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

ट्रस्ट ने बुद्ध और डॉ. अंबेडकर के विचारों को फैलाने के लिए गुलबर्गा के बाहरी इलाके में बुद्ध विहार बनवाया है। इसकी देखरेख का जिम्मा उनके रिश्तेदार कल्याणी कांबले के पास है।

# थाने में कांस्टेबल ने रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली

## डेढ़ महीने में यहीं दूसरे जवान ने दी जान

गरियाबंद, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सोमवार सुबह एक कांस्टेबल ने थाने के बैरक में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। जवान के आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। घटना मैनपुर थाने की है। पुलिस ने जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




**गोली चलने की आवाज पर जवान पहुंचे तो मिला शव**

जानकारी के मुताबिक, मैनपुर थाने में आरक्षक दिनेश कोसले की पोस्टिंग थी। वह थाना परिसर में ही बने मकान में रहता था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जवानों ने बैरक में गोली चलने की आवाज सुनी। इस पर वे दौड़कर पहुंचे तो देख कि दिनेश का शव खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ था।

**थाने के अंदर जाने से रोक लगाई गई**

कांस्टेबल दिनेश ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कनपटी पर गोली मारी थी। इसके बाद जवानों ने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकरी दी। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी अनुज गुप्ता मौके पर पहुंच गए। थाने के अंदर जाने से रोक लगा दी गई है।

**अगस्त में एएसआई ने की थी आत्महत्या**

डेढ़ माह में इसी थाने में यह खुदकुशी की दूसरी घटना हुई है। इससे पहले 24 अगस्त को एक एएसआई ने भी थाने के बैरक में आत्महत्या कर ली थी। उसकी भी खुदकुशी का कारण अभी तक सामने नहीं आ सका है। परिजनों के आग्रह के बावजूद अब तक मामले की जांच का खुलासा नहीं हुआ है।

# क्या हटेगा लंबे सस्पेंस से पर्दा?

## हेमंत सोरेन की कुर्सी रहेगी या जाएगी? अब जेएमएम ने किया आरटीआई का इस्तेमाल

रांची, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी रहेगी या जायेगी ? चुनाव आयोग के लिफाफे का राज कब खुलेगा? राज्यपाल के पास मौजूद चुनाव आयोग की चिट्ठी का सस्पेंस काफी लंबा खींच गया है। अब झारखंड मुक्ति मोरचा ने राज्यपाल से चुनाव आयोग की तरफ से आयी चिट्ठी की एक प्रति मांगी है। इसके लिए पार्टी ने सूचना के अधिकार का इस्तेमाल किया है। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने इस अधिकार के तहत जानकारी मांगते हुए लिखा है, हेमंत सोरेन की सदस्यता मामले में चुनाव आयोग से आयी चिट्ठी की कॉपी चाहिए। इसके लिए झामुमो के द्वारा 10 रुपये का पोस्टल ऑर्डर भी जमा किया गया है। चुनाव आयोग की तरफ से इस चिट्ठी को लेकर किसी भी तरह की प्रतिक्रिया अब तक नहीं आयी है।

इस संबंध में हमने जब विनोद पांडेय से फोन पर बातचीत की,तो उन्होंने कहा, अब तक कोई जवाब नहीं आया है। मैं राज्यपाल से मिलकर बात करूंगा। विनोद पांडेय पार्टी की किसी बैठक में शामिल थे । विनोद पांडेय इस बैठक के बाद राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी यह जानकारी पहले भी कई माध्यमों से मांगने की और जल्द से जल्द सार्वजनिक करने की अपील राज्यपाल से की गयी है लेकिन सस्पेंस अब तक बरकरार है।



**पहले भी राज्यपाल से की जा चुकी है अपील**

राज्यपाल से मुलाकातों का यह दौर नया नहीं है। इससे पहले राज्यसभा की सदस्य महुआ मांझी ने भी राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यपाल से मुलाकात की थी। इन सभी मुलाकातों में राज्यपाल से अपील की गयी कि चुनाव आयोग के फैसले को जल्द से जल्द सार्वजनिक करें। पत्रकारों ने भी जब इस संबंध में राज्यपाल से सवाल किया, तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि चुनाव आयोग से आया लिफाफा इतनी तेजी से चिपका है कि खुल नहीं रहा है। हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता का मामला काफी दिनों से राजभवन के पास लंबित है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। जिस पर चुनाव आयोग ने राजभवन को चिट्ठी भेज भेज दी थी। अब सवाल कि इस लिफाफे में है क्या ? इसका जवाब सिर्फ राजभवन के पास है और सभी को इसी सवाल के जवाब का इंतजार है।

**जवाब जानने की तमाम कोशिश कर चुकी है हेमंत सरकार**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15 सितंबर को राज्यपाल से मुलाकात की। इस मुलाकात के साथ- साथ राजभवन को उन्होंने एक चिट्ठी सौंपी। मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा, राजभवन में माननीय राजपाल श्री रमेश बैस जी से मुलाकात कर राज्य में विगत तीन सप्ताह से अधिक समय से उत्पन्न अनापेक्षित और दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों की अनिश्चितता को दूर करने हेतु पत्र सौंपा जिससे इस भ्रम की स्थिति में भाजपा द्वारा किये जा रहे अनैतिक प्रयास से उसे रोका जा सके।"



# वसुंधरा राजे का गहलोत पर तीखा हमला

## बोलीं- राजस्थान में दो साल से चल रहा 'कुर्सी का खेल'



जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने राजस्थान के सियासी घमासान पर पहल बार चुप्पी तोड़ी है। राजे ने बीकानेर दौरे के दूसरे दिन कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। राजे ने कहा कि राजस्थान में दो साल से कुर्सी का खेल चल रहा है। एक कुर्सी पर बैठन चाह रहा है, जबकि दूसरा कुर्सी से उतरना नहीं चाह रहा है। बता दें वसुंधरा राजे देव दर्शन यात्रा के लिए बीकानेर दौरे पर आई है। सोमवार को मुकाम से राजे सीधे बीकानेर पहुंची जहां प्राचीन जूनागढ़ किले में गढ़ गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की और इस दौरान गढ़ में स्थित मां चामुंडा और करणी माता के मंदिर में दर्शन किए। रविवार को देशनोक करणी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद मुकाम में गुरु जंभेश्वर की समाधि पर धोक लगाई।

**वसुंधरा बोलीं- 4 साल में राजस्थान पिछड़ गया**

वसुंधरा राजे ने कहा कि पिछले 4 सालों में राजस्थान विकास के मामले में पिछड़ गया है। सरकार 2 साल तक पूरी तरह से कोरोना महामारी से बाहर नहीं निकली और अब 2 साल से कुर्सी का खेल चल रहा है। राजे ने अपने समय में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि बीकानेर के विकास में हमेशा मैंने रुचि रखी है। यहां की सड़कों को चौड़ा करने का काम हो या फिर सूरसागर की सौंदर्यकरण की बात। अभी मैंने सूरसागर की हालात को देखा है और वह पूरी तरह से सूख गया है। जनसंवाद सभा को संबोधित करने के बाद राजे सूरसागर का निरीक्षण करने भी पहुंची। इस दौरान बीकानेर में तीन-तीन मंत्री होने के बावजूद सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने को लेकर राजे ने कहा कि यहां विकास रुक गया है और हमें फिर से राजस्थान में और बीकानेर में भी विकास करवाना है ताकि यहां पर्यटक ज्यादा से ज्यादा आए और वे अपने देश और प्रदेश में जाकर बीकानेर का जिक्र करें।

**देवी सिंह भाटी की नहीं हुई वापसी**

जूनागढ़ के सामने आयोजित जनसंवाद सभा में भी मंच पर सिर्फ वसुंधरा राजे के बैठने की व्यवस्था की गई थी। हालांकि राजे मंच पर रखे सोफे पर नहीं बैठी और खड़ा होकर अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान मंच पर गंगानगर सांसद निहालचंद, पूर्व सांसद राहुल कस्वा, राजे के पुत्र और झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह, बीकानेर पूर्व से विधायक सिद्धि कुमारी, पूर्व यूआईटी चैयरमैन महावीर रांका सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। वहीं, पूर्व मंत्री रामप्रताप भी जनसंवाद सभा में नजर आए। हालांकि, बीकानेर शहर और देहात भाजपा के संगठन के पदाधिकारी और अध्यक्ष वहां नजर नहीं आए। जूनागढ़ के सामने आयोजित जनसंवाद सभा भी पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी की अगुवाई में आयोजित की गई थी और भाटी मंच के नीचे बैठकर पूरी व्यवस्थाओं को देख रहे थे। कयास लगाए जा रहे थे कि पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी की बीजेपी में वापसी होगी, लेकिन फिलहाल वापसी नहीं हो पाई है।

# गहलोत बोले- राजस्थान कांग्रेस में लड़ाई नहीं

## मिलकर सरकार बनाएंगे

### कहा- यह फैलाया गया कि गांधी परिवार को कोई पूछ नहीं रहा, ये बकवास



जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में हुए सियासी बवाल के मामले में गांधी परिवार के कमजोर पड़ने की चर्चाओं पर पलटवार किया है। गहलोत ने कहा- अब फैलाया जा रहा है कि गांधी परिवार को कोई पूछ नहीं रहा है। गांधी परिवार को वोट दिलाने की शक्ति नहीं रही है। ये सब बातें बकवास हैं।

उन्होंने कहा कि 30 साल से गांधी परिवार का कोई व्यक्ति पद पर नहीं है। गांधी परिवार का कोई व्यक्ति न मंत्री, न पीएम और न सीएम बना। बताइए गांधी परिवार को लेकर इनके पेट में दर्द क्यों होता है? इन्हें गांधी परिवार से तकलीफ क्या है? क्यों गांधी परिवार पर बार- बार अटैक करते हैं? गहलोत विद्याधर नगर में रैगर समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

**देश की जनता आज भी सोनिया, राहुल, प्रियंका को मानती है**

गहलोत ने कहा- ये लोग कहते हैं, इनकी वोट कैचिंग पावर नहीं रही। आज भी देश की जनता कांग्रेस में सोनिया, प्रियंका और राहुल गांधी को मानती है। ये देश में जहां भी जाएंगे, लाखों लोग इकट्ठे हो जाएंगे।

गहलोत ने कहा- ये बार-बार वंशवाद की रट लगाते हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कह दिया कि हमारे परिवार का कोई व्यक्ति अध्यक्ष नहीं बनेगा। आप वंशवाद की बात करते हो, हम बाहर रह जाएंगे। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद त्याग दिया।

**राजस्थान कांग्रेस में कोई लड़ाई नहीं, सब मिलकर अगली सरकार बनाएंगे**

गहलोत ने कहा- कांग्रेस में झगड़ों की बात प्रचारित की जाती है। इससे बीजेपी को फायदा मिलता है। अखबारों में रोज न्यूज आती रहती है कि राजस्थान कांग्रेस में लड़ाई चल रही है। कोई लड़ाई नहीं है। हम सब मिलकर अगली सरकार बनाएंगे। यह हमारा संकल्प है। हमें जनता का आशीर्वाद चाहिए।

**जनसंघ-बीजेपी आरक्षण का विरोध करते थे**

गहलोत ने रैगर समाज के सम्मेलन में आए लोगों से कहा- आजादी के बाद कांग्रेस ही वह पार्टी है, जिसने आपको मान-सम्मान दिया है। आरक्षण की रक्षा की है। आज जो राज में हैं, इन्होंने कभी आरक्षण का समर्थन नहीं किया। ये वे लोग हैं जो पहले जनसंघ के रूप में काम करते थे। आज की भारतीय जनता पार्टी पहले जनसंघ के रूप में थी। ये नफरत करते थे। आरक्षण का विरोध करते थे। हम वो बातें भूले नहीं हैं।

## गहलोत के मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा बोले-

# सचिन पायलट मुख्यमंत्री के काबिल, चट्टान की तरह साथ खड़ा रहूंगा

जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक ओर जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान कांग्रेस में सबकुछ ठीक होने का दावा कर रहे हैं, वहीं नेताओं में मतभेद कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। राजस्थान के सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को एक बार फिर मुख्यमंत्री के योग्य और काबिल बताया है।

गुढ़ा ने कहा है कि काबिल व्यक्ति को कोई भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि समय जरूर लग सकता है लेकिन परिणाम अवश्य बेहतर आएगा। उन्होंने कहा कि पायलट का विरोध वही लोग कर रहे हैं जो पायलट के साथ बेवफाई कर चुके हैं। अब उन लोगों को यह लग रहा है कि पायलट मुख्यमंत्री बन गए तो बेवफाई को याद कर काम करेंगे।

**चट्टान की तरह पायलट के साथ खड़ा रहूंगाः गुढ़ा**

गुढ़ा ने कहा कि वह सचिन पायलट के साथ एक चट्टान की तरह साथ खड़े रहेंगे। उन्होने कहा कि राजेंद्र गुढ़ा जहां खड़ा होता है उनके साथ 10- 20 एमएलए जरूर जाते हैं। इसलिए उन्हें विश्वास है कि एक बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने कहा कि वह सच्चाई के साथ हमेशा खड़े रहे हैं और खड़ा रहेंगे।

**गहलोत ने किया था दावा- राजस्थान में कोई लड़ाई नहीं**

इससे पहले गहलोत ने कहा था राजस्थान में कोई लड़ाई नहीं है, हम लोग सब मिलकर अगली सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि खबरों में कांग्रेस के भीतर झगड़ों की बात प्रचारित की जाती है, जिससे भाजपा को फायदा मिलता है। उन्होंने कहा



था, 'अखबारों में रोज खबर आती रहती है कि राजस्थान कांग्रेस में लड़ाई चल रही है; कोई लड़ाई नहीं है, हम सब मिलकर अगली सरकार बनाएंगे। यह हमारा संकल्प है। हमें जनता का आशीर्वाद चाहिए।'

गहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा था कि मीडिया दबाव में है और मीडिया में इस तरह की खबरे आती हैं जिससे भाजपा को फायदा हो। उन्होंने कहा था, 'आज भी देश की जनता कांग्रेस की सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी को मानती है, जहां वो जाएंगे लाखों लोग इकट्ठे होंगे।'

## गृह मंत्री अमित शाह के कमांडो की मौत

# ढाई साल से संभाल रहे थे पर्सनल सिक्योरिटी, दिल्ली से आ रहे थे घर

अलवर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के गृह मंत्री अमित शाह की सिक्योरिटी संभालने वाले जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। सीआरपीएफ जवान दो दिन पहले ही दिल्ली से छुट्टी लेकर घर की तरफ आ रहा थे। अचानक बीच रास्ते में कार पलट और हादसे में मौत हो गई। मामला अलवर जिले के बहरोड़ थाना क्षेत्र के करोड़ा गांव का है। हादसा 8 अक्टूबर को रात करीब 11:30 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार सुनील यादव (29) अलवर जिले के मुंडावार थाने के महनपुरबास के रहने वाले हैं। दिल्ली को वे अपने साले की गाड़ी में दिल्ली से अलवर के लिए निकले। साथ में हरियाणा के रेवाड़ी में रहने वाला उनकी बुआ का लड़का भी साथ था। बताया जा रहा है कि करोड़ा गांव के पास अचानक कोई अज्ञात जानवर आ गया। तभी कार पलट




गई। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोग उन्हें बहरोड़ के सरकारी हॉस्पिटल ले गए। जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। रविवार को सुनील यादव का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। हालांकि सुनील की मौत के बाद अब सामने आया कि वे गृहमंत्री की पर्सनल सिक्योरिटी देखते थे। सुनील यादव 2011 में सीआरपीएफ में बतौर सैनिक जॉइन की गई थी। कुछ समय बाद उन्हें कमांडो बना दिया गया था। वे ढाई साल से गृहमंत्री शाह की सिक्योरिटी देख रहे थे। अमित शाह के हर दौरे और कार्यक्रम में फ्रंट पर नजर आते थे।

# राजस्थान के 9 जिलों में बारिश की चेतावनी

जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में 9 जिलों में बारिश होने के आसार है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बरसात भरतपुर के बयाना में करीब ढाई इंच से ज्यादा रिकॉर्ड की गई। 3 दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया। पार्वती डैम, कोटा बैराज और बीसलपुर बांध के गेट खोल कर पानी छोड़ा जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आंध्रप्रदेश के तटीय एरिया में बंगाल की खाड़ी के पास एक नया सिस्टम बना है। इसकी ट्रफ लाइन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान के पूर्वी हिस्से और हरियाणा से होकर गुजर रही है। इस सिस्टम का असर पूर्वी राजस्थान में दिख सकता है। इससे भरतपुर, करौली, कोटा, बारां, बूंदी, सवाई माधोपुर, जयपुर, अलवर और दौसा में बारिश होने की संभावना है।

**ओवरफ्लो हुई बनास नदी**

बीसलपुर बांध के 2 गेट खोलकर लगातार 6 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है। इसके कारण टोंक, सवाई माधोपुर में कई जगह पर बनास नदी ओवर फ्लो होकर बह रही है। मलारना डूंगर में बनास नदी रपट से ऊपर बह रही है। इसके कारण वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

**फसलों को नुकसान, गिरदावरी के निर्देश**

बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खरीफ की फसलों को हुआ। सोयाबीन, तिल, ग्वार, मूंग समेत कई फसलें जो कटने के लिए या कटकर खेतों में है, वह भीग गई। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी कराने



के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी जिला कलेक्टर्स को नुकसान का आकलन करवाने को कहा है। बीमा कंपनियों को भी आकलन करवा कर मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।

मौसम केन्द्र जयपुर और जल संसाधन विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान प्रतापगढ़, डूंगरपुर, अलवर, सीकर, जयपुर, अजमेर, बूंदी, बांसवाड़ा, झालावाड़, टोंक, उदयपुर, करौली, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, दौसा, बारां, धौलपुर, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा जिलों में बारिश हुई।

# जयपुर की होटल में युवती से रेप



जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर की एक होटल में युवती से रेप का मामला सामने आया है। मौसेरा भाई हाथ की नस काटकर मरने की धमकी देकर उसे होटल में ले गया था। होटल के रुम में जबरन दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो-फोटो ले लिए। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने कानोता थाने में रविवार रात रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि कानोता निवासी 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उसके मौसेरे भाई ने उसके साथ रेप किया। 14 फरवरी को मौसेरे भाई ने उसके कॉल कर बुलाया। आगरा रोड पर मिलने जाने पर गाड़ी में बैठा लिया। होटल में चलने की कहने पर जाने से मना कर दिया। मना करने पर उसने ब्लेड से खुद का हाथ की नस काटकर मरने की धमकी देकर डराया।

डरा-धमकाकर उसे पुरानी चुंगी स्थित होटल में ले गया। होटल के रुम में जबरन उसके साथ रेप किया। दुष्कर्म के दौरान खुद के मोबाइल में अश्लील वीडियो-फोटो ले लिए। अश्लील वीडियो-फोटो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। रविवार रात को पीड़िता ने कानोता थाने में मौसेरे भाई के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# 'यह कोई परोपकार करना नहीं है'

## गहलोत सरकार को एससी से लगी फटकार; मुआवजे के लिए उठाए गए कदमों से कोर्ट असंतुष्ट



जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। घातक महामारी कोविड-19 से मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुआवजा देने से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को फटकार लगाई है। राजस्थान सरकार की तरफ से कोरोना संक्रमण से मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा देने से संबंधित उठाए गए कदमों को लेकर जो शपथ पत्र दायर किया था उसपर अदालत ने असंतुष्टि जताई है। अदालत ने कहा कि यह कोई परोपकार करना नहीं था। जस्टिस एम आर शाह और कृष्ण मुरारी की बेंच ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वो इस मामले में विस्तृत शपथ पथ दायर करें।

अदालत ने कहा पहले भी आपने आश्वासन दिया था। राजस्थान की सरकार कोई परोपकार नहीं कर रही है। इस कोर्ट के द्वारा निर्देश दिया जा चुका है कि कोविड-19 से संक्रमित लोगों के साथ सहानुभूति वाला रवैया अपनाना है। राजस्थान सरकार की तरफ से जो शपथ पत्र दाखिल की गई है वो संतोषजनक नहीं है। वकीलों ने इसके बाद विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का समय मांगा। जिसपर अदालत ने कहा कि शुक्रवार तक दाखिल करें।

अदालत में राजस्थान सरकार की तरफ से मौजूद वकील ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट वकील गौरव कुमार बंसल की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में आरोप लगाया है कि राजस्थान सरकार कोरोना महामारी की वजह से मरने वाले लोगों के परिजनों को 50 हजार रुपये बतौर मुआवजा देने के आदेश का पालन नहीं कर रही है।

अदालत ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की है कि जरूरतमंदों के परिजनों को 50,000 रुपये देने के फर्जी दावे किये जा रहे हैं।

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर का बनाया अश्लील वीडियो

## ठग सीबीआई अधिकारी बन धमकाते, बोले: तूने लड़की के साथ गलत किया



भरतपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली की ट्रैफिक पुलिस में तैनात एक सब इंस्पेक्टर को सेक्सटॉर्शन में फंसा अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद दो ठग सब इंस्पेक्टर को CBI अधिकारी बन धमकाते रहे। इतना ही नहीं राजीनामा के नाम पर 6 लाख 27 हजार रुपए ठग भी लिए। इसके बाद भी ठग ब्लैकमेल करते रहे तो इंस्पेक्टर ने हरियाणा में मामला दर्ज करवाया। मामला भरतपुर के सीकरी थाना क्षेत्र के का है। इस मामले में हरियाणा पुलिस ने भरतपुर से दो ठगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में तैनात सब इंस्पेक्टर राजवीर ने हरियाणा के सोनीपत साइबर क्राइम में शिकायत देते हुए बताया की, 25 को वह अपने घर सोनीपत गया हुआ था। तब उसके पास एक वीडियो कॉल आया। राजवीर ने जैसे फोन उठाया तो वीडियो कॉल पर एक न्यूड लड़की थी। वह राजवीर से कपड़े उतारने की कहने लगी। राजवीर ने मना करने पर लड़की ने वीडियो कॉल काट दिया। इसके बाद 29 सितंबर को राजवीर के पास कई अलग-अलग नंबर से फोन आए। ठगों ने राजवीर को कहा कि तूने लड़की के वीडियो कॉल पर गलत हरकत की है।

जब वह ब्लैमेलिंग से परेशान होने लगा तो 5 अक्टूबर को हरियाणा के सोनीपत में मामला दर्ज करवाया। हरियाणा की साइबर सेल टीम ने ठगों के नंबर ट्रेस कर सोमवार को सीकरी थाना पहुंची जहां से भुरू का बास गांव से आरिफ और झंझार गांव से सोहेल को गिरफ्तार किया है।

# केंद्रीय मंत्री व उसके बेटे के पक्ष में उतरी बीजेपी : पूर्व मंत्री ने पूछा-

## चप्पल उतारने से जिला बनता है, तो कपड़े उतारकर स्टेट बना देंगे क्या ?

बाड़मेर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी और कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत के बीच बजरी खनन को लेकर छिड़ी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने मंत्री के बयानों पर पलटवार करते हुए मंत्री सीएम के जूतों का ही मुकाबला नहीं कर सकता है। वहीं मंत्री के बेटे पर बजरी लूट कर भागने के आरोप लगाए थे। अब बालोतरा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी मंत्री व उसके बेटे के पक्ष में उतरने हुए प्रेसवार्ता की, मंत्री व बेटे पर लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। वहीं पूर्व मंत्री ने विधायक से पूछा कि चप्पल उतारने से जिला बनता है, तो कपड़े उतारकर स्टेट बना देंगे क्या?

पूर्व मंत्री अमराराम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वादे



बड़े-बड़े कर रहे है कि जिला हॉस्पिटल बना दूंगा पता नहीं कब बनाएंगे। विधायकी कार्यकाल 10 माह का रहा है। सितंबर में आचार संहित लग जाएगी। जनता का सेवक जनता की सेवा करता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कभी फुटबाल (ट्रांसफर) करके कभी सिरोही तो कभी जैसलमेर भेजते हो। यह काम ही रहा है विधायक का। आरोप लगाते हुए कहा कि आईसीयू वार्ड बना दिया लेकिन बीते महीनों से बंद पड़ा है। विधायक मदन प्रजापत बेबुनियाद केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी पर आरोप लगा रहे है। पूर्व मंत्री अमराराम ने कहा कि पहले खुद गिरेबान में देखों कि आप कहां पर हो। मंत्री के बेटे पर आरोप लगाना गलत है। बेटा ठेके काम करता है तो क्या गलत करता है। पूर्व मंत्री ने विधायक मदन प्रजापत पर आरोप लगाया कि मुस्लिम समाज के आप हितैषी बताते है और इनके राज में ही मर्डर होते है। बेवजह आरोप लगाने से अच्छा है कि जनता का काम कर दो। आने वाले चुनाव में जनता विधायक को जवाब देगी।

**पूर्व मंत्री ने प्रेसवार्ता कर विधायक से पूछा कि नंगे पैर घूम रहे हो**

पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी ने बालोतरा में प्रेसवार्ता कर विधायक मदन प्रजापत से पूछा कि आप नंगे पैर घूम रहे हो। नंगे पैर फिरकर जिला बना देगें क्या, तो फिर कपड़े उतार दोंगे तो फिर क्या बना दोगे स्टेट बना दोगे क्या? सत्ता में रहकर इस प्रकार की हरकत करना सही नहीं है।

# भाजपा से उसी की स्टाइल में लड़ेगी कांग्रेस

**बीजेपी की खासियत को ही हथियार बनाकर चुनावी मैदान में उतरेगी टीम गहलोत**

जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अपनी बेहतरीन और गेम चेंजर मानी जाने वाली योजनाओं पर जनता के बीच एक बहस खड़ी कर चुनावी मैदान में जाना चाहती है। कांग्रेस अब अपनी उपलब्धियों पर चुप नहीं रहेगी, बल्कि लोगों के बीच जाकर बुलंद तरीके से उनके विषय में बात करेगी। अपने अच्छे कामों को लोगों के बीच चर्चा में लाकर चुनाव तक ऐसा माहौल बनाएगी कि लोगों में गुड गवर्नेंस का माहौल बनाया जा सके। कांग्रेस के पॉलिसी मेकर्स का मानना है कि जिस तरह से केंद्र की योजनाओं और फैसलों को भाजपा सोशल मीडिया पर ट्रेंड कराकर माहौल बना रही है, अब उसके पास अपनी सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। इसलिए तय किया गया है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मीडिया हाइप को जवाब देने के लिए कांग्रेस अपने कामों पर जनता में बहस करवाए और उन पर लोगों का ध्यान आकर्षित करें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी अपने नेता-कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को लेकर जनता में ज्यादा से ज्यादा बात करने के लिए कह रहे हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा द्वारा अन्नदान संपन्न




हैदराबाद, 10 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा अन्नदान किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन के नेतृत्व में मोंडा मार्केट स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में बच्चों के साथ भोजन कराया गया। तत्पश्चात बच्चों को गेम खिलाए गए। जीतने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद की सामग्री भी दी गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा के रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा, सुमित्रा सांखला, अनीता सुराणा, कविता मांडण संतोष गुजरानी, संतोष जैन, ललिता लोहार, रिद्धि बोहरा, बबीता, संयम, अनुष्क, वंश, तनिष्क, श्लोक,का सराहनीय सहयोग रहा। शाखा के कोषाध्यक्ष कला गांधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राजगोपाल रेड्डी ने मुनुगोड़े के विकास की उपेक्षा की : मंत्री

